(ii) about the remission of land revenue for 1963-64 in Mahindargarh District due to lack of rain ;

(iii) to declare the Mahindargarh District as famine area ;

(iv) about the retention of Dadri Electricity Sub-Division for the progress of Mahindargarh District."

**श्री बलरामजी दास टंडन** : आपोज़ीशन की तरफ से जो मेम्बर डिबेट ओपन करते हैं उन को ज्यादा टाइम मिलना चाहिये ।

**Mr. Speaker :** He has already spoken for 35 minutes. He can take about 10 minutes more for winding up his speech.

**सरदार गुरनाम सिंह** : स्पीकर साहिब, कल का दिन तो ऐसे ही गया है, गवर्नर के एड्रेस पर discussion ही नहीं हुई । Sir, we started discussion on the Governor's Address at about 5.00 p.m.

**Mr. Speaker :** The hon. Members got much more time yesterday.

**डाक्टर बलदेव प्रकाश** (अमृतसर शहर, पूर्व) : कल अपने एड्रैस में गवर्नर साहिब ने जहां " clean and pure administration is one of the preliminary aims of my Government.... के बारे में कहा है मैं उस के मुतअल्लिक कुछ कह रहा था। स्पीकर साहिब, इस स्टेट के अंदर अगर harassment करना, झूठे मुकदमे बनाना, terror create करना, day to day administration के अन्दर interfere करना और मुख्य मन्त्री और उस के नज़दीकी दोस्त और उस के जो लड़के हैं उन के द्वारा interference होना ही clean and pure administration समझा जाता है तो मैं समझता हूं कि administration बिल्कुल clean और pure है। लेकिन अगर clean और pure administration के कुछ और मानी हैं तो आज इस स्टेट के अन्दर administration चंद लोगों के हाथों में खेल रही है। किसी को कोई इनसाफ नहीं मिलता । इसी सम्बन्ध में मैं कल आप के द्वारा एक केस हाउस में रख रहा था। अमृतसर के अन्दर एक रेत के ठेकेदार को शिकायत थी कि एक लाख 6 हज़ार रुपया नकद payment करके उस ने नहर पर रेत का ठेका लिया। वह रेत निकाल कर नहर के बाहर रखता है। रात को ट्रक आते हैं और उस की रेत को अपने आप भर भर के ले जाते हैं । अगर वह उन को कुछ कहता है तो उस को धमकियां दी जाती हैं । पुलिस के पास जाता है तो वहां case register नहीं किया जाता बल्कि उल्टा उस की डांट-डपट करके उसे वापिस भेज दिया जाता है । स्पीकर साहिब, आप

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

अन्दाजा लगाएं कि जिस आदमी ने इतनी बड़ी रकम की payment करके रेत का ठेका लिया हो; उस की रेत को इस तरह से उठाया जाए तो उस को कितनी परेशानी होगी। और फिर जिस तरीके से ट्रकों द्वारा वहां से रेत उठवाई जाती है उस की भी एक बड़ी दिलचस्प कहानी है। उस के लिये ट्रकों पर भी पैसा खर्च नहीं किया जाता। जो ट्रक पास होने के लिये अमृतसर के ट्रेफिक आफिसर के पास जाता है; वह ट्रक वालों को कहता है कि पहले फलां जगह से रेत उठा कर चार ट्रक रेत के फलां जगह पर पहुंचाओ तब तुम को ट्रक चलाने की इजाजत दी जाएगी। और वह रेत वहां पहुंचाई जाती है जहां सरदार प्रताप सिंह कैरों और उन के लड़कों का सम्बन्ध है। (*Voices of shame, shame from the Opposition*) स्पीकर साहिब, मैं House के अन्दर आंखों देखा हाल बताना चाहता हूं जिस से आप स्थिति की गम्भीरता का अन्दाजा लगा सकें। मैं 9 तारीख को यहां से Citizens Council की meeting attend करके जा रहा था, रात के 11-12 बजे G. T. Road से गुजरा। मैंने देखा कि ठेकेदार और ट्रक वालों का आपस में झगड़ा हो रहा था। ठेकेदार कहते थे कि कौन हो तुम रेत उठाने वाले। उन्होंने कहा कि "सानूं कोई कुझ नहीं कह सकदा, असीं सरदारां दे आदमी हां" मैं ने उन से कहा कि अगर आप को कोई शिकायत है तो आप पुलिस में रिपोर्ट क्यों नहीं कर देते। उन्होंने बताया कि हम तो पुलिस के पास जा जा कर तंग आ गए हैं, परेशान हो गए हैं, कोई शिकायत सुनता ही नहीं। केस को रजिस्ट्र ही नहीं किया जाता। तब मैंने उन्हें कहा कि आप मुझे मिलना। अगले दिन वह मेरे पास आए। मैं ने पुलिस को approach किया। स्पीकर साहिब, आप सुन कर हैरान होंगे कि थाने के पुलिस एस. एच. ओ. इस बात की रिपोर्ट लिखने से भी हिचकिचाते थे। वह कहते थे कि यह काम हम से नहीं होने का। मैंने उन को बताया कि अगर तुम ऐसा न करोगे तो मैं और श्री बलरामजी दास टंडन खुद इस मामला को take up करेंगे। बड़े मजबूर हो कर वह निहायत परेशानी की हालत में वहां पर गए और ट्रक वालों को गिरफ्तार किया। ट्रक वालों से पूछा कि तुम यहां से बगैर इजाजत के रेत क्यों उठाते हो? तब ट्रक वालों ने जवाब में बताया कि हमें मोटर विहकल इन्स्पैक्टर ने कहा कि अगर तुम यहां से चार फेरे रेत के उठाकर ग्वालमंडी कंस्ट्रक्शन वर्कस तक न पहुंचाओगे तब तक तुम्हारा ट्रक पास नहीं होगा और वह कंस्ट्रक्शन वर्कस किस से सम्बन्धित है इसकी बाबत तो मैंने आप को शुरू में ही बता दिया है। आप खुद ही अन्दाजा लगाएं कि जिस सूबे में एडमिनिस्ट्रेशन की यह हालत हो, पुलिस के थानों के अन्दर केसिज़ को रजिस्ट्र न किया जाए, वहां की एडमनिस्ट्रेशन को कैसे pure और clean कहा जा सकता है। तो वह केस पिछले महीने 10 तारीख को मेरे कहने पर रजिस्टर हुआ और उसका चालान हुआ इस महीने की 15 तारीख को और वह भी शायद सवाल करने के बाद ही किया होगा। अब क्या हो रहा है। पुलिस का प्रोसीक्यूशन अफसर लोगों के पास जाकर उनको मजबूर इस बात के लिए कर रहा है कि तुम यह कहो कि रेत खरीदी हुई थी और उसे लाने के लिए अपने ट्रक भेजे हुए थे। इस तरह से डिफैंस के लिए झूठी गवाहियां तैयार की जा रही हैं। यह है ऐडमिनिस्ट्रेशन जिसका गवर्नर साहिब ने अपने भाषण में जिक्र किया है। इतना ही नहीं, स्पीकर साहिब, आप को सुन कर और हैरानी इस बात की होगी कि इस सारे मामले से सम्बन्धित एक चिट्ठी मैंने चीफ़ मनिस्टर

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

साहिब को 15 जनवरी, 1963, को भेजी और कहा कि आप को इस मामले की पूरी तहकीकात करनी चाहिए। (At this stage the Deputy Speaker occupied the chair) उस में मैंने साफ तौर पर लिखा कि इस मामले का कोई पुलिटीकल फायदा न उठाते हुए मैं प्राइवेट तौर पर आप को लिख रहा हूं। कोई public speech नहीं दे रहा। क्योंकि एमरजैंसी के वकत में किसी भी प्रकार से किसी चीज़ का नाजायज़ इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मैंने उस चिट्ठी में उन को सारी details लिखीं। मैंने कहा कि कृपा करके आप उस मामले की पूरी तरह से enquiry कीजिए। वह चिट्ठी मैंने 14-1-63 को registered acknowledgment due लिखी। यह नहीं कह सकते कि वह चिट्ठी इनको नहीं मिली क्योंकि उस रजिस्टरी की acknowledgment due रसीद मेरे पास है। मैं जानता था कि यह कहेंगे कि चिट्ठी ही नहीं मिली, जैसा कि ऐसे अवसरों पर मन्त्रियों की तरफ से आम तौर पर कहा जाता है। इसलिए मैंने इसका पूरा इन्तज़ाम कर रखा था। चीफ मनिस्टर साहिब बडे दावे करते हैं कि मैं corruption से इस सूबे को निजात दिलवा दूंगा। साथ ही गवर्नर साहिब ने भी अपने एड्रेस में बताया कि corruption को check करने के लिए हमारे पास Flying sqauds हैं, Vigilance Department हैं लेकिन आप अन्दाज़ा लगाएं कि जब एक M.L.A. खुद एक रजिस्टर्ड लैटर द्वारा corruption का मामला मुख्य मन्त्री के notice में लाता है, हालात बताता है लेकिन उस पर गौर करने की क्या उस खत को acknowledge करने की भी ज़रूरत नहीं समझी जाती तो वहां corruption को कैसे दूर किया जा सकता है ?

इतना ही नहीं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक प्रश्न ट्रकों की बाबत आया। होम मनिस्टर साहिब ने फरमाया कि उनके नोटिस में नहीं है। हो सकता है कि उनके notice में न हो या उन्होंने अपने notice में लाने की कोशिश ही न की हो। लेकिन यह बात बिल्कुल ठीक है कि जब जब कांग्रेस के जलसे होते हैं उन्हें कामयाब बनाने के लिए सारी administration दौड़धूप में लगी रहती है। खास तौर पर मुख्य मन्त्री के और होम मनिस्टर के जलसों को सफल बनाने के लिए हर कोशिश की जाती है। सरदार दरबारासिंह के जलसों पर चाहे ऐसी बातें न की जाती हों लेकिन जहां मुख्य मन्त्री का जलसा हो, सारे ट्रक थाने में इकट्ठे हो जाते हैं आस पास के गांव से लोगों को उनमें भर भर कर जलसे में पहुंचाया जाता है। Public Relations Department दिन रात कांग्रेस के इन जलसों का propaganda करने में लगा रहता है। क्या यह clean और pure administration है ? जैसा कि मैंने कल कहा था आज administration का एक ही काम रह गया है। लोगों की सेवा करना नहीं बल्कि मुख्य मन्त्री की कुर्सी को बनाए रखना, मुख्य मन्त्री के परिवार को फायदा पहुंचाना और इन के कामों में दिन-रात लगे रहकर अपना credit बढ़ाना। इसके अलावा इस वक्त administration के लिए और कोई काम नहीं है। पहले तो कांग्रेस के दोस्त ऐसी बातों पर कान तक नहीं धरते थे लेकिन अब तो वे भी खुद ऐसी बातों को महसूस करते हैं। एम. एल. ए. होस्टल में हमें बहुत से दोस्तों

को मिलने का मौका मिलता है । वह खुद ऐसी बातें बताते हैं कि सरदार प्रताप सिंह कैरों फलां जगह पर गए, D.C. को बुलाया, कहा कि फलां आदमी पर रौब डालो यह करो वह करो । कांग्रेस के अपने ......

उपाध्यक्षा : कल भी मैंने कहा था कि कांग्रेस पार्टी को बीच में न लाएं । आप एडमिनिस्ट्रेशन तक ही अपनी बात महदूद रखिए । (Even yesterday I had requested the hon. Member not to bring Congress party in discussion. He should confine himself to general administration.)

**डाक्टर बलदेव प्रकाश** : डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले साल गवर्नर साहिब के एड्रैस पर बोलते हुए आपोज़ीशन ने यह चार्ज लगाया था कि हमारी पंजाब सरकार की मशीनरी ने खुल कर कांग्रेस पार्टी के लिये, मुख्य मन्त्री के लिये काम किया । हर जगह direct या indirect तरीके से लोगों पर ज़ोर डालकर कांग्रेस पार्टी को वोटें दिलवाईं । यह चार्ज हमने लगाया था । आज भी यहां पर हम यह चार्ज लगाते हैं कि यहां पर पंजाब के अन्दर सारी की सारी एडमिनिस्ट्रेशन सिर्फ एक आदमी, मुख्य मन्त्री की कुर्सी को बनाए रखने के लिये काम कर रही है । उन्हीं की सेवा करना ही उस का मुख्य काम रह गया है ।

आज जो harassment और terror है यह Democracy के लिए बहुत खतरनाक हैं । किसी मुल्क के अन्दर Democracy पनप नहीं सकती अगर उस मुल्क की तरक्की के लिए, उस के विकास के लिए डर का होना जरूरी समझा जाए । तो मैं समझता हूं कि यह गलत बात है जो यहां हो रही है । अगर हम Democracy को ऊपर उठाएंगे तो हमारे देश का विकास होगा । यह निडरता से होगा, साहस से होगा, अच्छे विचारों से होगा और यह डर से और आतंक से नहीं होगा । और इस तरह से नहीं होगा कि हमें डरना चाहिए क्योंकि अगर हम सच बोलें तो हमारा नुकसान हो जाएगा । मैं हाउस के सदस्यों से appeal करूंगा कि जो हकीकतें मैंने इन के सामने रखी हैं इन पर विचार करें । आप जनता के नुमायंदे हैं, आप के शरीर में आत्मा है । क्या आप को अपनी आत्मा की आवाज़ सुनाई नहीं देती । आप को किसी permit के लिए या किसी और डर के लिए अपनी आत्मा की आवाज़ को दबाना नहीं चाहिए और जो जनता की आवाज़ है वह यहां रखनी चाहिए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक बात मैं अपने मंत्रीगण से भी कहना चाहता हूं कि आज़ादी मिलने के बाद हमारे लोगों का इखलाकी standard वह नहीं है जो कि दूसरे आज़ाद मुल्कों के लोगों का हुआ करता है । आज यहां पर हर आदमी की कीमत डाली जाती है । किसी को मंत्री का पद देकर खरीद लिया जाता है, किसी को और लालच दे कर उस की जो basic quality होती है उस को exploit करने की कोशिश की जाती है । आज इस तरह की मनोवृति यहां चल रही है । यह मनोवृति Democracy को खत्म कर देगी । मुख्य मन्त्री का यह फर्ज़ बनता है क्योंकि वह State के मुख्य मन्त्री हैं, कि वह जनता में जो qualities हैं उन का विकास करें जो कि सूबे के लिए फायदेमन्द साबत हों ।

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

एक बात और, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप के जरिए यहां सदन के notice में लाना चाहता हूं और वह यह है कि आज सूबे के अन्दर unemployment बहुत हो गई है और इतनी unemployment है कि इस का अन्दाज़ा नहीं लग सकता, खास तौर पर अब जो नए Gold Control Rules बने हैं इन की वजह से बहुत से लोगों के काम बन्द हो गए हैं । और इस का असर खास तौर पर labour class पर बहुत बुरा पड़ा है यानी जो सुनार हैं या जो गहने polish करने का काम करते थे या वह जो सोना साफ करने का काम करते थे वह बेकार हो गए हैं। यह सुनार लोग जो तीन चार रुपये रोज की मेहनत कर लेते थे और अपने बाल बच्चों का पेट पाल लेते थे उन के परिवारों की तादाद लगभग दो लाख के करीब पंजाब में है, वे सब बेकार हो चुके हैं, और गवर्नर साहब के Address में इन लोगों के लिये एक लफ्ज़ भी नहीं लिखा गया। कहा यह जाएगा कि यह तो केन्द्र का मसला है। गृह मन्त्री note लिख रहे हैं। मुझे पता है कि debate का जवाब देते वक्त वह यही कहेंगे कि यह तो केन्द्र का मसला है । लेकिन मैं उन से पूछता हूं कि यह जो परिवार सोने के गहने बनाने वाले हैं, जो यहां पर रहते हैं, क्या उन को आप केन्द्र में भेजेंगे। उन को काम में तो आपने लगाना है। जो Gold Control Board के Directors हैं उन्होंने तो कह दिया है कि इन लोगों को काम देने के लिये उन्होंने State Governments को लिख दिया है कि वे उन को काम पर लगाने के लिये बहुत जल्दी कोई न कोई इन्तज़ाम करें । अगर Board ने कुछ हिदायतें भेजी हैं तो State Government को इस तरफ कोई कदम उठाना चाहिए था और अगर नहीं भेजीं तो हमारी सरकार को उन्हें कुछ कहना चाहिए था लेकिन हमारी सरकार बिल्कुल चुप बैठी है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस सिलसिले में मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे मंत्री महोदय बोलते हुए यह कहेंगे कि हमारी एक Welfare State है । Welfare State का मतलब हिन्दी में होता है लोक कल्याण राज्य यानी सरकार लोगों के कल्याण के लिये बनी हुई है और यह Welfare State के मंत्री हैं जिन्हें यह भी मालूम नहीं कि पंजाब के अन्दर कम अज़ कम दो लाख ऐसे आदमी भी बसते हैं जिन के लिये रात की रोटी मिलनी भी मुश्किल हो गई है और वे लोग अपने घरों के बरतन बेच बेच कर रोटी खा रहे हैं । कोई तो तंग आ कर रिक्शा चलाने लगा है और दूसरे ऐसे ही और काम करने लगे हैं। अगर यह Welfare State के मंत्री होते तो यह उन की बेहतरी के लिये सोचते और इन्हें रात को नीन्द भी नहीं आनी चाहिए थी। लेकिन इन्हें कोई फिक्र नहीं है और उन बेचारों की हालत यह हो रही है कि वह रिक्षा खींच रहे हैं यानी आदमी को आदमी खींच रहा है। यह कहेंगे कि वह शौक से रिक्षा चला रहे हैं । मैं पूछता हूं कि क्या कभी किसी मंत्री ने कभी शौक से रिक्क्षा चलाई है। यह तो उन के पेट की आग उन से यह काम करा रही है । जब पेट की आग इतनी बढ़ जाती है तो वह ऐसे काम करने लगते हैं। यह ठीक है कि उन को रोजगार देना एक बहुत बड़ा मसला है और सरकार के लिये इस को हल करना भी मुश्किल है लेकिन मैं पूछता हूं कि क्या सरकार ने इस बारे में

कोई काम किया है ? मैं कह सकता हूं कि अभी तक सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी ।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक बात मैं Purchase Tax के बारे में कहना चाहता हूं और Temporary Tax के बारे में कुछ अर्ज़ करूंगा जिस के बारे में गवर्नर महोदय ने अपने Address में कहा है कि उस से हरिजनों की हालत को ऊंचा उठाया गया है। इस की हालत यह है कि सरकारी कर्मचारी शहरों के हरेक आदमी को कागज़ दे गए हैं कि उन पर 28,28 रुपये Professional Tax लगा दिया है चाहे वह नाई है, चाहे लोहार है, चाहे धोबी है, चाहे बूट पालिश करता है । जो भी ऐसा कोई काम करता है और मुश्किल से 1½ या दो रुपये सारे दिन में कमा सकता है उस को 28 रुपये professional Tax के तौर पर जमा कराने का order दिया गया है। हालांकि जब यह Temporary Taxation Bill पास हुआ था तो उस वक्त सरकार ने Professional Tax से 150 रुपये से कम मासिक आमदनी वालों को exempt किया था लेकिन जब इस के लगाने का वक्त आया तो यह सब पर लगा दिया गया और इस बात का लिहाज़ नहीं किया गया कि उस की आमदनी कम है या ज्यादा । और वह बेचारे कहते हैं कि हमारी आमदनी 150 रुपये माहवार से कम है तो उन की कोई सुनवाई नहीं होती और उन्हें कहा जाता है कि हिसाब किताब दिखाओ। आप ज़रा अन्दाज़ा लगाएं कि क्या पवकौड़े बेचने वाला या आलू-छोले बेचने वाला हिसाब किताब रखता है या रख सकता है । उन से कहा जाता है कि हिसाब किताब लाओ और उन से अपनी आमदनी का register मांगा जाता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह हालत State की हो चुकी है। (घंटी की आवाज़) बस जी, मैं दो चार लफ्ज़ purchase Tax पर कह कर बैठ जाऊंगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्होंने जो 6 per cent purchase tax लगाया है इस से सूबे की जो industries हैं वह खत्म हो रही हैं । इस की वजह से यह तबाह हो जाएंगी । आप सुन कर हैरान होंगे कि यह सिर्फ छोटी industries पर लगा है और जो बड़ी industries वाले हैं जो सीधा माल मंगवाते हैं उन पर यह tax नहीं लागू होता । यानी जो चार या पांच looms लगा कर काम कर रहे हैं उन से यह tax वसूल किया जा रहा है यानी जितना माल वह खरीद करते हैं उस पर उन्हें 6 per cent देना पड़ता है और इस के अलावा 4 per cent उन्हें inter State tax देना पड़ता है और 6 per cent एक और tax देना पड़ता है। यानी उन्हें in all 16 per cent tax देना पड़ता है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह छोटी scale की industries का हाल हो रहा है जिन के लिये सरकार कहती है कि यह उन्हें बहुत बढ़ावा दे रही है । बात असल में यह है कि यह उन की तबाही करने के लिये तुली हुई है। इस लिए मैं इस सरकार को चेतावनी देता हूं कि अगर यह purchase tax न हटाया गया तो हमारी State में छोटी industries तबाह हो जाएंगी । मैं आप द्वारा यह निवेदन करना चाहता हूं कि यदि सरकार इस सूबा की बेहतरी करना चाहती है तो यह पार्टी बाज़ी को छोड़े और सूबे की बेहतरी की तरफ ध्यान दे । आज इस State पर और हमारे

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

देश में जो संकट बना हुआ है उस का मुकाबला हम सब एक हो कर करें। इस का जो नतीजा होगा वह हमारी आंखों के सामने है। मगर जो ज़हनियत आज सूबे में दिखाई दे रही है, जिस की ओर बहुत से मेंम्बर साहिबान ने इशारा भी किया है और जिसे स्पीकर साहिब ने भी स्वीकार किया है कि आज स्टेट के अन्दर यह ज़हनियत काम कर रही है। तो यह ज़हनियत देश को कहां ले जायगी इस का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। आज चाहे कोई आपोज़ीशन वाला हो या दूसरी तरफ का यह सब का फर्ज़ बनता है कि इस ज़हनियत को इस राज्य से खतम किया जाए और हम इस को खत्म कर के रहेंगे। (*Cheers*)

**बाबू बचन सिंह** (लुध्याना, उत्तर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, गवर्नर साहिब ने अपने ऐड्रैस में जो रोशनी ऐमरजैंसी पर डाली है उस का credit सरकार को जाता है और मैं इस को उस का credit देने में हिचकिचाउंगा नहीं। यह एक हकीकत है कि इस ऐमरजैंसी के वक्त में पंजाब ने एक बड़ा शानदार response दिया है। इस के लिए हमारी सरकार, असैम्बली और तमाम पंजाब मुबारकबाद का मुस्तहिक है। अगर पंजाब से ऐसा response न होता तो मुझे मायूसी होती क्योंकि उस से यह साबत होता कि हमारे देश के लोगों को democracy से प्यार नहीं है। अगर एक democratic सरकार अपने इख्तयारात का जायज़ इस्तेमाल करती है तो मैं दो साल चार साल तक इंतज़ार कर सकता हूं कि उस के मुकाबिले में एक अच्छी सरकार बने मगर मैं यह बरदाश्त नहीं कर सकता कि इस देश में एक डिक्टेटरशिप कायम हो जाए। मगर मुझे इस बात का दुख है कि हम दावा तो डेमोक्रैसी की हिफाजित करने का करते हैं मगर कायम हम डिक्टेटरशिप कर रहे हैं। जितना नाजायज़ फायदा पंजाब सरकार ने डिफैंस आफ इंडिया का नाम ले कर, ऐमरजैंसी का नाम ले कर और चीन का नाम ले कर उठाया है उस से मेरा सर नदामत से झुक जाता है कि हम संकट के समय में भी इस में ज़िम्मेदारी का फुकदान है। यह जो चीन का मामला है यह सतही नहीं है। मैं ने इस सारी हालत पर गौर किया है और मैं महसूस करता हूं कि यह बात चंद दिनों में खत्म होने वाली नहीं है और अगर कोई यह समझता है कि इस मौके से वह नाजायज़ फायदा उठा सकता है तो वह नादान है और वह खुद भी डूबेगा और देश को भी ले डूबेगा। मैं समझता हूं कि इस वक्त हमारा सब से बड़ा दुशमन अगर कोई है तो वह unclean administration है जिस की वजह से लोग निरुत्साह होते हैं। मैं इस को चीन से भी बड़ा दुशमन समझता हूं। (Thumping by Opposition Benches) अगर इस देश के लोगों ने किसी बेरूनी दुशमन से लड़ना है तो वह किसी चीज़ की हिफाज़त के लिये ही तो लड़ना है। जिस तरह से जब राम जी को बनवास हुआ तो मन्थरा ने कहा था कि चाहे राम गद्दी पर बैठे या भरत बैठे मैं ने तो गोली की गोली ही रहना है। इसी तरह से अगर लोगों से बेइन्साफी होती है, अन्याय होता है, अत्याचार होता है तो उन को इस बात में दिलचस्पी नहीं रह जायगी कि यह देश आज़ाद रहे या न रहे। मैं डरता हूं कि कहीं हमारे साथी ऐसे हालात यहां पैदा न कर दें। मुझे गवर्नर साहिब के ऐड्रैस में यह बात पढ़

कर बड़ी खुशी हुई कि सरकार का aim एक clean और pure administration को चलाना है। मगर मैं आप के सामने एक स्कैंडल पेश करने लगा हूं कि जिसे सुन कर आप सब हैरान रह जायेंगे। जनवरी को श्री बी. बी. वोहरा के दस्तखतों से एक Gazette Extraordinary शाया हुआ जिस के ज़रिये Punjab Market Produce Act के रूल्ज़ में कुछ तरमीम की गई। यह अमैंडमैंट मेरे पास है और मैं लाइब्रेरी से लाया हूं। मुझे दुख है कि इस का भी नाजायज़ फायदा उठाया गया है। इस में एक तो हैं चीफ मिनिस्टर साहिब के लिये इलैक्शन के दौरान में तरनतारन में उन के लिये काउंटिंग एजैंट का काम करने वाले और दूसरे हैं साबका स्टेट मिनिस्टर श्री यश जी के ब्यज़ एजैंट। इन दोनों में एक unholy alliance हुआ है। जो साहिब काउंटिंग एजेंट का काम करते रहे थे उन को पिछले दिनों मार्किटिंग बोर्ड का चेयरमैन बना दिया गया। उन्होंने क्या किया? जनाब, एक मुकामी रोजाना अखबार है जिस का नाम है 'रोहजन' और जिस की कोई इशायत नहीं है उस की मुझे एक के बाद दूसरी, दूसरे के बाद तीसरी इस तरह से दस कापियां मिल सकी हैं। उन सब में एक ही मज़मून शाया कराया गया है और वह इश्तिहार इस गज़ट की हू बहू नकल है। कहीं तरजमें में कोई गलती हो गई हो तो बात अलहदा है वरना यही चीजें उस में हैं। और इस इशितहार का एक एक का 400, 400 रुपया लिया गया है। (आपोज़ीसन की तरफ से शेम, शेम की आवाजें) इस तरह से उस को पैसा दिया गया है मुझे जो कापियां मिल सकीं हैं उन में पहले 20 जनवरी को, फिर 23 जनवरी को, फिर 30 जनवरी को, फिर 3 फरवरी को, फिर 7 फरवरी और उस के बाद 10 फरवरी के 'रोहजान' और फिर 14 फरवरी के, 'रोहजान' में यह इश्तिहार छपा है।

**चौधरी देवी लाल** : क्या नाम है अखबार का? रिश्वतखोरी की तरफ रोहजान?

**बाबू बचन सिंह**: रोहजान किस तरफ है इस का आप अन्दाजा लगा लें। इस एक एक इश्तहिार का 400, 400 रुपया दिया गया है। और यह उसी गज़ट की कापी है। यह मार्किटिंग कमेटी के चेयरमैन की तरफ से दिया गया है। इश्तिहार के नीचे लिखा है दस्तखत बी. बी. वोहरा, सैक्रेटरी, पंजाब गवर्नमैंट, ऐग्रीकल्चर डिपार्टमैंट और अलमुश्तिहर लिख कर चेयरमैन मार्किट कमेटी बरनाला, बठिंडा, बहादुरगढ़, संगरूर वगैरह लिखा है। इन की तरफ से इश्तिहार दिया गया है। क्या कभी किसी ने गज़ट को इस तरह से इश्तहिर दे कर पैसे कमाने का तरीका इख्तियार किया है? यह अखबार लुध्याना से निकलता है। यह मैं मेज़ पर रखता हूं। यह एक clean ऐडमिनिस्ट्रेशन का तरीका है और मेरे पास इस बात की इतलाह है कि इस बात का कुछ लोगों ने फैसला किया कि इस तरह से 50 हज़ार रुपया कमाया जाए। मेरे पास उसी अखबार का 26 तारीख का रिपब्लिक डे नम्बर है, इसमें उन्हीं मार्किट कमेटियों की तरफ से बैलेंस शीट्स छापे गए और वह भी एक एक सफे पर जिसके लिए ज़रूरत से ज्यादा रेट वसूल किए गए। इसी तरह से खन्ना मारकेट कमेटी की तरफ से यह एक इश्तहार उतने ही साइज़ का दिया गया, जिसमें बाई लाज़ की तरमीम की है। इसके बाद 10 दिन के अन्दर ऐतराज़ मांगे गए। अगर इस किस्म के इश्तहार कोई कमेटी छपवाती तो कोई ऐतराज न था लेकिन जब गवर्नमैंट के गज़ट में यह चीज़ें छापी जाती हैं तो मुझे बड़ा अफसोस होता है। (विघ्न)

[डिप्टी स्पीकर ]

**उपाध्यक्ष** : आप ज़रूरी बातें कहें बाबू जी, वरना आपकी काम की बातें रह जाएंगी। (The hon. Member may only say what is important otherwise there would be no time for him to discuss important matters.)

**बाबू बचन सिंह** : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मार्केट बोर्ड के चेयरमैन का एक खास ओहदा है, जिसकी एक खास हिस्ट्री है। यह ओहदा कभी ऐग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के ज्वाइंट डाइरैक्टर के रैंक के अफसर से कम अफसर को नहीं दिया गया लेकिन इस दफा एक खास मकसद के लिए और उस आदमी के लिए आज कल इस मारकेटिंग बोर्ड का चेयरमैन है, ऐक्स गवर्नर गाडगिल साहब को कहा गया था कि इनको यह ओहदा दिया जाए, लेकिन मिस्टर गाडगिल ने इस काम में पार्टी बनने से इनकार कर दिया। पर उनके चले जाने के बाद यह काम हुआ। और इस साल के शुरू में जब हम गवर्नमैंट को मुबारिकबाद का तार दे रहे थे कि सरदार साहब, आपने बहुत अच्छा किया कि एक फौज को घटा दिया लेकिन उसी वक्त जब वह तार पहुंचा होगा तब ठीक उसी वक्त यह स्कैंडल हो रहा होगा। मैं आप से यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि आया गवर्नमैंट इस किस्म के मामलात की पूरी इन्क्वायरी करेगी और उसकी रिपोर्ट हाउस के सामने रखेगी ?

इसके बाद, डिप्टी स्पीकर साहबा, मैं आप से यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस एड्रैस में यह कहा गया है कि पैदावार को बढ़ाना उतना ही ज़रूरी है जितना कि जंगी कोशिशों को जारी रखना। लेकिन मैं निहायत अफसोस के साथ कहता हूं कि जितना इस गवर्नमैंट ने हमारे सूबे के किसानों के साथ ज़ुल्म किया है ऐसा ज़ुल्म दुनिया का कोई दुश्मन भी नहीं कर सकता। 1955 से पहले जितनी ड्रेन्ज पंजाब गवर्नमैंट ने बनाई उनमें से अक्सर वह ड्रेनें थी जो आज़ादी मिलने से पहले यूनियनिस्ट गवर्नमैंट ने बनाईं थीं और वह ड्रेनें 800 मील के करीब हैं जो बाकायदा कम्पलीट हैं व उनकी maintenance के लिए इन्तज़ाम मुकम्मल है। उसके बाद हमारी सरकार ने 200 मील के करीब ड्रेनज़ तैयार की हैं लेकिन आज तक उसमें से किसी एक ड्रेन को भी कम्पलीट होने का सर्टीफिकेट नहीं मिला। और यही वजह है कि इस दफा बारिश ने जितना नुकसान किया है वह उन ड्रेन्ज़ की वजह से हुआ है जो कम्पलीट नहीं थीं। मेरे अपने ज़िले में एक ड्रेन बनाई गई जिसका नाम जसोवाल ड्रेन है। उसके नैचुरल बहाव को छोड़कर ऐसी जगह से गुज़ारा गया कि जिसका यह नतीजा हुआ कि जब फ्लडज़ आए तो पानी ने पिछली तरफ मार करना शुरू कर दिया। और उन ड्रेन्ज़ को क्यों इस तरह से बनाया गया उसकी वजह यह थी कि जहां से उसका नेचुरल flow था उस जगह वज़ीरों के आदमियों की ज़मीनें थीं, और अगर ड्रेन उस जगह बन जाती तो उनको नुकसान होता था, इस लिए उनकी ज़मीनों को बचाने के लिए unnatural flow की तरफ उनका बहाव कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि जब बारिश हुई तो ज़बर्दस्त बाढ़ आ गई। इसी तरह एक बसियां ड्रेन है उसके out fall का कोई इंतज़ाम नहीं है। इस लिए इसका भी नतीजा यह हुआ कि रायकोट के कस्बे से आगे वह पानी फैल गया और यहां तक नोबत आ गई कि गोलियां चलने तक की

तैयारी होने लगी । इसका कारण यह था कि लुधियाना डिस्ट्रक्ट का पानी संगरूर डिस्ट्रिक्ट में जा रहा था और संगरूर डिस्ट्रिक्ट वाले उसको रोक रहे थे । और इसकी जिम्मेदारी किस पर थी ? उन लोगों पर जिन्होंने ड्रेन को कम्पलीट नहीं किया । और, डिप्टी स्पीकर सहिबा, फलड्ज के दिनों में सबसे ज्यादा havoc तो चन्द्रभान ड्रेन से create हुआ है । जहां तक मेरी नालिज है, उसके मुताल्लिक यह कहा जा रहा है कि उसमें 2300 क्यूजक्स का flow हो गया यानी एक नहर से भी ज्यादा flow हो गया । लेकिन अभी तक उसका out flow नहीं बनाया गया ।

यह जो ड्रेन्ज़ हैं, इनके लिए सन् 1955 से लेकर आज तक कोई रुपया maintenance के लिए नहीं रखा गया । आप, डिप्टी स्पीकर साहबा सुन कर हैरान होंगी और दुःखी भी होंगी कि पंजाब का Second Five-Year Plan जिसके लिए सरकार को बड़ा नाज़ है कि सरकार ने बहुत काम किया, उसका यह हाल है कि 1955 से लेकर 1962 तक जो flood आए हैं उन में $1\frac{1}{2}$ अरब रुपये से ज़्यादा नुकसान हुआ है । यह नुकसान किसानों और दिहातवालों का हुआ है । सरकार यह दावा करती है कि हम ने यह achievement की है लेकिन मैं पूछता हूं कि आप ने दिहात के लोगों के लिए क्या किया है ? किसानों के लिए क्या किया है ? जब $1\frac{1}{2}$ अरब रुपए का floods में नुकसान हो गया है तो आप की development कहां रह गई । इसी House में हमारे आरेबल डा. गोपी चन्द ने बयान दिया कि 1962 में floods से 3 लाख मकान गिर गए । 3 लाख मकान जहां पर गिर गए हैं तो सरकार ने उन को relief के लिए कितना रुपए दिए ? सरकार ने इन के relief के लिए 77 लाख रुपए दिए । जब relief बांटने के लिए अधिकारी गावों में गए तो किसानों से इन अधिकारियों ने ज़बर्दस्ती ही दस्तखत करा लिए है कि हमें इन रुपयों की ज़रूरत नहीं है । यह रुपए war fund में भेज दिए जाएं । और कितने रुपए वापिस ले आएं हैं मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार ने सही मायनों में कितना relief दिया है, इन्होंने अन्धों और कोढ़ियों से भी war fund के लिए रुपए वसूल किए हैं और फख्र करते हैं कि लोगों ने war fund देने के लिए बड़ा उत्साह दिखाया है, लेकिन गवर्नर साहब ने खुद अपने भाषण में बताया है कि 2 करोड़ रुपए तो पंचायतों ने ही war fund के लिए दिए हैं, Market Committee ने 50 लाख रुपए से ज्यादा दिया । Co-operative Societies से भी लिया गया । वह क्या था ? वह सिर्फ book account transfer ही था, इसके अलावा आप के पास कुछ नहीं था । (Interruption by the Irrigation and Power Minister.)

**उपाध्यक्षा** : आप क्यों उलझते हैं ? आप अपनी बात कहें । (Why does the hon. Member get restive ? Let him speak what he wants to say.)

**बाबू बचन सिंह** : डिप्टी स्पीकर साहिबा, वह खुद मान जाएंगे कि जब से कांग्रेस सरकार बनी है तब से मर्ज़ बढ़ता गया जूं जूं दवा की । हर साल सेम और थूर से ज़मीन की तबाही बढ़ती जा रही है और सरकार ने इस मर्ज़ को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए हैं ।

[बाबू बचन सिंह]

मगर हालत यह है कि 40 लाख एकड़ ज़मीन thur and sem के नीचे आ गया है, वजीर साहिब मानेंगे कि 2 करोड़ एकड़ ज़मीन जेरे काश्त है और उस में से 90 लाख एकड़ का रक्बा thur and sem के नीचे आ गया है, और बहुत सा रक्बा ऐसा है जो सेम के खतरे में आ गया है। तो बाकी क्या बचा? 90 लाख एकड़ ज़मीन सेम के नीचे आ गई है या आने वाली है। आप अन्दाज़ा लगाए कि किसानों को कितना नुक्सान हो रहा है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप की विसातत से अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो रुपए उन्होंने sem and thur की नालियों के लिए रखा है उस की भी एक बहुत दिलचस्प बात है, वह यह है कि इन्होंने किसी को भी completion certificate नहीं दिए हैं। आप कहेंगे कि वह नालियां complete नहीं हुई होंगी। मैं सरकार से पूछता हूं कि इन देहातों की भलाई के लिए sem नालियां बनाई गई हैं मगर एक गांव में भी किसी सेम नाली पर पुल नहीं बनाए हैं, क्या वह नालियां लोगों के डूबने के लिए बनाई गई हैं ?

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं industry के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं, Industry के साबका मिनिस्टर पंडित मोहन लाल यहां पर बैठे हुए हैं। उन्होंने फरमाया था कि पंजाब की हालत बहुत अच्छी है इंन्टस्टरी में तरक्की हो रही है Industry में क्या तरक्की हो रही है ? इन को industries के बारे में काफी तजरुबा है, मैं industries के मुतअल्लिक Ludhiana की बाबत कह सकता हूं, जो पंजाब का सब से बड़ा industrial city है। वहां पर न pig iron मिल रहा है, न कोक (coke) मिल रहा है, ईंटें मिल रही और न ही cement मिल रहा है, कोई ऐसी बात नहीं जिस से कह सकें कि सरकार ने industries की तरक्की के लिए कोशिश की है। Industrialists तो कहेंगे कि पंजाब की हालत अच्छी है और चाहे बाकी सब मर जाएं। पंडित मोहन लाल industries के पुराने वज़ीर हैं उन्होंने कोशिश की कि पंजाब में भठ्ठे वालों के लिए काला कोट के कोयले का इंतज़ाम करें लेकिन इन को कोयले की दलाली में हाथ मुंह काला करने की बजाए और क्या हुआ। यह कहा गया कि 30 हज़ार टन कोयला लाएंगे। कुछ गाड़ियां भेज दी गईं और गाड़ियां गई लेकिन भठ्ठे वालों ने कहा कि हमें यह मुनासिब rate पर नहीं मिलता। फिर कहा कि वहां पर ट्रक छोटे चलते हैं। जम्मू में बड़े ट्रकों से लाना पड़ता है, इसका नतीज़ा क्या निकला ? फिर कहा कि बिहार से बरौणी के रास्ते से कोयला आ रहा है, लेकिन पता नहीं कि कहां पर रह गया, शायद Northern Eastern Railway लाइन पर हादसा हुआ था उस की वजह से कहीं पर रुका हुआ हो, हालत यह है कि Ferozepur District के डिप्टी कमिश्नर ने statement दी। सारे फिरोज़पुर ज़िले में 175 भट्ठों में से 25 भट्ठे चल रहे हैं। लुधियाना में 154 में से 50 भठ्ठे चल रहे हैं। (*Interruption*) वहां पर industry की हालत खराब है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरकार ने Improvement Trusts बनाए हैं, जो Government की अपनी report के मुताबिक सिवाय अमृतसर के बाकी सब जगह सफेद हाथी साबित हुए हैं। वह सब तनखाहें और भत्ते लेते रहे। काम नहीं किया, कागज़ों

पर schemes बनाई लेकिन काम नहीं हो रहा, उन को अमल में नहीं लाया जा रहा है। अगर कोई वज़ीर साहिब बता दे कि Ludhiana की Improvement Trust ने और दूसरी Improvement Trusts ने कोई अमली काम किया हो तो मैं इन का मश्कूर हूंगा। इन बातों के जिये फख्र करते हैं। हालत यह है कि आपोज़ीशन वालों ने इस सरकार को

4 p.m. | गैर मशरूत तौर पर इमदाद की लेकिन उस का नतीजा यह निकला कि जिस भी काबिल से काबिल आदमी ने उन की तरफ दस्ते तआव्वुन बढ़ाया उस को ठुकरा दिया गया हमें दुख है कि जितना नाजायज़ फायदा पिछले चार महीनों में सरकार ने और रूलिंग पार्टी ने emergency का उठाया है, उस का अंदाज़ा नहीं लगाया जा सकता। मेरा ख्याल है कि अगर वही atmosphere कायम रहता जो उस दिन था जिस दिन Legislators' Consultative Committee बनाई गई थी तो मैं लाज़मी तौर पर सरकार को मुबारकबाद देता। 20 नवम्बर को जब पहली मीटिंग हुई तो पंजाब के चीफ मिनिस्टर सरदार प्रताप सिंह ने कहा कि भाइयो मैं आप की co-operation चाहता हूं। मुझ से गलतियां हो सकती हैं, मेरी गवर्नमैंट से गलतियां हो सकती हैं और मेरी पालिसी में भी गलतियां हो सकती हैं लेकिन आज उन गलतियों की तफसील में जाने और उन पर बहस करने का सवाल नहीं है। आज मुल्क की हिफाज़त का सवाल है। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली जा रहा हुं आप की तरफ से क्या पैगाम ले जाऊं? हम ने बयक ज़बान कहा कि हम बतौर पंजाबी के सब एक हैं और मुल्क की हिफाज़त के लिये सब कुछ कुर्बान करने के लिये तैयार हैं। लेकिन आज जगह जगह पर लोगों में बेचैनी है, रोष है और दुख है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अभी emergency खत्म नहीं हुई, अभी चीन का खतरा दूर नहीं हुआ, अभी पाकिस्तान के इरादे बदले नहीं हैं और अभी हिन्दोस्तान खतरे में है। हम यकीन दिलाते हैं कि अगर नेक नियती से और इमानदारी से अपने मुल्क की हिफाज़त के लिये हमारा तआव्वुन चाहोगे तो हम गैर मशरूत तौर पर अपना तआव्वुन देंगे। लेकिन अगर नाजायज़ फायदा उठाना चाहोगे तो हम तैयार नहीं है। आपोज़ीशन ने जिस जोश और उत्साह के साथ बीस नवम्बर को अपना तआव्वुन सरकार को पेश किया था, आज जो बद इन्तज़ामी सूबे में चल रही है, जिस unclean और unholy तरीके से सरकार का काम चल रहा है, आपोज़ीशन महसूस करती है और उसी उत्साह और जोश से सरकार को warning देना चाहती है कि अगर हालात को सुधारने की कोशिश नहीं की तो यह emergency का खतरा हम को और आप को ले डूबेगा। कुछ मोटी मोटी बातें गवर्नर के एड्रेस में क्रेडिट लेने के लिये लिख दी गई हैं। जब तक आप आपोज़ीशन का और पब्लिक का तआव्वुन नहीं लेंगे आप कामयाब नहीं होंगे। मैं नेक नियती और खलूसदिली से महसूस करता हूं कि इस वक्त internal झगड़ों का वक्त नहीं है internal तौर पर किसी प्रकार का फायदा उठाने का वक्त नहीं है। इस वक्त दूर अंदेशी से मिल कर काम करने की ज़रूरत है। मैं ने जो बातें कहीं वह दुख भरे दिल से कहीं हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि गवर्नमैंट मेरी spirit को appreciate करेगी और हालात सुधारने की कोशिश करेगी। अगर यही लीलो निहार रहे तो इस से पंजाब का सत्यानाश हो जाएगा और हमारे लिये बायसे निदामत होगा।

**श्री रूप सिंह फूल** (हमीरपुर S.C.) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, गवर्नर महोदय ने इस सदन में अपना एड्रेस पेश किया और उस के बारे में बहुत से आनरेबल मैम्बर साहिबान बहस कर रहे हैं और अपने अपने विचारों का इजहार कर रहे हैं। मैं उन बातों का ज़िक्र नहीं करूंगा जो कि आनरेबल मेम्बर साहिबान पहले कह चुके हैं बल्कि दूसरी बातें कहुंगा। जैसा कि इस एड्रेस से ज़ाहिर है यह एक सुहावनी तस्वीर है जिस में कि पंजाब गवर्नमैंट की achievements का वर्णन है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, तस्वीर के दो पहलू होते हैं, एक रौशन और दूसरा तारीक। मेरा फर्ज़ हो जाता है कि मैं पहले रौशन पहलू को लूं और उसके बारे में कुछ कहूं। यह बात और मेम्बरान भी फरमा चुके हैं कि हम सब इस बात पर पंजाब सरकार को और खासकर चीफ मिनिस्टर को बधाई देने से नहीं रह सकते कि जिस शिद्दत के साथ और जिस सरगर्मी के साथ उन्होंने war efforts को intensify किया वह बहुत ज्यादा सराहनीय है। और इस लिहाज़ से पंजाब स्टेट हिन्दुस्तान भर में नम्बर एक पर रही है। न केवल यहां के बहादुर सिपाही और अफसर नीफा और लद्दाख के fronts पर लड़ते रहे बल्कि जहां तक National Defence Funds की collection का ताल्लुक है सारे पहन्दुस्तान में पंजाब lead ले रहा है। इस तरह से दीगर मामलात में भी जहां तक जंग का ताल्लुक है हम नम्बर एक पर हैं। एक बात और है कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने मिनिस्टरी के साईज़ को reduce करने में पहल कर के सारे हिन्दुस्तान कोशीशा दिखा दिया है। वज़ारत एक गैर मामूली तौर पर तूल पकड़ गई थी, पता नहीं किन हालात के पेशेनज़र, लेकिन जब मेम्बरान की तरफ से अर्ज़दाश्त पेश की गई तो उन्होंने उस को मान लिया और अपनी मिनिस्टरी को छोटा कर दिया। कहां 31 वज़ीर और कहां पर सात आठ रह गए हैं। (इस समय श्री अध्यक्ष ने कुर्सी सम्भाली)। इस के लिये भी मैं पंजाब सरकार को और चीफ मिनिस्टर साहिब को बधाई देना चाहता हूं। इस बारे में मेरा एक रेज़ोल्यूशन भी आ रहा है। एक और बात है जिस में कि पंजाब स्टेट तमाम हिन्दुस्तान भर में एक मिसाल कायम कर रही है। वह है कोआप्रेशन और कन्सालीडेशन का फील्ड। साथ ही जहां तक तामीरी कामों का सम्बन्ध है, मैं समझता हूं कि जो उत्साह पंजाब सरकार और पंजाब के लोगों ने दिखाया, इन तीनों शोबाजात में, कोई और स्टेट नहीं दिखा सकेगी। मगर चंद एक ऐसी बातें हैं जिन का वर्णन करना ज़रूरी था लेकिन उन का ज़िक्र एड्रेस में नहीं किया गया।

सब से पहले मैं Judiciary और Executive के मुताल्लिक चंद बातें पंजाब कैबिनेट के नोटिस में लाना चाहता हूं। Constitutionally the Government is bound to separate these two Departments. लेकिन इस की वजह मालूम नहीं होती कि चंद इज़ला में तो यह तजरुबा किया जा रहा है और चंद इज़ला को इस तजरुबे से महरूम किया जा रहा है। इस से पब्लिक को इनसाफ नहीं मिलता। Judiciary को Executive से अलहदा किया जाना चाहिये। बारहा जब भी बजट सैशन आता है तो चीफ मिनिस्टर, होम मिनिस्टर गोया कैबिनेट का ध्यान इस ओर दिलाया जाता है। मगर फिर भी तमाम इज़ला में Judiciary

को Executive से जुदा नहीं किया जाता और यही कारण है कि पुलिस अफसरान अपने मन मानी कार्यवाहियां करते हैं और बहुत से झूठे मुकदमे बना कर सज़ा दिलवा देते हैं क्योंकि Executive का डंडा मैजिस्ट्रेटों पर भी होता है । Indian Evidence Act के दफा 27 का ज़िक्र पहले भी किया जा चुका है। इस दफा का बहुत misuse किया जाता है खास कर Arms और Excise के cases में इस का बहुत misuse होता है। किसी के घर में बोतल रख दी जाती है और किसी के घर में बंदूक का कोई पार्ट रख दिया जाता है। जिस के साथ कोई बैर हो उस को फंसा कर सज़ा दिलवा दी जाती है। जहां पर दो शहादतें मिल गईं उन की बिना पर सज़ा दे दी जाती है। अगर executive और judiciary को जुदा कर दिया जाए तो मैं समझता हूं कि ये बेइन्साफियां नहीं चल सकेंगी । इस लिए मैं इस बात की तरफ गवर्नमैंट का ध्यान दिलाना चाहता हूं ।

अगली बात corruption के बारे में है। मैं समझता हूं कि it is well nigh impossible to root out corruption. हम देखते हैं कि corruption को दूर करने के लिए हम जितना ज्यादा ज़ोर लगा रहे हैं यह बीमारी उतनी ही तेज़ी के साथ बढ़ती जा रही है। मुझे कोई महकमा ऐसा नज़र नहीं आता जिस में corruption न हो । I do not want to make any horrible disclosure on the floor of the House. सदरे मोहतरिम, गवर्नमैंट ने विजिलैंस डिपार्टमैंट इस लिए कायम किया ताकि सूबे से रिश्वतस्तानी को, कुरप्शन को दूर किया जाए, हटाया जाए। लेकिन यह कितनी घिनौनी तस्वीर है कि इसी विजिलैंस डिपार्टमैंट के अन्दर कुरप्शन पाई जाती है। इसमें कई ऐसे अफसर हैं जो कुरप्ट ही नहीं they are embodiment of corruption, rather incarnation of corruption. इस बात का एहसास खुद सैक्रेटेरियेट में भी है लेकिन उन अफसरों को वहां से नहीं हटाया जाता। अगर इसी तरह से यह सिलसिला चलता रहे तो मैं नहीं समझता कि किसी महकमा से कुरप्शन दूर भी हो सकेगी या गवर्नमैंट कुरप्शन को दूर करने में कामयाब हो सकेगी। कुरप्शन तब तक दूर नहीं हो सकती जब तक कि इस मामला में जिस सख्ती से कदम उठाए जाने की ज़रूरत है उस कदर सख्ती से कदम न उठाए जाएं। मैं इस का ज़िम्मेवार किसी खास मनिस्टर या अफसर को नहीं ठहराता मगर इसकी ज़िम्मेदार खुद पंजाब सरकार है और इसे कान खोलकर सुन लेना चाहिए कि या तो इस Vigilance डिपार्टमैंट में वह लोग लगाए जाएं जो कि पूरी तरह से इमानदार हों नहीं तो इसे बिल्कुल तोड़ दिया जाए क्योंकि जिस तरीके से अब तक इस महकमा में काम हो रहा है उसी तरह से होता रहा तो ऐसी हालत में जब कि यह खुद कुरप्शन का अड्डा है दूसरे महकमों से कुरप्शन को कैसे दूर करने में कामयाब हो सकता है। इस के अलावा मैं इस सम्बन्ध में और ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता ।

अगली बात जिसका मैं ज़िक्र करना चाहता हूं वह है national and emotional integration के बारे में। This is a very happily worded slogan which has been coined by our Prime Minister.

[श्री रूप सिंह फूल]

मगर मैं बिला झिझक और बगैर किसी डर के कह सकता हूं कि जब तक हिन्दी रिजन और पंजाबी रिजन की दोनों अलग अलग कमेटियां पंजाब के अन्दर कायम हैं यह भावनात्मक integration कभी भी मुमकिन नहीं हो सकती और जब तक यह कमेटियां कायम हैं यह शानदार नारा "anti-national, emotional disintegration of the State" के रूप में हमारे सूबे में रूनुमा हो रहा है। आप देखें कि इस पर खर्च भी कितना हो रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि अब तो हम देख रहे हैं कि यहां सोचने का तरीका ही बदलता जा रहा है। अब तो यह सोचा जा रहा है और कहा जा रहा है कि यह पंजाबी रिजन का सवाल है, यह हिन्दी रिजन का सवाल है। सदरे मोहतरिम, आप के द्वारा मैं आनरेबल मेम्बरान के नोटिस में यह बात लाना चाहता हूं कि आज नहीं तो कल, कल नहीं तो कुछ decades के बाद हमारे जो बच्चे होंगे वह हमें लानत भेजेंगे कि जिस पंजाब को integrate करने के लिए कोशिशें की जा रही थीं उसकी dis-integration के बीज हम बोते रहे हैं। अब तो हम सवाल भी इसी तरह के पूछने लग गए हैं कि पंजाबी रिजन में कितना पैसा खर्च हो रहा है, हिन्दी रिजन में कितना खर्च हो रहा है, हिन्दी ज़बान के लिए क्या किया जा रहा है, पंजाबी ज़बान के लिए क्या कुछ किया जा रहा है। इसका मतलब यह है कि हिन्दी और पंजाबी के झगड़े में हम पंजाब को further तकसीम करने के लिए ज़मीन तैयार कर रहे हैं। यह trend एक बहुत ही खतरनाक सूरत अख्तियार कर जाएगा अगर इन कमेटियों को नेस्तोनाबूद न किया गया, इनका वजूद हमेशा के लिए खत्म न किया गया। मैं समझता हूं कि आज के बाद इस के लिए इस से ज्यादा अच्छा और कोई वक्त नहीं आएगा। इस लिए मौके की नज़ाकत को ध्यान में रखते हुए इस मामले को आप के द्वारा मैं हकूमत के गोशगुज़ार करना चाहता था।

सदरे मोहतरिम, अब मैं development of hilly areas के मुतअल्लिक कुछ निवेदन करना चाहता हूं। मुझे खुशी है कि पंजाब सरकार ने पहाड़ी इलाकों की तरक्की के लिए खास तौर से इकदाम किए हैं और इस के लिए एक अलग Hill Areas Development Commissioner मुकर्रर किया जिन्होंने ऐसी स्कीमें बनाई हैं कि अगर उन स्कीमों को चालू किया जाए तो उन इलाकों का काफी हद तक विकास हो सकता है। मुझे इस बात का एतराफ है कि इस मनिस्टरी से पहले दो मनिस्ट्रयां हो चुकी हैं मगर उन्होंने पहाड़ी इलाकों की development के लिए इस कदर ध्यान नहीं दिया जितना कि मौजूदा मनिस्टरी ने दिया है। इसके लिए मैं पंजाब सरकार और खास तौर से सरदार प्रताप सिंह कैरों का ममनूने ऐहसान हूं। मगर हकीकत यह है कि —

"मुझे दे रहे हैं तसल्लियां वह हज़ार नामों पयाम से
कभी आके मंज़रे आम पर कभी हटके मंज़रे आम से"

सदरे मोहतरिम, पिछले साल गवर्नर साहिब ने अपने एड्रैस में यह assurance दी थी कि ज़िला कांगड़ा की industrial development के लिए वहां पर सीमेंट फैक्टरी और newsprint factory लगाई जाएगी लेकिन कहां पर लगाई जाएगी इसका अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ। बल्कि सुनने में यह आ रहा है

कि ये दोनों industries ज़िला के बाहर लगाई जा रही हैं। ज़िला कांगड़ा के नाम पर, पहाड़ी इलाके की development के नाम पर इतनी बड़ी रकम मांगी गई लेकिन इनको किसी दूसरे इलाका में ले जाया जा रहा है और उसके लिए वजह यह दी जा रही है कि कई technical grounds हैं या यह कहा जा रहा कि फलां कम्पनी जो यह factory लगा रही है, कहती है कि rail head से यह इलाका दूर है। यह दलील एक बिल्कुल बोदी दलील है। अगर, जैसा कि अपने ऐड्रैस में assurance दी थी, वाकई सही मायनों में गवर्नमैंट ज़िला कांगड़ा में industries को रायज करने की ख्वाहां है तो ये दोनों factories वहीं पर establish की जानी चाहिए। अगर ऐसा न किया गया तो कांगड़ा ज़िला industry के मैदान में जिस तरह पहले ही पीछे रहता रहा है, वैसे ही आगे भी backward ही रह जाएगा।

इसके बाद, सदरे मोहतरिम, मैं आप के द्वारा गवर्नमैंट के notice में यह बात लाना चाहता हूं कि दो, तीन साल हुए जब कि पहले गवर्नर साहिब मेरी constituency हमीरपुर में गए थे। वहां पर उन्हें एक Address पेश किया गया। बाकी की बातों के अलावा उसमें वहां पर पीने के पानी की कमी का भी वर्णन किया गया था। उस पर बोलते हुए हमारे गवर्नर साहिब ने फरमाया था कि चाहे कालेज मिलने में देर होती हो तो हो जाए, स्कूलों की upgrading में देर होती हो तो हो जाए, और अगर हस्पतालों में डाक्टर नहीं है तो भी माना जा सकता है कि गवर्नमैंट के पास डाक्टरों की कमी के कारण ऐसे प्रबन्ध को delay करने के लिए वजूहात पेश किए जा सकते हैं लेकिन आज़ादी हासिल करने के 12, 13 साल बाद तक भी जो गवर्नमैंट गरीब इलाकों, पिछड़े इलाकों में बसने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की सहूलियत बहम नहीं पहुंचा सकती उस गवर्नमैंट को हम अवामी गवर्नमैंट नहीं कह सकते। जहां तक इस खास इलाके का ताल्लुक है, उन्होंने कहा, कि मैं गवर्नमैंट को कभी माफ नहीं कर सकता। सदरे मोहतरिम, Lagwalti and Upper Bumpson Areas Water Supply Scheme जिस पर 16 लाख रुपए के करीब खर्च आना है, सन् 1947 से ज़ेरे गौर है। बहरहाल, इसके मुतअल्लिक मैं गवर्नमैंट के पास अर्ज़दाश्त भेज चुका हूं। सदरे मोहतरिम, यह एक ऐसा इलाका है जहां से 70 और 80 फीसदी नौजवान देश की रक्षा करने के लिए फौज में जाते हैं। उनके बाद इस इलाके में या तो बूढ़े आदमी रहते हैं या उन जवानों के बीवी बच्चे। उन्हें शिद्दत की गर्मी में तीन तीन चार चार मील दूर से सिर पर पानी का घड़ा रखकर पीने का पानी लाना पड़ता है। सारे दिन में मुश्किल से तीन चार बार एक एक घड़ा पानी का लाया जा सकता है। ऐसी हालत में उनके केस में 5 फीसदी वाली condition को माफ किया जाना चाहिए। इस national water supply Scheme के तहत अभी तक तहसील हमीरपुर में एक पैसा भी खर्च नहीं किया गया। इस बात की तरफ भी गवर्नमैंट को फौरी तौर पर ध्यान देना चाहिए और 5 फीस दी cash contribution मुआफ कर देनी चाहिये।

इस के अलावा communication और transport facilities को extend करने की भी उस इलाके में अशद ज़रूरत है। Roads के बगैर यह

[श्री रूप सिंह फूल]

पसमान्दा इलाका कभी तरक्की नहीं कर सकता। मिसाल के तौर पर मैं ऊना-अघर-मंडी road का ज़िक्र करता हूं। पहली पांच साला योजना में भी इसका वर्णन था, उसमें complete होनी थी, नहीं हुई। दूसरी योजना भी निकल गई। अब यह तीसरी पांच साला योजना चल रही है और जो fund इस के लिए रखे गए थे they have been slashed. तो इस का मतलब यह है कि यह तीसरी पांच साला योजना में भी मुकम्मल नहीं हो सकेगी और पहाड़ी इलाके के लोगों के लिए एक पक्की सड़क भी नहीं बनेगी। मेरी constituency में और श्रीमती सरला देवी जी की constituency में एक भी पक्की सड़क नहीं है हालांकि उस इलाके के लोगों ने जो देश की ख़िदमत की है वह पंजाब की किसी दूसरी तहसील के लोगों से कम नहीं हैं। फौजी खिदमत में हमीरपुर तहसील पंजाब भर में नंबर अव्वल पर है।

फिर नंगल आदाह देवी बरास्ता पत्ता और नंगल उहल बरास्ता हमीरपुर दो सड़कों पर मोटरें चलाई जानी थीं लेकिन वह अभी तक नहीं चलाई गई हालांकि इन सड़कों को vehicular traffic के लिये release दो साल हुए सरकार ने कर दिया था, लेकिन आज तक वहां bus service नहीं चलाई गई, हालांकि कई कम्पनियां वहां बस service चलाने के लिए तैयार हैं। मिनिस्टर साहिबान जब वहां जाते हैं तो कह आते हैं कि bus service जल्दी चलाई जाएगी लेकिन यह अभी तक नहीं चलाई गई। सरदार प्रताप सिंह जी भी जब वहां गए थे तो यह भी वादा कर आए थे। फिर लोगों ने इन सड़कों के लिए बहुत सा रुपया दिया था इस के बावजूद वहां bus service नहीं चलाई गई। लोगों ने बहुत अर्जदाश्तें भी इस सिलसिले में की हैं। वहां पर bus service न होने की वजह से लोगों को इतनी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है जो ब्यान नहीं की जा सकतीं। इस सिलसिले में मैं एक मिसाल सदन के सामने पेश करता हूं। अक्तूबर में मैं श्रीमती सरला देवी और हमीरपुर के S. D. O. नादौन से जा रहे थे तो हमें वहां पर military का एक सूबेदार मिला जिस का नाम श्री भगत राम था, वह बेचारा अपने सर पर सामान उठाए हुए पैदल जा रहा था क्योंकि वह वहां छुट्टी पर आया हुआ था अभी उस की छुट्टी भी पूरी नहीं हुई थी लेकिन लड़ाई की वजह से उसे वापस बुला लिया गया था और वह महाज़े जंग पर जा रहा था। वह 11 मील का सड़क का टुकड़ा है जो उस ने पैदल जाना था हालांकि सड़क बनी हुई है लेकिन bus service नहीं जिस की वजह से हमारे फौजी जवानों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। उस सूबेदार ने कहा कि मैं ने महाज़े जंग पर जल्दी पहुंचना है, पता नहीं वहां से वापस भी आ सकूंगा कि नहीं लेकिन मुझे आज हमीरपुर तक पैदल ही आना पड़ा। हालांकि पब्लिक ने दौनीदेवी से ककड़ तक सड़क खुद बनाई है। मुझे यह सुन कर शर्म आई क्योंकि मेरे पास इस का कोई जवाब नहीं था। उस ने हमें बताया था कि वह 6 भाई हैं जिन में से 5 military में नौकर हैं और छटा नवीं जमात में स्कूल में पढ़ता है और वह भी चाहता है कि military में भरती हो जाए। मेरे कहने का मतलब यह है कि जिस इलाके के लोग इतने शौक से military में भरती होकर देश की रक्षा करते

हों वहां अगर उन के आने जाने के लिए बस service न हो तो यह कितनी बुरी बात है फिर जैसा कि मैं ने पहले भी कहा है कि वह सड़कें लोगों ने खुद बनाई हैं और वज़ीर साहिबान वहां कह आते हैं कि जल्दी bus service जारी कर दी जाएगी, मैं पूछता हूं कि यह जल्दी कब होगी—

गिनते गिनते दिन जवानी के तिरी बूढ़े हुए ।
अपनी पीरी में अगर तेरा शबाब आया तो क्या ।।

जब वहां के लोग देश की इतनी खिदमत करते हों और उन की जो basic needs हैं, जो उन्हें basic सहूलियत चाहिए वह उन्हें न दी जाएं तो वह कहेंगे—

हम तो मखसूस हैं मरने की इजारत के लिए,
हम तो मामूर हैं तोपों की तजारत के लिए ।।

और अगर यही हाल रहा तो पहाड़ी लोगों की तरक्की का सवाल वहीं का वहीं रह जाएगा । हालांकि गवर्नमैंट की policy है कि undeveloped और under developed areas की development पहले की जानी चाहिए । (घंटी की आवाज़) बस थोड़ा और कह कर खत्म कर देना चाहता हूं । मैं अर्ज़ कर रहा था कि जहां तक पहाड़ी लोगों की तरक्की का सवाल है यह present emergency में रुकना नहीं चाहिए और वहां की roads construction का जहां तक सवाल है उस के बारे में मैं साफ तौर पर कहूंगा कि उस के लिए जो funds provide किए हुए हैं उन्हें कम नहीं करना चाहिए ।

मैं यह भी अर्ज़ करूंगा कि लोगों को air minded बनाने के लिए और यहां पर हवाई services चलाने के लिए जो केन्द्रीय सरकार की ओर से रुपया दिया गया है वह पहाड़ी इलाकों में अड्डे बनाने पर खर्च करना चाहिए क्योंकि पहाड़ों में दूसरे ways of communications कम हैं । यह air strips धर्मशाला पालमपुर, हमीरपुर, कुल्लू और डेरा गोपीपुर में बनाए जाएं ताकि पहाड़ के लोगों को वहां आने जाने की सहूलतें मुयस्सर हो सकें । (घंटी की आवाज़) बस जी, एक बात और कह कर अपनी seat पर बैठ जाऊंगा । पहाड़ी इलाके के लोगों को Passenger Tax मैदानी इलाकों की निसबत दुगना देना पड़ता है यह कम करना चाहिए । इस के साथ ही मैं यह भी अर्ज़ करूंगा कि पहाड़ी इलाकों में मोटरों का किराया भी कम किया जाए क्योंकि यह बहुत ज़्यादा है । वहां के लोग बहुत गरीब है और वह इतना किराया दे नहीं सकते । Thank you, Mr. Speaker.

**पंडित मोहन लाल दत्त** (अम्ब) : अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय को उन के अभिभाषण के लिए उन का धन्यवाद करता हूं मगर शोक करता हूं कि कई ज़रूरी बातों के मुतअल्लिक राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में जिक्र नहीं किया और जो कुछ कमज़ोरियां हम में हैं या जो हमारी त्रुटियां हैं उन को भी नज़रअन्दाज़ किया है । इस Budget Session के मौके पर हमें सिर्फ सरकार की तारीफों के पुल नहीं बांधने चाहिएं और न ही कोई destructive criticism करनी चाहिए और खास तौर पर इस state of emergency के मौके पर । पर यह आत्म नरीक्षण का सैशन होता है जहां हम देखें,

[पंडित मोहन लाल दत्त]
stock taking करें कि हम ने कहां तक प्रगति की है और क्या हम में कमज़ोरियां हैं। इस में कोई शक नहीं कि पंजाब ने सुरक्षा सम्बन्धी प्रयत्नों में बड़ा महान काम किया है यह सारे देश में हमारे पंजाब के लिए बड़े फख्र की बात है कि यह नम्बर अव्वल पर रहा है। Development के सम्बन्ध में भी काफी कुछ प्रगति हुई है। इस लिये यह कहना कि कुछ भी नहीं हुआ यह भी एक मुबालिग़ा आमेज़ बात है। मगर एक बात मैं ज़रूर अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि हम सही ढंग से चलें, सही दृष्टिकोण अपनाएं तो हम बहुत कुछ प्रगति कर सकते हैं। Emergency के समय में तीन चीज़ों की ज़रूरत है। Emergency का तकाज़ा है कि हम अपनी defence को मज़बूत करें, अपनी फौजी शक्ति को मज़बूत करें, हम अपनी आर्थिक शक्ति को मज़बूत करें और तीसरी बात है कि हम अपनी आत्म-शक्ति को भी मज़बूत बनाएं। Defence और Development के लिये सब कहते ही हैं कि यह ज़रूरी है मगर मैं अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि इस के साथ ही Democracy भी ज़रूरी चीज़ है। Defence, Development और Democracy तीनों चीज़ों को ध्यान में रख कर हमें सब प्रोगराम चलाने चाहिएं। Guns, goods और goodness ज़रूरी हैं। सिर्फ तलवार ही या बाकी साज़ोसामान ही फौज को नहीं चाहिए बल्कि इस के लिये खाने पीने की चीज़ें भी चाहिएं लेकिन यह सब कुछ बेकार है अगर आत्म-शुद्धि न हो, अगर मन साफ न हो, अगर डैमोक्रेसी और सोशलिज़्म न हो तो और क्या हो सकता है। जहां तक आत्म-शुद्धि का सवाल है इस में दो चीज़ें आती हैं—एकता और नैतिकता। हम एक बनें और नेक बनें। मगर इस चीज़ के रास्ते में गन्दी सियासत एक बड़ी भारी रुकावट है। जहां पर जात पात और मज़हब ने हमारे देश में फूट डाली है वहां गन्दी सियासत ने भी इस में कोई कम ज्यादती नहीं की। इस के अलावा बहुत सारे भ्रष्टाचार का कारण भी यह गन्दी सियासत बनी है। यह मेरी ही राय नहीं है बल्कि श्री कृष्णमाचारी ने एक जगह अपने भाषण में कहा कि इलैक्शन को हुए अभी एक साल ही हुआ है और अगली इलैक्शन को अभी चार साल बाकी हैं मगर अभी से पालिटिक्स हमारे दिमागों पर सवार है और हम ने हर बात सियासत के नुक्तानिगाह से सोचनी शुरू कर दी है। हर काम सियासी नुक्तानिगाह से किया जाता है। सिर्फ ऐग्ज़ैक्टिव साइड पर ही ऐसा नहीं है बल्कि प्लैनिंग में भी politics takes precedence over technology and other things. यह महापुरुष सैंटर के वजीर हैं और वह कहते हैं कि politics takes precedence over other things इन की बला से एमरजैंसी आए या देश मिट्टी में मिले इन की तो बस गद्दी कायम रहनी चाहिए। सत्ता का इतना मोह, इतना लालच कि देश जाए भाड़ में मगर हम ने वज़ीर बने रहना है। यह बड़ी खतरनाक बात है। जो बातें ऐमरजैंसी से पहले चलती थीं वही अब चलती हैं यानी ज़ाबते का ध्यान रखा जाता है। न कानून का और न ही डीसैंसी का। जहां सियासी फायदा नज़र आए वहां इन्साफ का भी खून कर दिया जाता है। वही है चाल बेढंगी जो पहली थी सो अब भी है। मैं कहता हूं कि इन नेताओं को एमरजैंसी का ख्याल ही नहीं है। एक दो केसिज़ में मुझे यह जान कर बड़ा दुख आ कि जो नाराज़गियां पिछली इलैक्शन्ज़ की वजह से पैदा हो गई थीं वह अब भी उसी

तरह से चली आ रही हैं । मेरे ज़िले में एक दो प्राइमरी टीचर्ज़ पर एक दो कांग्रेसी नेताओं का गुस्सा था । इस की वजह से उन बेचारों की मिड टर्म ट्रांस्फर्ज की गई हैं हालांकि उन के खिलाफ किसी किसम की शिकायत नहीं है । प्राइमरी स्कूल के टीचर्ज़ की ट्रांसफर का काम डिस्ट्रिक्ट इन्स्पैक्टर को डैलीगेट किया हुआ है मगर उस की बात सुनी ही नहीं जाती, डिवीज़नल इन्स्पैक्टर को भी कोई नहीं पूछता बल्कि डी० पी० आई० को भी कोई नहीं पूछता । वह सब कहते हैं कि इन के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है मगर यहां इन का कोई वर्कर आ कर कहता है कि उस की ट्रांस्फर कर दो तो यह यहीं से हुक्म कर देते हैं कि फलां 2 आदमी को तबदील किया जाता है । एक दो टीचर्ज़ के केस का तो मुझ को भी इल्म है । एक तो है श्री हंस राज, टीचर, प्रायमरी स्कूल वटियाड़ी और दूसरे श्री देव दत्त जाडला के । इन बेचारों का अभी दिसम्बर में तबादला किया गया है । इन के खिलाफ किसी ने शिकायत की कि यह चुनाव में हिस्सा लेते रहे हैं । उस पर विजीलैंस के एक इन्स्पैक्टर ने बाकायदा तहकीकात की और यह रिपोर्ट की कि यह बिल्कुल बेबुनियाद इल्ज़ाम है । तो जब इन का तबादला किया गया तो लोगों ने, डी० आई० ने कहा कि इन के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है इस लिये इन की इस तरह से mid term में तबदीली मुनासिब नहीं है । मगर यहां पर स्टेट मिनिस्टर ने लिख दिया क्या फज़ूल रिपोर्ट लिखी है इन को ट्रांसफर कर दो । जो इल्जाम था वह बेबुनियाद साबत हो गया मगर वह सब कुछ नज़रअंदाज़ कर के यहां से हुक्म दे दिया गया कि इन का तबादला कर दो । कितनी undemocrafic बातें होती हैं । जब लोगों के साथ इस तरह से बेइन्साफी की जाए तो लोगों को हम सुरक्षा के कामों में अपने साथ कैसे मिला सकते हैं । जब कानून और ज़ाबते को इस तरीके से पांव तले रौंदा जाए, इन्साफ का इस तरह से खून किया जाए तो लोग किस तरह से आप का साथ दे सकते हैं । यही हाल, प्रोमोशन्ज़ में और ऐप्वाएंटमैंट्स के वक्त होता है । अपने ही आदमियों को फायदा पहुंचाया जाता है । ऐसी बातें निहायत नावाजिब हैं ।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं । यह जो इकौनिमी की ड्राइव है यह कोई तसल्लीबख्श नहीं है । यह ठीक है कि कहीं 2 पर चपड़ासियों या दूसरे छोटे मुलाज़मों को निकाला गया है । मगर जो बड़ी 2 तनखाहें लेने वाले लोग हैं और जिन की वजह से सरकार के ख़जाने पर बोझ पड़ता है उन को तो कहीं पर हाथ नहीं लगाया गया और न ही जो टौप हैवी ऐडमिनिस्ट्रेशन्ज है उस में कोई कमी की गई है । वज़ीरों में कमी की वजह से कुछ बचत हुई थी मगर अब दूसरी तरफ खर्चा बढ़ा दिया गया है, बहुत सारी कमेटियां बढ़ा दी गई हैं । बना तो बहुत दी गई हैं, मगर इन की सुनता कोई नहीं, बात तो सारी महाराजा प्रताप सिंह की ही चलती है । एक लैजिसलेटर्ज़ डिफैंस कमेटी है । मैं भी उस का मैम्बर हूं और एक दो दफा आया हूं मगर वहां कोई काम तो होता नहीं । सिर्फ duplication ही होती है । जब स्टेट डिफैंस कमेटी बनी हुई है तो लैजिसलेटर्ज़ की डिफैंस कमेटी के क्या मायने हैं । और भी कई प्रकार की कमेटियां हैं । समझ नहीं आती कि उन का क्या काम है । दरअसल ज़रूरत इन कमेटियों की नहीं है बल्कि ठोस त्याग की है और वह

[पंडित मोहन लाल दत्त]

कोई करता नहीं । जिन के पास बहुत धन है और जो उन्होंने ऐक्सपलायटेशन से इकट्ठा किया हुआ है उन्होंने तो डिफैंस फंड के लिये कुछ नहीं दिया और अगर किसी ने सौ दो सौ दिया भी है तो वह भी ग़रीबों के सिर पर से उस ने निकाल ही लेना है । हमारा निज़ाम ही ऐसा है । यह जागीरदाराना निज़ाम है और उन लोगों ने हमारी खाल ही उधेड़नी है । जब तक यह exploitation system खत्म नहीं होता तब तक कुछ नहीं हो सकता । इस सरकार ने जो मिनिस्ट्री कम कर दी है, यह बहुत ही अच्छा काम किया है । लेकिन अब फिर सुना जाने लगा है कि 3 या 4 मिनिस्टर्ज़ और बनाए जा रहे हैं, यह बात मैं समझता हूं कि ठीक नहीं है । कि एक दिन तो यह यश ले लिया कम करके कि मिनिस्ट्री छोटी कर दी गई है, और दूसरे दिन उसे फिर बड़ा कर दिया । यह तो वैसे ही है कि --

रात को पी सुबह को तौबा कर ली
रिन्द के रिन्द रहे हाथ से जन्नत न गई ।

यह तरीका ग़लत है । इस के बाद मैं तीन और फज़ूल खर्चियों की तरफ हाउस का ध्यान दिलाना चाहता हूं । एक तो यह है कि यहां लैजिस्लेटिव कांउसिल बनाई हुई है जिस पर अंधाधुंध रुपया खर्च हो रहा है । दूसरी फ़ज़ूल खर्ची रिजनल कमेटीज़ पर हो रही है और तीसरी कमेटी हिली एरियाज़ की है जिस पर अनापशनाप खर्च हो रहा है लेकिन काम कुछ नहीं हो रहा है । मैं भी उस के मैम्बरों में से हूं और मुझे पता है कि साल भर में उस की एक बार मीटिंग हुई जिस में एक घंटे तक महाराजा प्रताप सिंह ने भाषण दिया बाकी किसी को कोई बात कहने का मौका नहीं मिला और इसी तरह से जो सब कमेटी बनी हुई है, उस की एक भी मीटिंग नहीं हुई लेकिन खर्च बदस्तूर है । पहाड़ी इलाकों के लिये जो रुपया दिया गया है उस के लिए भी कई आर्गनाइज़ेशन बनाई गई है लेकिन काम नहीं हो रहा है । तो मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि यहां चीन का बार बार ज़िक्र किया जाता है और उस की ओट में मनमानी की जाती है, लेकिन चीन का अगर कोई सब से बड़ा हथियार है तो वह है यहां की भूख नंग और ऐक्सप्लायटेशन्ज़ का सिस्टम जो यहां पर चल रहा है वह बाहर के लोगों को इनविटेशन देता है और आप यकीन जानिए कि जब यहां खानाजंगी, इंतशार वगैरह होगा तो भूखे नंगे लोग चीन से नहीं लड़ेंगे । इसलिये मैं कहता कि यहां सही मायनों में सोशलिज्म लाइए क्योंकि only socialist India can fight that country. यहां बड़ी बड़ी बातें तो डिफैंस के नाम करते हैं, लेकिन यहां किसी के साथ न्याय नहीं होता और बातों के अतिरिक्त कुछ प्रैक्टिकल काम भी नहीं होता । हरिजनों का भी नाम लिया जाता है लेकिन खेती में उन को पांव तक नहीं डालने दिया जाता । यह बातें जो कही ज़ाती हैं कि उन को यह मिलेगा उन को वह मिलेगा यह सब ढोंग है । यहां पर जो प्रोडक्शन हुई है वह चन्द आदमियों के यहां हुई है, जो डिवैल्पमैंट हुआ है वह भी सिर्फ कुछ सौ आदमियों की; और इंडस्ट्रीज़ में जो डिवैल्पमैंट हुई वह मज़दूरों की नहीं सिर्फ चन्द कारखानादारों की हुई और चन्द लोगों को तिजोरियां भरी हैं । यहां पर तो कुछ over-fed हैं और कुछ vast majority under-fed है । इसी तरह लोगों में बेकारी

बढ़ती जा रही है। पहली प्लैन में 5 लाख आदमी बेकार थे, दूसरी में 9 लाख हो गए और तीसरी में 17 लाख के करीब बेकार होंगे।

**श्री अध्यक्ष** : आप अब वाइंड अप कीजिये । (Please wind up now.)

**पंडित मोहन लाल दत्त** : बहुत अच्छा जी । मैं अपने वक्त में ही खत्म कर दूंगा । मैं हाउस के सभी भाइयों से प्रार्थना करता हूं कि हम सब जनता के नेता हैं, हमारे सामने एक ideology होनी चाहिये 'Service of the country' लेकिन यहां हो इस के उलट रहा है। लोग गद्दी से चिपटे रहना चाहते हैं । हमें आज त्याग की भावना दिखानी चाहिए और मिनिस्टरों को चाहिए कि भत्ते वगैरह कम लें जैसा कि पहले महीने में कुछ लोगों ने किया था लेकिन अब आकर सारे के सारे चुप हो गए। साथ ही जो बड़े बड़े अफसर हैं उन की तनखाहें कम होनी चाहिएं और उन की संख्या कम होनी चाहिए। और भी जो फज़ूल आसामियों हैं वह सब थोड़ी या खत्म कर देनी चाहिएं । इतना कह कर, मैं डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप का धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे अपने ख्यालात पेश करने का वक्त दिया।

**पंडित भागीरथ लाल** (पठानकोट) : स्पीकर साहिब, आप के सामने गवर्नर के भाषण पर धन्यवाद का जो प्रस्ताव श्री यशपाल जी ने रखा है मैं उस का अनुमोदन करने के लिये उपस्थित हुआ हूं। स्पीकर साहिब, अभी इस बात की चर्चा हो रही थी कि गवर्नर साहब के भाषण में ऐसी बातें बताई गई हैं कि सरकार ने संकट काल में बहुत अच्छा काम किया है, पंजाब ने 5½ करोड़ से ज्यादा रुपए Defence Fund के लिये इकट्ठे किये हैं, पंजाब से बड़े बड़े सूबे भी हैं किन्तु उन्होंने इतनी बड़ी राशि इस कार्य के लिये एकत्रित नहीं की है जैसा कि Bombay एक बड़ा राज्य है Bengal भी बड़ा राज्य है किन्तु उन सूबों ने इतने रुपये नहीं दिये, इतना defence fund के लिये देने पर पंजाब की बहुत शोभा हुई और इस को श्रेय भी मिला है। हमारे शास्त्रों में यह लिखा है कि जो मुखालिफ होते हैं उन को कभी भी अच्छा नहीं समझना चाहिए। चाहे वह कितने भले हो वह दूसरों का बुरा ही सोचेंगे (*interruptions*) ऐसा ही गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है कि गुणों को ग्रहण कर लेना चाहिए और दोषों को त्याग देना चाहिए । मैं अर्ज़ करूं कि छज्ज और छाननी दो चीजें होती हैं, छज्ज तो कूड़ा कर्कट बाहिर फैंक देता है और साफ वस्तु अलग कर देता है लेकिन छाननी अच्छी वस्तु को नीचे गिरा देती है और नाकारा वस्तु को रख लेती है।

**सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों** : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो माननीय सदस्य बोल रहे हैं उन के आगे चौधरी सुन्दर सिंह टांगे ऊपर उठाए बैठे हैं और ऊपर हाथ उठा रहे हैं । क्या यह बोलने वाले सदस्य का अपमान नहीं है?

**श्री भागीरथ लाल** : स्पीकर साहिब, गवर्नर साहिब के भाषण के अन्दर सब से ज्यादा देश की रक्षा के लिये प्रश्न उठाया गया है । कई माननीय सदस्यों ने यहां पर कहा है कि बड़े 2 जलसे हो रहे हैं बाहिर के मिनिस्टर आते हैं, tea parties उन के स्वागत के लिये दी जाती हैं, मेरा विचार है कि उन के स्वागत के लिये tea parties देनी चाहिएं, Bakshi Gulam Mohammad पंजाब के अन्दर अमृतसर में आए हैं तो उन के स्वागत के लिये ज्यादा से ज्यादा लोग आने चाहिए । 1 लाख नहीं बल्कि 5 लाख आदमी

[पंडित भागीरथ लाल]

पहुंचने चाहिए, अगर दूसरे सूबों के महान नेता पंजाब में आते हैं तो इस से पंजाब की शोभा ही बढ़ती है।

(*At this stage, the Deputy Speaker occupied the Chair*)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह बड़े गौरव की बात है कि जब बड़े 2 नेता यहां पर आते हैं तो पंजाबियों के लिये लाखों एकड़ जमीन दे जाते हैं इस से Defence efforts के लिये काफी publicity होती है। लगभग 3, 4 महीने पहले चीन ने हमारे देश पर आक्रमण किया था और आक्रमण के 1 महीने के अन्दर ही चीन को हमारी फौजों के मुकाबले में वापिस लौटना पड़ा। (*Interruption*)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं floods के बारे में भी अर्ज़ करना चाहता हूं। जब पंजाब में floods आए तो दूसरे दिन ही मिनिस्टर साहिबान, तमाम डिप्टी कमिश्नर और दूसरे बड़े 2 कर्मचारी वहां पर पहुंचे। (*Interruption*)

**सरदार लच्छमन सिंह गिल** : वह तमाम उस पानी में डूब मरे।

**पंडित भागीरथ लाल** : डिप्टी स्पीकर साहिबा Opposition वाले खाहमखाह (*interrupt*) कर रहे हैं।

**Deputy Speaker** : No interruption, please.

**पंडित भागीरथ लाल** : डिप्टी स्पीकर साहिबा, उन्होंने मौके पर पहुंच कर बाढ़-ग्रस्त व्यक्तियों की सहायता की, उन्हें आटा, दिया और बहुत सी रसद पहुंचाई, पंजाब सरकार ने बहुत इंतज़ाम किया। (*Interruption*)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज कर रहा हूं कि अभी अभी Opposition की ओर से पं. मोहन लाल दत्त ने भाषण दिया, उन्होंने कहा है पंजाब सरकार अच्छे काम भी करती है और इस की प्रशंसा भी की है लेकिन Opposition के दूसरे Members नहीं मानते हैं। (*Interruption*) मैं ने देखा कि 21 अक्तूबर के बाद कुछ लोगों ने हल्ला डालना शुरू कर दिया। कहां तक वे लोग पहुंचे। पंडित जवाहर लाल नेहरू को भी बातें करने लगे, ऐसे भी लोग थे। जो लोग पंडित जवाहर लाल नेहरू को नहीं छोड़ सकते वे दूसरे किसी को कैसे छोड़ेंगे।

**Deputy Speaker** : Please be relevant.

**पंडित भागीरथ लाल** : बहुत अच्छा जी। हमारी स्टेट में शिक्षा का बहुत ज्यादा प्रचार हुआ, उद्योग धंधे में कितनी उन्नति हमारी स्टेट ने की, यह सब प्रशंसनीय है। यह सब बातें मजबूर करती हैं कि हम गवर्नमैंट का धन्यवाद करें। हां, यह जरूर है कि कुछ ऐसी बातें भी हैं जिन का उल्लेख गवर्नर के भाषण में नहीं किया गया। उन का जिक्र करना एड्रैस में ज़रूरी था। पंडित मोहन लाल जी ने जो कुछ कहा मैं उस की ताईद करता हूं कि आज जो गणतंत्र राज्य है यह उन गरीब लोगों के सिर पर कायम है जिन के पास झौंपड़ियां भी नहीं हैं। हमारे पंजाब में ऐसे लोग हैं जिन के पास सच मुच रहने के लिये कुल्ली नहीं है। मैं अपनी constituency में गया, वहां पर एक गांव में बच्चों की हालत देखी, उन के पास तन ढांपने के लिये एक कपड़ा भी नहीं था। यह देख कर मेरी आंखों में आंसू

आ गए । जहां पर दूसरी चीजों का ज़िक्र किया गया है वहां पर गवर्नर साहिब के भाषण में इस बात का ज़िक्र नहीं किया गया । हम चाहते हैं कि हरिजन कल्याण टैक्स के द्वारा उन लोगों के लिये कुल्ली और जुल्ली का प्रबन्ध किया जाए । जब तक उन गरीब लोगों के लिये कुल्ली और जुल्ली की व्यवस्था नहीं करेंगे उस समय तक हम अपने लक्ष्य में सफल नहीं हो सकेंगे । ( *Interruption* ) एक बात और जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि प्राईवेट स्कूलों की ग्रांट गवर्नमैंट रोक रही है । कुछ स्कूलों की तो ग्रांट बन्द कर दी है । उन स्कूलों पर बहुत बोझा है । अगर सच मुच उन स्कूलों की ग्रांट रोक दी गई तो यह स्कूल बन्द हो जायेंगे । यह वह स्कूल हैं जिन में गवर्नमैंट स्कूलों से भी पहले बच्चों को शिक्षा दी जाती थी । आज ग्रांट रोकने से उन के लिये खतरा पैदा हो गया है । इस लिये मैं आप के द्वारा अर्ज़ करूंगा कि या तो एक बार ही झटका दे दो और उन को खत्म कर दो और या इस तरह से तड़पाओ मत । एक और बहुत ज़रूरी बात है । हमारे पहाड़ी इलाके में पीने का पानी मुहैया करने के लिये प्रबन्ध किया जा रहा है । बीस लाख रुपये की स्कीम मंजूर भी हो चुकी है जिस पर अमल किया जा रहा है लेकिन उस पर अमल बहुत ही धीरे धीरे हो रहा है । जिस देश में पीने के पानी की भी व्यवस्था न हो वहां पर भला लोग क्या उन्नति करेंगे । गवर्नमैंट के इरादे बड़े नेक हैं, वह प्रयत्न भी कर रही है लेकिन योजना पर अमल तेज़ी से नहीं हो रहा है । डल्हौज़ी के नीचे के इलाके में जिस को कंडी का इलाका कहा जाता है, किसी किसी गांव में पानी मिला है । मेरी प्रार्थना है कि इस स्कीम को जल्दी से लागू करने की कोशिश की जानी चाहिये । पहाड़ी इलाकों में सड़कें बहुत कम होती हैं । उस इलाके की उन्नति के लिये सरकार ने एक अलग कमिश्नर मुकर्रर किया है । मैं चाहता हूं कि पहाड़ी इलाकों में छोटी छोटी link roads ज़रूर और जल्दी ही बन जानी चाहिएं ताकि लोगों को आने जाने की कुछ तो आसानी हो । वे अपने इलाके में तो आ जा सकें । इन शब्दों के साथ मैं गवर्नर के एड्रैस पर जो Motion of thanks रखी गई है उस की ताईद करता हूं और गवर्नर साहिब को धन्यवाद देता हूं ।

**ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ** ਜੋਗਾ (ਤਲਵੰਡੀ ਸਾਬੋ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜੋ ਭਾਸ਼ਨ ਦਿਤਾ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਕਦਮਾਂ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕੀਤੀ ਹੈ ਪਜਾਂਬ ਵਿਚ ਜਿਥੇ ਵੀ ਫੌਜੀ ਭਰਤੀ ਲਈ ਡੀਫੈਂਸ ਵਿਚ ਫੰਡ ਇਕਠਾ ਕਰਨ ਲਈ ਕਦਮ ਚੁਕੇ ਗਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਅਸਾਂ ਨੇ ਪੂਰਾ ਸਹਿਯੋਗ ਦਿਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਆਪਣੀ ਯੋਗਤਾ ਦਾ ਸਬੂਤ ਦਿਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਿਲਵਰਤਨ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ 5 ਨਵੰਬਰ ਦੇ ਸੈਸ਼ਨ ਦੇ ਵਕਤ ਹੀ ਜਦੋਂ ਕਿ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਸਾਰੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਦੀ ਇਕ ਸਾਂਝੀ ਇਕਤ੍ਰਤਾ ਬੁਲਾਈ ਸੀ ਤਾਂ ਉਸ ਵਿਚ ਵੀ ਅਸੀਂ ਆਪਦੇ ਵਲੋਂ ਸਹਿਯੋਗ ਦੇਣਾ ਦਾ ਵਚਨ ਦਿਤਾ ਸੀ ਪਰ ਅਸਾਡੇ ਨਾਲ ਚੰਗਾ ਸਲੂਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਅਜ ਅਸੀਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਪਾਰਟੀ ਨੇ ਕਿਸੇ ਤੋਂ ਵੀ ਪਿਛੇ ਨਾ ਰਹਿ ਕੇ ਹਰ ਪਖ ਵਿਚ ਮਿਲਵਰਤਨ ਦਿਤੀ ਹੈ, ਹਰ ਯਤਨ ਵਿਚ ਫੰਡ, ਇਕਠਾ ਕਰਨ ਵਿਚ ਬਲਾਕ ਸੰਮਤੀਆਂ ਵਿਚ ਜਿਥੇ ਵੀ ਸਾਡੇ ਮੈਂਬਰ ਸਨ ਅਤੇ ਜਿੰਨੀਆਂ ਵੀ ਟ੍ਰੇਡ ਯੂਨੀਅਨਾਂ ਸਾਡੀਆਂ ਸਨ ਜਾਂ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਭ ਵਲੋਂ ਮਿਲਵਰਤਨ ਦਿਖਾਈ ਗਈ। ਜਿਥੇ ਵੀ ਕੋਈ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਦੇ ਜ਼ੋਰ ਅਸਰ ਸੀ ਉਸ ਪਾਸੋਂ ਸਹਿਯੋਗ

[ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ]

ਦਿਵਾਇਆ ਗਿਆ ਅਤੇ ਇਹ ਮਿਲਵਰਤਨ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਸੀ। ਪਰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦੇ ਨਾਮ ਦਾ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾ ਕੇ ਇਸ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੇ ਚਾਰ ਮੈਂਬਰ ਇਕ ਐਮ. ਐਲ. ਸੀ. ਅਤੇ ਚਾਲੀ ਹੋਰ ਵਰਕਰਾਂ ਤੇ ਕਮੂਨਿਸਟਾਂ ਆਗੂਆਂ ਨੂੰ ਜੇਲ ਵਿਚ ਸੁਟ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਅਜ ਉਹ ਬਾਹਰ ਹੁੰਦੇ ਤਾਂ ਪੰਜਾਬ ਦੀਆਂ ਡੀਫੈਂਸ ਸਰਗਰਮੀਆਂ ਵਿਚ ਉਹ ਵਧ ਚੜ੍ਹ ਕੇ ਹਿਸਾ ਲੈਂਦੇ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਇਸ ਐਡਰੈਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਭਰੋਸਾ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਸਾਡੇ ਭਰਾਵਾਂ ਨੂੰ ਜਿਹੜੇ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਵਿਚ ਵਿਘਨ ਪਾਉਣ ਦੇ ਇਲਜ਼ਾਮ ਵਿਚ ਫੜੇ ਹੋਏ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਛੱਡਿਆ ਵੀ ਜਾਵੇਗਾ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਇਤਬਾਰ ਨਹੀਂ ਕੋਈ ਭਰੋਸਾ ਨਹੀਂ। ਪਰ ਇਸ ਤੋਂ ਵਡਾ ਭਰੋਸਾ ਕੀ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਨੈਸ਼ਨਲ ਕੌਂਸਲ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਮਤਾ ਰਖਿਆ ਸੀ ਉਸਨੂੰ ਸਾਡੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਦਾ ਮਤਾ ਕਿਹਾ ਸੀ। ਕੋਈ ਵੀ ਵੱਡੇ ਤੋਂ ਵੱਡਾ ਐਸਾ ਮੈਂਬਰ ਨਹੀਂ ਸੀ ਜਿਸ ਨੇ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਦਾ ਮਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ। ਪਰ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਇਕ ਸਰਕਾਰ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਭਰੋਸਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਲਗ-ਭਗ 45 ਦੇ ਕਰੀਬ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਜੇਲ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਹਨ। ਜੋ ਸਲੂਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਜੇਲ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਹ ਕੋਈ ਰਜਵਾੜਾ ਸ਼ਾਹੀ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਕਿਸੇ ਵਕਤ ਸਿਆਸੀ ਕੈਦੀਆਂ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕਰਦੀ। ਏਥੋਂ ਤੱਕ ਕਿ ਜਾਣਦੇ ਬੁਝਦੇ ਵੀ ਐਮ. ਐਲ.ਏਜ਼. ਅਤੇ ਐਮ. ਐਲ. ਸੀਜ਼ ਨੂੰ ਵੀ ਜੇਲ੍ਹ ਵਿਚ 'ਸੀ' ਕਲਾਸ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਵੀ ਪਿਛੇ ਜੇਹੇ ਜੇਲ੍ਹ ਹੋਕੇ ਆਇਆ ਹਾਂ, ਮੈਨੂੰ 5 ਦਿਨ 'ਸੀ' ਕਲਾਸ ਦੇ ਵਿਚ ਰੱਖਿਆ ਗਿਆ। 5 ਦਿਨਾਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਜਦੋਂ ਇਨਸਪੈਕਟਰ ਜੈਨਰਲ ਜੇਲ੍ਹ ਖਾਨਾ ਨੇ ਆ ਕੇ ਕਿਹਾ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ 'ਬੀ' ਕਲਾਸ ਦਿੱਤੀ ਗਈ। ਅਜ ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਹਿੰਦੋਸਤਾਨ ਦੀ ਇਤਹਾਦ ਪਾਲੀਸੀ ਸੀ, ਬਿਲਕੁਲ ਉਸ ਤੇ ਹੀ ਅਮਲ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਿਛੋਕੜਦੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਵਲੋਂ ਪਬਲਿਕ ਸੈਕਟਰ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨ ਲਈ ਹਮਲੇ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਪੁਰਾਣੀ ਧਕੇ ਸ਼ਾਹੀ ਨੂੰ ਹੀ ਅਪਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਸਾਡੀ ਆਜਾਦ ਪਾਲੀਸੀ ਨੂੰ ਬਦਲਨ ਦੇ ਜਤਨ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੀਆਂ ਪਿਛਾਂ ਖਿਚੋਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਨੇ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਦੀ ਹਰ ਜਗ੍ਹਾ ਮੁਖਾਲਫਤ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਹੁਣ ਵੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਤੇ ਬੇਪਰਤੀਤੀ ਦਾ ਰਵਈਆ ਇਖਤਿਆਰ ਕਰਨਾ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਇਕ ਤਰਫੀ ਪਾਲੀਸੀ ਤੋਂ ਕੰਮ ਲੈਣਾ ਹੈ। ਪਰ ਪੰਜਾਬ ਗਵਰਮਿੰਟ ਦਾ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਭਰੋਸਾ ਨਹੀਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਤੋਂ ਘਟ ਨਹੀਂ। ਅੱਜ ਇਕ ਵੀ ਕਮਿਊ-ਨਿਸਟ ਨਹੀਂ ਜਿਹੜਾ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਿਆਲਾਂ ਦਾ ਹੋਵੇ। ਮੇਰੇ ਉਤੇ ਵੀ ਇਹੋ ਇਲਜਾਮ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਡੀਫੈਂਸ ਦੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਰੁਕਾਵਟਾਂ ਪਾਉਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇਹ ਇਲਜਾਮ ਸਰਾਸਰ ਝੂਠਾ ਅਤੇ ਬੇਬੁਨਿਆਦ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਆਪਣੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਬਠਿੰਡਾ ਵਿਚੋਂ ਸਭ ਤੋਂ ਵਧ ਫੰਡ ਇਕਠਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੁਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੇਰੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚੋਂ ਪਚੀ ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਵਧ ਇਕਠਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਆਪਣੇ ਘਰ ਤੋਂ ਕਾਫੀ ਤੋਂ ਵਧ ਪੈਸਾ ਫੰਡ ਲਈ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਮੇਰੇ ਦੋ ਭਰਾ ਮੈਦਾਨੇ ਜੰਗ ਵਿਚ ਗਏ ਹੋਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਕ ਕੈਦ ਹੈ। ਪਰ ਫੇਰ ਵੀ ਮੇਰੇ ਤੇ ਇਲਜ਼ਾਮ ਇਹ ਲਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਡੀਫੈਂਸ ਦੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਕੋਈ ਇਮਦਾਦ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਿਹਾ ਬਲਕਿ ਰੁਕਾਵਟਾਂ ਪਾਉਂਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਆਪਣੇ ਐਡਰੈਸ ਵਿਚ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਬਾਰੇ ਧਾਰਨ ਕੀਤੇ ਰਵੀਏ ਦਾ ਕੋਈ ਨਿਰਣਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਨਜ਼ਰਬੰਦ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਖਰਚ ਘਟਾਉਣ ਬਾਰੇ ਜਿਹੜੀ ਮੁਹਿਮ ਚਲਾਈ ਗਈ ਇਸ ਵਿਚ ਅਵਾਮ ਨੇ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਹਿਯੋਗ ਦਿੱਤਾ। ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਜਿਥੇ ਵਜ਼ਾਰਤ ਘਟਾ ਕੇ ਖਰਚ ਕਮ ਕਰਨ ਦਾ ਦਿਖਾਵਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਉਸਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਆਪਣੀ ਆਮਦਨ ਵਿਚ ਵਾਧਾ ਕਰ ਲਿਆ ਹੈ। ਐਡਵਾਇਜ਼ਰੀ ਕਮੇਟੀ ਕਾਇਮ ਕਰ ਲਈ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਮੰਤਰੀਆਂ ਦੀ ਤਨਖਾਹ 800 ਰੁਪਏ ਸੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਕ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਕਰ ਲਈ ਗਈ। ਭੱਤਾ ਕਹਿਣ ਲੱਗੇ ਸਾਨੂੰ ਘਟ ਮਿਲਦਾ ਹੈ, ਉਹ ਵੀ ਵਧਾ ਲਿਆ ਗਿਆ। ਆਪਣੇ ਲਈ ਤਾਂ ਸਾਰਾ ਕੁਝ ਇਹ ਕਹਿਕੇ ਕਿ ਮਹਿੰਗਾਈ ਹੈ, ਇਹ ਸਭ ਕੁਝ ਕਰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਪਰ ਗਰੀਬ ਕਲਰਕ ਜਿਹੜੇ 60 ਰੁਪਏ ਮਾਹਵਾਰ ਤਨਖਾਹ ਲੈਂਦੇ ਹੋਏ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਚ ਵਸਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਹਿੰਗਾਈ ਅਲਾਉਂਸ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ, Hilly areas ਵਿਚ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਗਰੀਬ ਕਲਰਕਾਂ ਦਾ ਹਿਲ ਅਲਾਉਂਸ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਆਪਣੇ ਵਾਸਤੇ ਇਹ ਇਕ ਪਾਸੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਆਪਣੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਮਹਿੰਗਾਈ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਵਧਾ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਪਰ ਗਰੀਬਾਂ ਦੀ ਰੋਜ਼ੀ ਤੇ ਇਸ ਲਈ ਕੁਹਾੜਾ ਚਲਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਹੁਣ ਮਹਿੰਗਾਈ ਨਹੀਂ ਰਹੀ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਕਾਰਖਾਨਿਆਂ ਦੇ ਮਾਲਕ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨਾਲ ਸਲੂਕ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਉਜਰਤ ਘਟ ਤੋਂ ਘਟ ਦੇਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਮਾਲਕ ਸਭ ਕੁਝ ਆਪ ਹੜਪ ਕਰਦੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਹੀ ਨਹੀਂ ਜੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੀ ਛਾਂਟੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਛੋਟਿਆਂ ਦੀ ਜੋ ਨੁਕਸਾਨ ਵਾਸਤੇ ਹਨ ਤਾਂ ਗਰੀਬ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪੇਟ ਤੇ ਪੱਟੀ ਬੰਨ੍ਹ ਕੇ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਕਰਨ ਲਈ ਮਜਬੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸੋਸ਼ਲਿਸਟ ਵਾਦੀ ਨਿਜ਼ਾਮ ਵਿਚ ਵਿਘਨ ਪਾਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਇਕ ਜਬਰ ਤੇ ਜ਼ੁਲਮ ਦਾ ਨਮੂਨਾ ਹਨ।

ਹੜਾਂ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਹੜ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਪਰ ਫੇਰ ਵੀ ਇਸ ਯੁਗ ਵਿਚ ਹਰ ਕਿਸਾਨ ਦਾ ਫਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਈ ਜਾਵੇ। ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਅੱਜ 31 ਲੱਖ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਹਰ ਸਾਲ ਹੜ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਜਿਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਹੈ ਕਿ ਇਤਨਾ ਨੁਕਸਾਨ ਮੁਲਕ ਦਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਸਭ ਤੋਂ ਵਧ ਨੁਕਸਾਨ ਇਸ ਕਾਰਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਬਾਰਸ਼ਾਂ ਦੇ ਪਾਣੀ ਦੀ ਨਿਕਾਸੀ ਦਾ ਢੰਗ ਸਭ ਤੋਂ ਭੈੜਾ ਹੈ। ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਚੋਅ ਅਤੇ ਨਾਲੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਜ਼ਿਲਾ ਬਠਿੰਡੇ ਵਿਚੋਂ ਦੀ ਕਢਕੇ ਦਰਿਆਏ ਸਤਲੁਜ ਦੇ ਵਿਚ ਸਿਟਣ ਦੀ ਸਕੀਮ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਅਸਰ ਜ਼ਿਲਾ ਬਠਿੰਡੇ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਤੇ ਬਹੁਤ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਰਾਹੀਂ ਹਰ ਸਾਲ ਕੋਈ ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਸੌ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਬਠਿੰਡੇ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਦੀ ਤਾਂ ਚੰਦ ਭਾਨ ਡਰੇਨ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਸਰਹੰਦ ਨਾਲਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਕ ਪਾਸੇ ਦੀ ਬਰੇਟਾ ਡਰੇਨ ਦੀ ਨਿਕਾਸੀ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਹਰ ਸਾਲ ਕਾਗਜ਼ੀ ਸਕੀਮਾਂ ਤਿਆਰ ਕਰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਨੁਕਸਾਨ ਤੋਂ ਨਹੀਂ ਬਚਾ ਸਕਦੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਰਾਹੀਂ ਤਾਂ ਅਜੇ 64-65 ਤੱਕ ਇਹ ਸਕੀਮਾਂ ਮੁਕਮਲ ਹੋਣਗੀਆਂ। ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਇਕ ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਲਗਵਾ ਕੇ ਚੰਦ ਭਾਨ ਡਰੇਨ ਬਣਵਾਈ ਪਰ ਇਸ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਹੋਣ ਦੀ ਬਜਾਏ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਤਬਾਹ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਸਾਡਾ ਇਲਾਕਾ ਬਾਰਡਰ ਦਾ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਪਾਣੀ ਦੇ ਨਾਲ ਤਬਾਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਤੋਂ ਖਤਰਾ ਹੈ। ਇਸ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਹੀ ਇਕੋ ਇਕ ਸੂਬਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਆਪਣੇ ਮੁਲਕ ਦੀ ਉਪਜ ਨਾਲ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੀ ਖੁਰਾਕ ਦਾ ਘਾਟਾ ਪੂਰਾ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਖਸਾਰਾ ਕੋਈ ਥੋੜਾ ਨਹੀਂ ਇਹ ਕੋਈ ਇਕ ਅਰਬ ਰੁਪਏ ਦਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਖਸਾਰਾ ਫੌਜੀ ਢੰਗ ਨਾਲ ਛੇਤੀ ਤੋਂ ਛੇਤੀ ਹੱਲ ਨਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਸਾਨੂੰ ਅਮਰੀਕਾ ਜਾਂ ਕੈਨੇਡਾ ਵਰਗੇ ਮੁਲਕਾਂ ਤੋਂ ਅਨਾਜ ਖਰੀਦ ਕੇ ਪੂਰਾ ਕਰਨਾ ਪਵੇਗਾ।

[ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ]

ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਡੀਫੈਂਸ ਦੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦਿਆਂ ਕਿ ਜਿਤਨਾ ਪੈਸਾ ਵੀ ਡੀਫੈਂਸ ਲਈ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਉਹ ਸਾਰੇ ਦਾ ਸਾਰਾ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਨੇ ਹੀ ਦਿੱਤਾ ਹੈ, ਅਮੀਰਾਂ ਨੇ ਇਕ ਧੇਲਾ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ। ਇਸ ਐਡਰੈਸ ਵਿਚ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਰੋਸ਼ਨੀ ਨਹੀਂ ਪਾਈ ਗਈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਅਮੀਰਾਂ ਨੇ ਪੈਸਾ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਇਹ ਕਿਵੇਂ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਡੀਫੈਂਸ ਐਕਟ ਦੇ ਤਹਿਤ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਤੇ ਤਾਂ ਮੁਕਦਮੇ ਚਲਾਏ ਜਾ ਸਕਦੇ ਹਨ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਐਕਸ਼ਨ ਲੈਨ ਦਾ ਢੰਗ ਇਖਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਮਿੱਟੀ ਦਾ ਤੇਲ, ਆਟਾ ਅਤੇ ਚੀਨੀ ਚਾਰ ਚਾਰ ਰੁਪਏ ਬੋਰੀ ਵਧਾ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਅਸਲ ਵਿਚ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਸਾਰੀ ਦੀ ਸਾਰੀ ਬਪਾਰੀਆਂ ਅਤੇ ਸਰਮਾਏਦਾਰਾਂ ਦੇ ਧੜੇ ਦੀ ਹੈ, ਇਸ ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਗਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਆਉਂਦੀ ਹੋਵੇ ਇਹ ਨਜ਼ਰ ਅੰਦਾਜ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਕੋਈ ਗਲ ਹੋਵੇ ਨਾ ਹੋਵੇ ਪਹਿਲਾਂ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਨੂੰ ਨਜ਼ਰਬੰਦ ਕਰਨ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਲਾ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਪਰ ਬਲੈਕ ਮਾਰਕੀਟੀਆਂ ਨੂੰ ਬਜਾਏ ਪੁਛਣ ਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪਰਵਰਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। (ਇਕ ਮਾਨ-ਯੋਗ ਸਦਸਯ: ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਹਿਸਾ ਹੋਣਾ ਹੈ ਹੋਰ ਕੀ ਗਲ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ।) ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਇਸ ਵੇਲੇ ਜਦੋਂ ਕਿ ਪੈਸੇ ਦੀ ਇਤਨੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਸੀ, ਰਜਵਾੜਿਆਂ ਦੇ ਭੱਤੇ ਅਤੇ ਅਲਾਂਊਂਸ ਬਗੈਰ ਕਿਸੇ ਪੁਛ ਗਿਛ ਦੇ ਬੰਦ ਕਰ ਦੇਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਸਨ, ਜਦੋਂ ਕਿ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਤੋਂ ਭੁਖਿਆਂ ਨੰਗਿਆਂ ਤੋਂ ਦਾਨ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਦਬਾ ਦਬਾ ਪੈਸਾ ਉਗਰਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਨਵਾਬ ਹੈਦਰਾਬਾਦ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਤਾਂ ਗ਼ਰੀਬ ਹਾਂ ਡੀਫੈਂਸ ਲਈ ਇਕ ਪੈਸਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦਾ, ਕੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਐਸਿਆਂ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਉਗਰਾਹੀ ਕਰਾਉਣ ਦਾ ਇੰਤਜਾਮ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਐਡਰੈਸ ਰਾਹੀਂ ਵੀ ਕੋਈ ਪਾਲੀਸੀ ਨਹੀਂ ਜ਼ਾਹਿਰ ਹੁੰਦੀ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਉਗਰਾਹੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਦੀ ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ ਡੀਵੈਲਪਮੈਂਟ ਨਾਲ ਜ਼ਰਾ ਵੀ ਵਾਸਤਾ ਨਹੀਂ। ਡੀਵੈਲਪਮੈਂਟ ਦੇ ਨਾਉਂ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਚੰਦੇ ਉਗਰਾਹੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਤੋਂ ਫੰਡ ਲਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਮਿਊਂਸੀਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਤੋਂ ਫੰਡ ਉਗਰਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜ਼ਿਲਾ ਪਰੀਸ਼ਦਾਂ ਤੋਂ ਫੰਡ ਦੀ ਵਸੂਲੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਸਾਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਵਸੂਲੀ ਦਾ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਪੁਰਾਣਾ ਹੀ ਤਰੀਕਾ ਚੱਲ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਵਿਚ ਵੀ ਰਿਸ਼ਵਤ ਖੋਰ ਅਤੇ ਵੱਡੇ ਵੱਡੇ ਅਮੀਰ ਹੀ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾ ਰਹੇ ਹਨ, ਗ਼ਰੀਬ ਆਦਮੀਆਂ ਦਾ ਕਚੂਮਰ ਨਿਕਲ ਰਿਹਾ।

ਹੁਣ ਮੈਂ Transport ਵਲ ਆਉਂਦਾ ਹਾਂ ਜਿਸ ਦਾ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਡਾਕਟਰ ਬਲਦੇਵ ਪਰਕਾਸ਼ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ। Transport ਨੂੰ ਅਗਰ ਕੌਮੀ ਕਰ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਖਜ਼ਾਨੇ ਵਿਚ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਦਾ ਵਾਧਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਸਾਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਦੇ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ Governor ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਆਪਣੇ Address ਦੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਜਿਕਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਇਸ ਦੀ ਇਕ ਬਹੁਤ ਵਡੀ background ਹੈ। ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਹਨ ਇਹ ਜਦ elections ਲੜਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਇਹ transport companies ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਪੈਸੇ ਲੈਕੇ ਖਰਚ ਕਰਦੇ ਹਨ ਔਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ transport ਦੇ ਵਿਚ ਪੂਰਾ ਪੂਰਾ ਹਥ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜੇਕਰ transport ਨੂੰ nationalise ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਦੀ ਬਚਤ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਔਰ ਹੋਰ ਨਵੇਂ tax ਲਗਾਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਪੈਂਦੀ। ਸਾਡੇ ਰਾਜਪਾਲ ਸਾਹਿਬ ਨੇ address ਵਿਚ ਇਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਇਸ਼ਾਰਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਮੈਂ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Government ਇਨ੍ਹਾਂ ਉਣਤਾਈਆਂ ਨੂੰ

ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰੇਗੀ । ਬਾਵਜੂਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਘਾਟਿਆਂ ਦੇ ਵੀ Government ਨੇ ਜਿਹੜੇ ਚੰਗੇ ਕਮ ਕੀਤੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਲਈ ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੁਬਾਰਿਕਬਾਦ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਜਿਹੜਾ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ Address ਦਾ thanks ਦਾ ਮਤਾ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ॥

**चौधरी राम सिंह** (जींद) : मैडम एडरैस के शुरु में ही हम को गवर्नर साहब ने welcome किया है । इस साल में हम पहली दफा यहां जब joint session में इकट्ठे हुए तो वह तशरीफ लाए*—— । (*Interruptions*) मैं उनके सम्मान पर हमला नहीं करता बल्कि मैं सिर्फ उन के Address तक ही अपनी speech का ताल्लुक रखूंगा जो उन्होंने दोनों हाउसिज़ के सामने पढ़ा है। उन्होंने Address में लिखा है —

"that I consider it a privilege to be called upon to serve this State and shall endeavour to do so in whatever manner I can"

तो मैं प्रार्थना करता हूं कि*————————(*Interruptions*)

**सिंचाई तथा विद्युत मन्त्री** : On a point of order, Sir. इन्होंने गवर्नर महोदय पर asperssions cast की हैं यह लफ्ज़ debate से expunge हो जाने चाहिएं ।

**Sardar Gurnam Singh** : Is it a point of order ?

**उपाध्यक्षा** : Order, please. Point of order का फैसला आप ने करना है या मैं ने करना है? (Order, please. I have to decide about the validity of the point of order and not the hon. Members.)

**चौधरी राम सिंह** : मैडम, गवर्नर साहब ने जो यहां Address पेश किया है यह तो एक कहानी ही है क्योंकि इस में जो काम हमारी State में गवर्नमेंट की तरफ से किये गए वही दिये हुए हैं और किसी चीज़ का इस में ज़िक्र नहीं किया गया। असल में जो गवर्नर का Address होता है वह हमेशा आने वाले साल के लिये जो policy गवर्नमेंट की होगी वह lay करता है । Address story telling नहीं होना चाहिए बल्कि fortune telling होनी चाहिए । और यहां जो Address पेश किया गया है यह तो उस काम का एक circular सा है जो पिछले साल में Government के Secretaries ने किया है । हम इस के लिये गवर्नर साहब को कैसे मुबारिकबाद दे सकते हैं। इस में तो गवर्नर साहब ने सिर्फ national emergency पर दो सफे लिखे हैं और हमारे जवानों की बस तारीफ की है लेकिन बड़े अफसोस की यह बात है कि जिन जवानों ने front पर लड़ते हुए देश की रक्षा करते हुए अपनी जानें देश को अर्पण की हैं उन के लिये इस में सिर्फ इतना ही लिखा है कि उन के बच्चों की पढ़ाई मुफत कर दी जाएगी । मैं पूछता हूं कि यह उन्होंने कौन सा concession दिया है। यह तो कोई concession नहीं क्योंकि छटी जमात तक तो वैसे ही

* *Note*—Expunged as ordered by the Speaker.

[चौधरी राम सिंह]
सब की तालीम मुफ्त है। यह कौन सा बड़ा concession है जो लोगों को फौज में भरती होने के लिये attract करेगा कि वह फौज में अपने बच्चों को भेजें क्योंकि उन के बाद उन के बच्चों को State की तरफ से तालीम मुफ्त दी जाएगी। आप ने अंग्रेजों के ज़माने में देखा होगा कि फौजियों की सेवाओं की बहुत कदर हुआ करती थी। उन को ज़मीनें दी जाती थीं। (एक आवाज़ : अब भी दी जाएंगी।) कहां दी जाएंगी? यह ठीक है कि राजस्थान के चीफ मिनिस्टर जब इधर आए थे तो उन्होंने कहा था कि वह पंजाब के उन नौजवानों की families के लिये जो लड़ाई में शहीद होंगे राजस्थान में एक लाख एकड़ ज़मीन देंगे। इसी तरह ही मध्यप्रदेश के मुख्य मन्त्री ने भी कहा था लेकिन हमारे चीफ मिनिस्टर ने आज तक नहीं कहा कि उन नौजवानों को यह भी ज़मीन देंगे और अगर यह कह भी दें तो मैं जानता हूं कि यहां पर उन को देने के लिये एक बीघा ज़मीन भी फालतू नहीं निकलेगी। क्योंकि आज यह उन लोगों को ज़मीनें दे रहे हैं जिन्होंने कभी भी ज़मीन काश्त नहीं की और जो काश्त करते आए हैं और उन के पास काश्त करने को ज़मीन नहीं उन्हें नहीं दी जा रही। इस Address में होना तो यह चाहिये था कि जो जवान front पर शहीद होंगे उन को सरकार की तरफ से ज़मीन दी जाएगी ताकि उन के बच्चे उन के बाद रोटी खा सकें। ऐसा करने से लोगों का हौसला बढ़ सकता है और वह फौज में खुशी से भरती हो सकते हैं। मैं यह बता देना चाहता हूं कि बातों से या रोज़ भाषण देने से लड़ाइयां नहीं लड़ी जातीं। इस के लिए practical काम करना होगा। अगर यह practical काम नहीं करेंगे तो यह जो श्रद्धांजलियां देते रहते हैं और भाषण देते रहते हैं, तेजपुर के डिप्टी कमिश्नर की तरह साबत होंगे। फिर हमारी गवर्नमैंट को चाहिए कि यह military authorities को यह recommendations भेजे कि केवल उन लोगों को ही फौज में भरती किया जाए जिन की back ground ही military की हो, जो लड़ाई के काम में practical तजरुबा रखते हों। लड़ाई के मैदान में तो लड़ना पड़ता है और सिर्फ किताबी knowledge से काम नहीं चलता। अगर इस सुझाव पर अमल न किया गया तो हमारी फौज कमज़ोर हो जाएगी आप इसी बात से अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि लद्दाख और नीफा के महाज़ पर जितने शहीद हुए हैं उन तमाम सिपाहियों के नाम के पीछे सिंह का शब्द आता है और वहां जो चार Lient. Colonels चीन के कैदी बने हैं उन में से कोई खोसला है, कोई सूरी है और कोई महता है। (Opposition के कुछ मेम्बरों की तरफ से तालियां और चौधरी सुन्दर सिंह की तरफ से (*interruptions*)

**उपाध्यक्षा** : Order, please मैं इस तरह interruptions की इजाज़त नहीं दे सकती। (Order please. I will not allow interruptions like this)

(At this stage Chaudhri Sunder Singh tried to interrupt.)

**उपाध्यक्षा** : चौधरी सुन्दर सिंह जी, इस बात का ख्याल रखिए कि यहां बहस मुबाहसा नही हो रहा। मैं इस तरह की चीज़ों की इजाज़त नहीं दे सकती। (The hon. Member Chaudhri Sunder Singh may please bear in mind that this is not the debate which can be interrupted at any time. I cannot permit that.)

**श्री राम प्रताप गर्ग** : On a point of order, Madam. क्या कोई मैंबर कान्स्टीट्यूशन का विरोध कर सकता है। यह उस के खिलाफ preach कर रहे हैं। (विघ्न)

**उपाध्यक्षा** : इस हाऊस में बहुत से मैंबर साहिबान हैं जो यह समझते हैं कि रूलिंग देना उन का काम है। (विघ्न) (Quite a number of Members in the House think it to be their job to give rulings.) Please wind up.

**चौधरी राम सिंह** : मैं ने तो अभी शुरू ही किया है। मैं एक आल इंडिया पार्टी को represent करता हूं मुझे 15 मिनट और मिलने चाहिएं। (विघ्न) मेरे दोस्त, practical side को नहीं देखते। अगर मुझे मुर्रा नसल की भैंस चाहिए तो वह मुझे पंजाब में ही मिल सकती है, सिरसा की तरफ ही मिल सकती है, मध्य प्रदेश में नहीं मिल सकती। (आपोजीशन की तरफ से तालियां।) (interruption by Chaudhri Sunder Singh)

**Pandit Chiranji Lal Sharma :** On a point of order, Madam. Can an hon. Member throw a challenge to the hon. Member who is on his legs, for the observations he is making ? Why the Member, who is not open to conviction, does not shut his ears ?

**Deputy Speaker :** If the hon. Member (Chaudhri Sunder Singh) continues to interrupt like this I will be forced to name him.

I would request the hon. Member speaking to address the Chair.

**चौधरी राम सिंह** : मुझे तो कुश्ती के लिए चैलेंज किया जा रहा है।

**सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों** : On a point of order, Madam. डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो प्वायंट चौधरी राम सिंह जी ने उठाया है यह मेरे ख्याल में इस वक्त नहीं आना चाहिए था। इस तरह की बातों से तो देश की रक्षा के लिये फिज़ा खराब होती है। यह मज़ाक का मौजू नहीं बननी चाहिए कि हम आईन में किस तरफ जा रहे हैं और सोचते किस तरह हैं बाकी हंसने हंसाने की बात अलग है। जो चीज़ चल रही है उस को न तो चौधरी राम सिंह ही दुरुस्त कर सकते हैं और न ही हम कर सकते हैं। मगर जो एक ideal है उस में हमें एक दूसरे से अलग नहीं होना चाहिए।

**उपाध्यक्षा** : ढिल्लों साहिब, आप की बात बिल्कुल सही है। (The hon. Member is quite right.)

**चौधरी राम सिंह** : दूसरी बात जो गवर्नर साहिब के ऐड्रेस में कही गई है वह यह है कि पंजाब ने रक्षा फंड में बहुत पैसा दिया है। इस की भी बैकग्राउंड है। पंजाब में मिडल क्लास रहती है जिस ने इतना पैसा दिया है। अगर पैसा अमीरों ने दिया होता तो ज़्यादा पैसा बम्बई और कलकत्ता वगैरह से इकट्ठा होता मगर उन्होंने तो दिया नहीं और जहां ज़्यादा लोग गरीब हैं वह बेचारे दे ही क्या सकते हैं। यह है वजह पंजाब के ज़्यादा फंड देने की मगर अब आप ने मिडल क्लास की रोटियों पर टैक्स लगा दिया है। आप मिडल क्लास को अपनी लैंड रिफार्म्ज़ के ज़रिये खत्म कर रहे हैं। और अगर यह क्लास खत्म हो गई तो फिर जब पैसे की ज़रूरत पड़ी तो आप को 5 करोड़ रुपया नहीं मिल सकेगा।

[चौधरी राम सिंह]

एक और ज़रूरी बात जिस का गवर्नर साहिब ने जिक्र नहीं किया यह है कि जो जवान फौज में भर्ती हुए हैं या मारे गए हैं उन के बच्चों को टैक्नीकल ऐजुकेशन देने के लिये खास प्रबन्ध किया जायगा। इस चीज़ के बगैर उन की रोटी सिक्युर नहीं हो सकती। यह सरकार का फर्ज़ बनता है कि इस का भी इंतजाम करे। (घंटी)।

बस जी दो मिनट और। एक और बात जिस का ज़िक्र नहीं किया गया वह है शराब बंदी। सरकार ने यह नहीं बताया कि आने वाले साल में सरकार की क्या पालिसी रहेगी। यह रोहतक के अलावा और बढ़ाई जायगी या कि वहां से भी बंद कर दी जायगी। (विघ्न)

एक बहुत ज़रूरी बात जो रह गई है वह है re-adjustment of District boundaries तीन साल से यह बात कही जा रही है कि पंजाब में नए ज़िलें बनाए जाएंगे मगर इस का भी कोई इस ऐड्रेस में ज़िक्र नहीं किया गया। इस का मतलब है कि अगले साल में भी यह काम नहीं किया जायगा।

जुडीशरी को ऐग्ज़ैक्टिव से जुदा करने के लिये कई बार कहा गया है। गवर्नमैंट ने एक Law कमिशन बनाया। उस की यह सिफारिश है कि इन को अलग अलग कर देना चाहिए। (घंटी) अगर यह जुदा कर दिए जाएं तो जैसा कि एक भाई ने कहा था कि यहां पर महाराजा प्रताप सिंह का राज है वह बात भी कहने को नहीं रह जायगी। (विघ्न)

**उपाध्यक्षा** : यहां पर महाराजा प्रताप सिंह की क्या बात है? ( How does Maharaja Partap Singh come in here ? )

**चौधरी राम सिंह** : यह बड़ी ज़रूरी बात है कि जुडीशरी को ऐग्ज़ैक्टिव से अलग किया जाए और सरकार की डिक्टेटरशिप बल्कि एक आदमी की डिक्टेटरशिप को खत्म किया जाए। मुझे यह देख कर बड़ी हैरानी हुई कि कल से चीफ मिनिस्टर साहिब गैरहाज़िर हैं तो कोई वज़ीर किसी ज़रूरी सवाल का जवाब ही नहीं दे सका। इन को तो ऐसी हिदायतें हैं। यह डरते हैं कि अगर मुंह खोला तो इन को भी उसी तरह से निकाल दिया जायगा जैसा कि दूसरों को निकाला गया है। (घंटी)

**उपाध्यक्षा** : इस घंटी का भी तो कोई मतलब होता है। अब तो पांच मिनट हो गए हैं दो की बजाए। (After all the ringing of bell means something. He has taken 5 minutes instead of 2.)

**चौधरी राम सिंह** : मैं तो इन्टरप्शन्ज़ और घंटी की वजह से बोल ही नहीं सका। हां, तो मैं कह रहा था कि Law Report को छुआ तक नहीं गया।

जहां तक nutrition का ताल्लुक है विटामीन का तो ज़िक्र करते हैं मगर डालडा को अभी तक रंग नहीं दे सके कि लोगों को खालिस घी तो मिले। फिर डराई मिल्क के कारखाने लगाए हैं। मगर आप लोगों को wet मिल्क क्यों नहीं देते? घटिया चीज़ें क्यों देते हैं। हमें तो बढ़िया नसल की गाए भैंसें दीजिये, चरागाहें दीजिए ताकि लोगों की सेहत अच्छी हो। अभी मुझे यह देख कर अफसोस हुआ कि नौजवान भर्ती न हो सके क्योंकि उन की छाती 32 इंच चौड़ी नहीं थी। (घंटी)। बहुत अच्छा जी, मैं इन शब्दों के साथ बैठ जाता हूं। बाकी बातें फिर वक्त मिला तो अर्ज़ करूंगा।

**श्री रूप लाल मेहता** (पलवल) : आदरणीया डिप्टी स्पीकर साहिबा, राज्यपाल महोदय के ऐड्रेस पर कल से बहस चल रही है। राज्यपाल महोदय ने अपने भाषण में जो कुछ कहा, वह एक पंजाब की खुशनुमा तस्वीर हमारे सामने रखी है। अभी थोड़े दिन हुए जब पंजाब के मुख्यमंत्री ने पंजाब निवासियों से अपील की तो इस प्रदेश के सभी नेताओं ने उनका साथ दिया और सीनास्पर हुए। और यहां से करोड़ों रुपया इक्ट्ठा हुआ। इसलिए तमाम पंजाब की सराहना होनी चाहिए और मुझे उस सारी मशीनरी की सराहना करनी पड़ती है जिसने पंजाब का मौरेल ऊंचा किया और इसका नाम उजागर किया। यहां जिन भाइयों ने नुक्ताचीनी की, यह ठीक है कि उनका अधिकार है, लेकिन ऐसी बातें आज के हालात में नहीं करनी चाहिएं और उस वक्त जब राज्य सरकार ने बहुत अच्छा काम किया हो। साढ़े पांच करोड़ से ऊपर रुपया इक्ट्ठा हुआ। वह आखिर पंजाब की ही जनता ने दिया है, यह दूसरी बात है कि बड़े आदमियों ने कम दिया और छोटे आदमियों ने ताकत से काफी ज्यादा दिया लेकिन दिया इसी राज्य के लोगों ने। यही नहीं सैकड़ों भाई इस प्रदेश के रहने वाले नी नीफा और लद्दाख की सीमा पर सीना तान के दुश्मन के साथ लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उनके लिए हमारी सरकार को बहुत कुछ करना है जैसा कि पहले भी कर चुकी है और कर रही है। क्योंकि अगर वीरों के बलिदान की कद्र न हुई तो लोगों में देश के लिए बलिदान की भावना कैसे पैदा होगी। हमारे देशवासियों को चाहिए कि वे बिना भेद भाव के, बिना जाति-पांति की बात में पड़ते हुए देश की सेवा करें। यही उनका सबसे बड़ा फर्ज़ है। हमने बड़ी मुश्किलों के बाद आज़ादी को प्राप्त किया है, और यह सच है, कि कांग्रेस के झंडे के नीचे और उस जमात की रहनुमाई में हमने आज़ादी हासल की है उसकी हमें हर कीमत पर सुरक्षा करनी है।

हमारे राज्यपाल ने मुख्तलिफ डिपार्टमैंटस की तरक्की की बातें हमारे सामने रखीं जिन पर हम फख्र कर सकते हैं। और अगर हम यहां की खेती, यहां की ऐजुकेशन, यहां की इंडस्ट्री में हो रही तरक्की से इनकार करते हैं तो इसका मतलब है कि हम असली बातें दूसरों की निगाहों से छिपाना चाहते हैं। आज पंजाब ने वीरता के लिहाज़ से दूसरे प्रांतों के सामने एक मिसाल कायम की है जिससे हर पंजाबी का सिर ऊंचा हुआ है और चीन को अपनी सरज़मीन से भगाने में जो कुरबानियां दी हैं उसकी हमें तारीफ करनी पड़ती है और करनी ही चाहिए।

हमारे राज्यपाल ने बहुत सी बातों पर रोशनी डाली लेकिन कुछ ऐसी भी बातें हैं जो होनी चाहिए थीं लेकिन नहीं हो रहीं। जहां पंजाब के कई ज़िलों ने तरक्की की है वहां बहुत से हिस्से ऐसे हैं जो इस दौड़ में पीछे रह गए हैं और मुझे मजबूर हो कर यह कहना पड़ता है कि गुड़गांव नहर जिस पर 1 करोड़ 56 लाख रुपया खर्च हो चुका है, वह एमरजेंसी में बन्द कर दी गई है। इस के बन्द हो जाने से हमारे ज़िले में एक निराशा की, एक अज़हद मायूसी की लहर दौड़ गई है। माना कि एमरजेंसी है लेकिन जंग सिर्फ मैदान में ही नहीं लड़ी जाती, जंग को जीतने के लिए पैदावार बढ़ानी ज़रूरी है और उसके लिए पानी की हर हालत में ज़रूरत होती है। हमारा ज़िला पहले ही पैदावार के लिहाज़ से पीछे है जो इस नहर के कारण लोगों को आशा बंधी थी और लोगों ने काम करना शुरू किया था वह अब इसके बन्द हो जाने से, खत्म हो गया। मैं समझता हूं कि एक नहर पर 1 करोड़ 56 लाख रुपया खर्च करना और उसको फिर बीच में ही छोड़ देना यह दानिशमन्दी नहीं है। मैं सरकार को यह अपील करना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहबा, आपके ज़रिए कि जो ज़िला लड़ाई में अपने

[श्री रूप लाल मेहता]

सिपाही भेजता रहा हो और जहां के लोग डट कर लड़ते रहे हों उसको टाप प्राइरटी देनी चाहिए थी इरीगेशन के मामले में। लेकिन हैरानी होती है कि वहां के बिजली के महकमे को सूचना दी गई है कि वह जो Construction Division है वह अपना काम बन्द करे। और हो सकता है कि हमारे ज़िले के डीवीज़न को बन्द कर दिया जाए। नहर बन्द हो गई और अब बिजली बन्द होने की नौबत है। मैं सरकार के अच्छे कामों की सराहना करता हूं लेकिन इस वक्त उस हिस्से को छोड़ देना और एमरजेंसी के नाम पर, तो मैं समझता हूं कि यह ठीक बात नहीं है। गुड़गांव ज़िला जो पसमांदा ज़िला है उसके अन्दर जो नहर तैयार की जा रही थी, उसे बन्द करके उसकी हकतलफी की गई है। मैं राज्यपाल के ऐड्रैस के बहुत से हिस्सों से खुले तौर पर इत्तिफाक रखता हूं लेकिन क्या कहा जाय अगर इस ऐड्रैस में इस नहर को भी जोड़ दिया जाता तो पंजाब की तस्वीर एक सुनहरी तस्वीर बन जाती। मुझे यह बातें साफ साफ इस लिए कहनी पड़ती हैं कि अगर मैं अपने इलाके की तरजमानी करता हुआ यह न कहूं कि सही क्या है, गलत क्या है तो मैं समझता हूं कि मैं अपने फर्ज़ से कोताही करूंगा।

पंजाब सरकार ने इरीगेशन के लिये लोगों को सबसीडी दी। अच्छा किया, लेकिन 13 साल के बाद अब जब उसे realise करने चली तो लोगों को पकड़ पकड़ कर जेलों में डाल दिया और एक मुअज़िज़ ज़मींदार स्वर्ण सिंह को भी जेल में भिजवा दिया है।

मुझे यह पता नहीं कि यह काम कैसे हुआ लेकिन इस के बारे में concerned Department ही बता सकता है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, floods से हमारे इलाके में बहुत तबाही हुई है। मैं अर्ज़ कर रहा था कि floods को रोकने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई, इस बारे में हमारे ज़िले के साथ सौतीली मां का सलूक किया जा रहा है। मैं चाहता हूं कि मेरी आवाज आप की विसातत से सरकार के कानों तक पहुंच जाए। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार हमारे ज़िले को नज़र अन्दाज़ नहीं करेगी क्योंकि यह इलाका पिछड़ा हुआ है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जहां तक फौज की भर्ती का सवाल है हज़ारों आदमी मेरे ज़िले के भर्ती होने के लिए भर्ती के दफ्तर में गए, अच्छे अच्छे नौजवान भर्ती के लिए आए, उन में भर्ती होने का जोश था। उन में जो physically fit थे उन को सरकार ने भर्ती कर लिया। यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि यह जोश यहां तक था कि वह बिना तनखाह के भी फौज़ में भर्ती होने के लिए तैयार थे। ठाकुर, ब्राह्मण, जाट हर जाति के लोग फौज में भर्ती होने के लिए आगे आए। मैं ने इस बात की कोशिश की कि ज़िला गुड़गांव में फौजी भर्ती का दफ्तर खोला जाए। सरकार ने मेरी बात को मान लिया और वहां पर दफतर खोला दिया गया। मैं सरकार का इस सम्बन्ध में बहुत आभारी हूं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे इलाका में जगह जगह पर पानी खड़ा रहता है। और मेरे इलाके की जो हालत है वह किसी से भी छिपी हुई नहीं है। बावजूद इस बात के कि मेरे इलाके के लोगों ने हर तरह से इस संकट में सरकार की पूरी मदद की। इस लिए

सरकार को भी अपना फर्ज़ पूरा करना चाहिए। गुड़गांव नहर की जो स्कीम है उस को भी पूरा करना चाहिए। इस नहर पर काम न चलने से मेरे इलाके में बहुत मायूसी छायी हुई है। सरकार को यह शोभा नहीं देता, जो शंका जनता के दिलों में बैठी हुई है उस को दूर किया जाए। इसे गुड़गांव ज़िले की नहर की मांग को इन्कार नहीं करना चाहिए। मेरे इलाके के लोगों ने किसी बात से भी इन्कार नहीं किया। मेरे इलाके के लोग समझदार हैं और उन्होंने प्रांत की तरक्की के लिए हर समय सहयोग दिया है। वहां के लोगों ने पंजाब सरकार की मदद की। कई लोग इधर उधर की बातें करते हैं टीका टिप्पणी करते हैं और इलज़ाम लगाते हैं मैं ऐसी बात नहीं करना चाहता हूं, मैं यह ज़रूर कहूंगा कि गुड़गांव ज़िले का मसला बहुत ज़रूरी है। यह ठीक है कि हम ने National Emergency को निभाना है war fund के लिए collections करनी हैं और दूसरे काम भी करने हैं। इन से ज़िला गुड़गांव किसी से भी पीछे नहीं है। इस लिए डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप का धन्यावाद करता हूं कि आप ने बोलने के लिए समय दिया लेकिन मैं इस के साथ ज़रूर कहूंगा कि अगर ज़िला गुड़गांव के कामों को नज़र अन्दाज़ किया गया तो वहां की जनता को बहुत set back पहुंचेगा।

**ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ** (ਧਾਰੀਵਾਲ): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਐਤਕੀ ਦਾ ਇਕਠ ਕੋਈ ਸਾਧਾਰਨ ਇਕਠ ਨਹੀਂ। ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਐਮਰ ਜੈਂਸੀ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਹਨ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਹੰਗਾਮੀ ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਜਿਥੇ ਦੇਸ਼ ਤੇ ਔਕੜ ਬਣੀ ਸੀ ਅਤੇ ਹਰ ਇਕ ਨੇ ਉਸ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨਾ ਸੀ ਅਸੀਂ ਇਹ ਆਸ ਰਖਦੇ ਸਾਂ ਕਿ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਭਾਸ਼ਨ ਵਿਚ ਕੁਝ ਠੋਸ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਹੋਣਗੀਆਂ। ਐਸੇ ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਜਦ ਕਿ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਹਨ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਐਡਰੈਸ ਇਸ ਪਖ ਵਲ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਹ ਉਹ ਐਡਰੈਸ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਜੀਂਦੀ ਜਾਗਦੀ ਪਾਲੀਸੀ ਦੀ ਤਸਵੀਰ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਵੀ emergency policy ਦਾ ਇਲਾਨ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਦੁਖ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਇਹ ਗਲ ਵੇਖ ਕੇ ਕਿ ਅਜ ਸੂਬੇ ਤੇ ਨਿਰੇ ਪੰਜਾਬ ਤੇ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਾਰੇ ਦੇਸ਼ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਬਣੀ ਹੋਵੇ ਤੇ ਇਨਾ ਭਾਰੀ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਹੋ ਗਿਆ ਹੋਵੇ ਉਸ ਦਾ ਟਾਕਰਾ ਕਰਨ ਲਈ ਭਾਸ਼ਨ ਵਿਚ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਸੀ ਪਰ ਇਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਬੇਪਤੀ ਹੋਈ, ਕਈ ਕਿਸਮ ਦੀਆਂ ਹਾਰਾਂ ਹੋਇਆਂ ਅਸੀਂ ਸਾਰੀ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਨੰਗੇ ਹੋ ਗਏ ਹਾਂ ਅਤੇ ਇਸ ਨੰਗੇਜ ਨੂੰ ਲੁਕਾਣ ਲਈ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਤਤਪਰ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਸੀ, ਕਿਸੇ ਠੋਸ ਪਾਲਸੀ ਦੇ ਇਲਾਨ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਸੀ ਜੋ ਇਸ ਭਾਸ਼ਨ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਡੀਫੈਂਸ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ emergency ਤੌਰ ਤੇ ਹਾਲਾਤ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹੋ ਗਏ ਸਨ ਕਿ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਜਜ਼ਬਾ ਵਧ ਗਿਆ ਸੀ ਇਸ ਨੂੰ ਉਤਸ਼ਾਹ ਦੇਣ ਲਈ ਆਸ ਕਰਦੇ ਸਾਂ ਕਿ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਕੁਝ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਨਗੇ ਪਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਜਿਸ ਦੇ ਹਥ ਵਿਚ ਪਿਛਲੇ 15 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਬਾਗ ਡੋਰ ਹੈ ਇਹ ਪੰਦਰਾਂ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਹਕੂਮਤ ਨੂੰ ਚਲਾ ਰਹੇ ਹਨ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇ ਫਿਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਵਡਿਆਈ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਕਿਸ ਗਲ ਲਈ ਮੈਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਨੀਆਂ ਹਾਰਾਂ ਵੇਖਿਆਂ ਬੇਪਤੀ ਵੇਖੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗਲਤ ਪਾਲੀਸੀ ਕਾਰਨ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਵੀ ਕਿਸੇ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਬੇ ਇਤਬਾਰੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਇਤਬਾਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਤੇ ਅਜ ਜਦ ਕੇ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਬਣੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਕਿ ਸਾਰੀ ਪਾਲੀਸੀ ਨੂੰ ਅਦਲ ਬਦਲ ਕਰ ਕੇ ਪੇਸ਼ ਕਰਦੇ ਤਾਂ ਜੋ ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਪੈਦਾ ਕੀਤਾ

[ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ]

ਜਾ ਸਕਦਾ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗ ਸਕਦਾ ਕਿ ਅਜਿਹੇ ਹਾਲਾਤ ਮੁੜਕੇ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਣ ਗੇ। ਇਸ ਗੱਲ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਾਰਾ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਧੰਨਵਾਦ ਦਾ ਪਾਤਰ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਆੜੇ ਸਮੇਂ ਸਹਿਯੋਗ ਦਿਤਾ ਅਤੇ **emergent** ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਹਰ ਪਰਕਾਰ ਦੀ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਪਰ ਦੁਖ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫਰਕ ਨਹੀਂ ਪਿਆ , ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਵਤੀਰੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਤਬਦੀਲੀ ਨਹੀਂ ਲਿਆਂਦੀ, ਹਰ ਕੰਮ ਆਪਣੀਆਂ ਗੱਦੀਆਂ ਕਾਇਮ ਕਰਨ ਲਈ ਕੀਤਾ ਫਿਰ ਡੀਫੈਂਸ ਆਫ ਇੰਡੀਆ ਰੂਲਜ਼ ਬਣਾਏ ਪਰ ਇਹ ਕਿਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਲਾਗੂ ਕੀਤੇ ਗਏ, ਇਹ ਤੁਹਾਡੇ ਤੋਂ ਲੁਕਿਆ ਛਿਪਆ ਨਹੀਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਗੱਲ ਸਮਝ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਨੀ ਭਾਰੀ ਬੇਪਤੀ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨਾ ਪਿਆ ਤਾਂ ਕੀ ਬਣੇਗਾ। ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨਾ ਪਿਆ ਹੈ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ।

ਦੋਸਤੋ, ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ **emergent** ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਡਟ ਕੇ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬਹਾਦਰੀ ਦੀ ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ ਕੀਤੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਨਤਾ ਨੇ ਕੋਈ ਕਸਰ ਉਠਾ ਨਹੀਂ ਰਖੀ ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਕੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਇਸ ਵਲ ਵੀ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਰੋਜ਼ ਕੂਕਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਵਲੋਂ ਢਿਲ ਹੋਈ ਹੈ **complacency** ਹੋਈ ਹੈ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਉਤਸਾਹ ਘਟ ਹੋਇਆ ਹੈ ਤੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਉਤਸਾਹ ਨੂੰ ਘਟ ਕਰਨ ਦੀ ਸਾਰੀ ਜਿਮੇਵਾਰੀ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਆਪਣੇ ਸਿਰਤੇ ਹੈ। ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸਾਡੀ ਡੀਫੈਂਸ ਦੀ ਤਿਆਰੀ ਹੈ ਪਰ ਕਾਹਦੀ ਤਿਹਾਰੀ ਹੈ ਮੈਂ ਤਾਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਗਲ ਤੇ ਕਤਈ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਤਿਆਰੀ ਕਰਨ ਵਲ ਸਹੀ ਮਾਹਿਨਿਆਂ ਵਿਚ ਕਦਮ ਪੁਟੇ ਗਏ ਹਨ। ਪਰ ਇਥੇ ਸਾਰਿਆਂ ਤੋਂ ਵਧ ਡੀਫੈਂਸ ਦੀ ਤਿਆਰੀ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਸੀ ਅਤੇ ਹਰ ਪਖ ਵਿਚ ਵਿਚ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਸੀ। ਪਰ ਜਨਤਾ ਦਾ ਨਾ ਲੈਕੇ ਮੁਲਕ ਨਾਲ ਮਖੌਲ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਹ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਵੇਲੇ ਲੋੜ ਸੀ ਡੀਫੈਂਸ ਦੀ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਡੀਫੈਂਸ ਤਾਂ ਕੇਂਦਰ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੈ ਪਰ ਅਸੀਂ ਵੀ ਤਾਂ ਕੇਂਦਰ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹਾਂ, ਅਸੀਂ ਇਸ ਵਿਚ ਆਉਂਦੇ ਹਾਂ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਹਿਣ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣੇ ਫਰਜ਼ ਅਤੇ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀ ਤੋਂ ਮੁਕਤ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ। ਜੋ ਕਦਮ ਉਠਾਏ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਬੜੀ ਸ਼ਾਨ ਵਿਖਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਦਮ ਚੁਕ ਰਹੇ ਹਾਂ ਇਹ ਕੀ ਹੈ ਇਹ ਤਾਂ ਜਨਤਾ ਨਾਲ ਅਤੇ ਸੂਬੇ ਨਾਲ ਮਖੌਲ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਏਅਰ ਰਾਈਫਲਾਂ ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਦੀ ਫੈਕਟਰੀ ਕਾਇਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹੰਗਾਮੀ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਫੌਜੀ ਤੌਰ ਤੇ ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਤੋਂ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ। ਏਅਰ ਰਾਈਫਲਾਂ ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਨਾਲ ਕੋਈ ਤਿਆਰੀ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਇਹ ਤਾਂ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਜ਼ਾਕ ਹੈ ਜੋ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਅਜ ਜਦ ਕੇ ਬਾਹਰਲੇ ਦੇਸ਼ ਸਾਡੀ ਮਦਦ ਲਈ ਤਤਪਰ ਹਨ ਅਤੇ ਹਰ ਪਰਕਾਰ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਦੇਣ ਲਈ ਉਤਾਵਲੇ ਹਨ ਅਤੇ ਮਨੋਂ ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਕਿਉਂ ਨਾ ਇਸ ਗਲ ਤੋਂ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾ ਕੇ ਇਥੇ ਆਪਣੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਹਰ ਕਿਸਮ ਦੇ ਅਸਲੇ ਦੀ ਤਿਆਰੀ ਦੇ ਕਾਰਖਾਨੇ ਕਾਇਮ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਸਾਨੂੰ ਇਥੇ ਹਥਿਆਰ ਤਿਆਰ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਕਿਉਂਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਹਥਿਆਰਾਂ ਦੀ ਸਾਨੂੰ ਵੜੀ ਲੋੜ ਹੈ।

ਫਿਰ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਸ਼ਾਇਦ ਇਹ ਖਿਆਲ ਹੋਵੇ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਪੰਜ ਜਾਂ ਸਤ ਸਾਲ ਤਿਆਰੀ ਕਰਨ ਲਈ ਮਿਲ ਜਾਣਗੇ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਤਿਆਰ ਹੋਵਾਂਗੇ, ਇਹ ਖਿਆਲ ਬਿਲਕੁਲ ਦਿਲ ਵਿਚੋਂ

ਕਢ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਜੋ ਡਰ ਸਾਡੀ ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਨੂੰ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ ਇਸ ਦਾ ਟਾਕਰਾ ਕਰਨ ਲਈ ਹਰ ਸਮੇਂ ਤਤਪਰ ਰਹਿਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਮਤ ਸਮਝੋ ਕਿ ਪੰਜ ਸਤ ਸਾਲ ਮਿਲ ਜਾਣਗੇ। ਤੁਹਾਨੂੰ ਮੇਰਾ ਆਪਣਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਦੋ ਸਾਲ ਤੋਂ ਵਧ ਮੌਕਾ ਕਿਸੇ ਨਹੀਂ ਦੇਣਾ ਤਿਆਰੀ ਕਰਨ ਦਾ ਖਤਰੇ ਦੀ ਸੰਭਾਵਨਾ ਹਰ ਵਕਤ ਰਖਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਆਪਣੀ ਤਿਆਰੀ ਵਿਚ ਢਿਲ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ।

ਫਿਰ ਰਾਈਫਲ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਇਸ ਨੂੰ ਅਰੰਭ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ 20 ਲਖ ਲੋਕ **train** ਕਰ ਦਿਤੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇੰਨੇ ਹੀ ਹੋਰ ਕੁਝ ਚਿਰ ਵਿਚ **train** ਕਰ ਲਵਾਂਗੇ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਾਈਫਲ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦਾ ਨਾਂ ਬਦਨਾਮ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ **training** ਦਿਤੀ ਹੈ **without rifles**। ਨਿਰੀ **left right** ਦੀ **training** ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ ਇਸ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ। ਜੇਕਰ ਤੁਹਾਡੀ **security** ਕਮਜ਼ੋਰ ਹੈ ਤਾਂ ਮਤ ਸਮਝੋ ਕਿ ਬਾਕੀ ਦੇਸ਼ਾਂ ਦੀ ਵੀ **security** ਕਮਜ਼ੋਰ ਹੈ **integrity** ਅਤੇ **security** ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹਨ। ਇਹ ਗਲ ਯਾਦ ਰਖੋ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖੋਖਲੇ ਢੌਂਗ ਕਦੇ ਵੀ ਕਾਮਯਾਬੀ ਹਾਸਲ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਜਿਸ ਤਿਆਰੀ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਹ ਕਾਗਜ਼ੀ ਤਿਆਰੀ ਹੈ, ਅਮਲੀ ਪਹਿਲੂ ਵਿਚ ਕੋਈ ਤਿਆਰੀ ਨਹੀਂ।

ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਤਨੀ ਦਫਾ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਬਾਹਰ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਥੋਂ

6 p.m.

ਦੇ ਲੋਕਲ ਅਫਸਰਾਂ ਰਾਹੀਂ ਇਹੋ ਖਬਰ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕੀ **training** ਲੈਣ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੇ। ਤੁਸੀਂ **air guns** ਬਣਾਉਣ ਦੀ ਫੈਕਟਰੀ ਲਾ ਦਿਤੀ ਚਲੋ ਠੀਕ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਜੋ **main object** ਹੈ ਉਹ ਤਾਂ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। 303 ਦੀ ਰਾਈਫਲ ਦਖਾਏ ਬਗੈਰ ਅਤੇ ਚਲਾਉਣੀ ਸਿਖਾਏ ਬਗੈਰ, ਏਅਰ ਰਾਈਫਲ ਦੀ **training** ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ। ਅਜ ਅਸੀਂ ਜਦੋਂ ਬਾਹਰਲੇ ਤਰੱਕੀ ਯਾਫਤਾ ਮੁਲਕਾਂ ਵਲ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਅਮਰੀਕਾ, ਰੂਸ, ਵਗੈਰਾ, ਅਸਲ ਮਾਨਿਆਂ ਵਿੱਚ ਇਹ **defence** ਦੀ ਤਿਆਰੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਦੋਵੇਂ ਹੀ ਐਸੇ ਦੇਸ਼ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਆਰਮਾਮੈਂਟ ਵਾਸਤੇ ਤਿਆਰ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖਦਿਆਂ ਦੂਸਰੇ ਮੁਲਕ ਵੀ ਜੰਗੀ ਤਿਆਰੀਆਂ ਵਿਚ ਰੁਝੇ ਹੋਏ ਹਨ ਤਾਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਾਲਾਤ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਉਠਉਂਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ **maximum** ਲਾਭ ਉਠਾਇਆ ਜਾ ਸਕੇ। ਸਾਨੂੰ ਵੀ ਇਸ ਵੇਲੇ ਤੋਂ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਚਾਹੀਦਾ ਤਾਂ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਦਲ ਹਨ, **N.C.C.** ਵਗੈਰਾ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਾਕਾਇਦਾ ਇਸ ਢੰਗ ਨਾਲ **training** ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਕਿ ਥੋੜੇ ਤੋਂ ਥੋੜੇ ਅਰਸੇ ਅੰਦਰ ਇਹ ਸਿਪਾਹੀ ਤਿਆਰ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਪਰ ਅਜ ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਸਿਵਾਏ **left right** ਕਰਾਉਣ ਦੇ ਹੋਰ ਕੁਝ ਸਿਖਾਇਆ ਹੀ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੀ **training** ਮਿਲਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਸੀ ਕਿ ਅਟੋ ਘਟ ਦੋ ਸਾਲ ਵਿਚ ਇਹ ਮੁਕੰਮਲ ਸਿਪਾਹੀ ਬਣ ਜਾਂਦੇ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਟਰੇਨਿੰਗ ਦਾ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਕੋਈ ਲਾਭ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚ ਸਕਦਾ ਇਹ ਅਸਲ ਮਾਨਿਆਂ ਵਿਚ ਕੋਈ ਜੰਗੀ ਤਿਆਰੀ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਹੀ।

ਦੂਸਰੀ ਗੱਲ ਜਿਹੜੀ ਆਮ ਵੇਖਣ ਵਿਚ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਸਿਪਾਹੀ ਆਪਣੀ ਜਾਨ ਦੀ ਬਾਜ਼ੀ ਲਾ ਕੇ ਜੰਗ ਲੜਨ ਲਈ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਸ ਕੁਰਬਾਨੀ ਦਾ ਸਾਡੇ ਦਿਲ ਵਿਚ ਕੋਈ **regard** ਨਹੀਂ। ਸਾਨੂੰ ਉਸ ਦੀ ਇਤਨੀ ਕੁਰਬਾਨੀ ਨੂੰ ਦੇਖਦਿਆਂ, ਉਸ ਦੀਆਂ ਘਰੇਲੂ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀਅ ਦੀ ਚਿੰਤਾ ਆਪ ਲੈ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਲੜਾਈ ਵਾਲੇ ਸਿਪਾਹੀ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਘਰ ਦੀ ਕੋਈ ਚਿੰਤਾਂ ਨਾ ਹੋਵੇ। ਪਰ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਘਰ ਦੀ ਚਿੰਤਾ ਦੂਰ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਅੱਜ ਤਕ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਵੇਲੇ ਇਸ ਬਾਰੇ ਇਕ ਗੱਲ ਯਾਦ ਆ ਗਈ ਹੈ ਜੋ ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਅਰਜ਼ ਕਰਨ

[ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ]
ਇਸ ਲਈ ਜ਼ਰੂਰੀ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਤਾਂ ਜੋ ਪਤਾ ਲੱਗੇ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਜੰਗ ਵਾਲਿਆਂ ਜਾਨ ਬਾਜ਼ ਲੜਾਕਿਆਂ ਦੀ ਕੀ ਇਮਦਾਦ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਕ ਪੰਜਾਬੀ emergency ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ, ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਅਲਾਹਬਾਦ ਮਿਲਟਰੀ ਸਰਵਿਸ ਵਿੱਚ ਸੀ NEFA front ਤੇ ਚਲਾ ਗਿਆ ਉਸ ਦਾ ਟੱਬਰ ਅਲਾਹਾਬਾਦ ਵਿੱਚ ਹੀ ਹੈ। ਉਸ ਦਾ ਇਕ ਮਕਾਨ ਗੁਰਦਾਸ ਪੁਰ ਵਿਚ ਹੈ, ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਕਰਾਏ ਤੇ ਦਿੱਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਹ ਬਾਰਬਾਰ ਆਪਣੇ ਟੱਬਰ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਇਸ ਮਕਾਨ ਵਿੱਚ ਦਾਖਲ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਜਗ੍ਹਾ ਜਗ੍ਹਾ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਦੇ ਚੁਕਿਆ ਹੈ ਪਰ Tenancy laws ਹੀ ਐਸੇ ਹਨ ਕਿ ਉਹ ਕਰਾਏਦਾਰ ਤੋਂ ਮਕਾਨ ਹੀ ਖਾਲੀ ਨਹੀਂ ਕਰਵਾ ਸਕਿਆ। ਉਸ ਦੀ ਔਰਤ ਨੂੰ ਬੱਚਾ ਹੋਣ ਵਾਲਾ ਹੈ ਉਹ ਆਪਣੇ ਘਰ ਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਉਹ ਦੇ ਵਾਸਤੇ ਆਪਣੇ ਘਰ ਦਾਖਲ ਹੋਣ ਦੀ ਅਜਾਜ਼ਤ ਨਹੀਂ ਇਹ ਸਾਡਾ ਇਕ ਕਾਨੂੰਨੀ ਅੜਿੱਕਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਐਸੇ cases ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕੋਈ immediate step ਉਠਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। Emergency ਵਿੱਚ service ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਲਈ ਕੋਈ special amendment ਇਸ ਕਾਨੂੰਨ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ service ਦਾ ਕੋਈ regard ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ morale ਉਚਾ ਹੋਵੇ।

**उपाध्यक्षा** : Sub-judice cases पर बोलने की अजाजत नहीं दी जा सकती। आप अपना भाषण खत्म करें। आप का टाईम हो गया है जी। (The hon. Member cannot be permitted to discuss sub-judice cases. He may now please wind up. His time is up.)

**ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿਘ** : ਮੈਂ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਅਰਜ਼ਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਸਨ, ਅਜੇ ਤਾਂ ਕੁਝ ਕਿਹਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਚਲੋ ਖੈਰ, ਇਕ ਹੀ ਬੇਨਤੀ ਹੋਰ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ। ਇਕ ਸਿਪਾਹੀ ਜਿਹੜਾ ਜੰਗ ਵਿੱਚ ਸ਼ਹੀਦ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਬੀਵੀ ਕੋਲ ਮਹਿਜ਼ 2-3 ਕਿਲੇ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ, ਜੇ ਉਹ ਆਪਣਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਵੇਚਣੀ ਚਾਹੇ ਤਾਂ ਵੇਚ ਨਹੀਂ ਸਕਦੀ, ਕਿਉਂ ਜੋ ਸਾਡੇ tenancy ਦੇ law ਹੀ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਸ ਵਿਚ ਵੀ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਤਰਮੀਮ ਲਿਆਉਣ ਬਾਰੇ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਤਾਂ ਜੋ ਇਨ੍ਹਾਂ ਬਿਪਤਾ ਦੀਆਂ ਮਾਰੀਆਂ ਦੀ ਕੋਈ ਇਮਦਾਦ ਹੋ ਸਕੇ।

ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜੋ law and order ਬਾਰੇ ਜਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ clean and fair ਹੈ, ਮੈਂ ਇਸ ਬਾਰੇ ਇਕ ਗਲ ਕਹਿ ਦੇਣੀ ਜਰੂਰੀ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਉਹ ਇਹ ਕਿ law and order ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਇਨਸਾਫ ਤਾਂ ਕੀ ਮਿਲਣਾ ਸੀ ਬਲਕਿ discrimination ਵਰਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਆਖਿਰ ਇਹ ਕਿਉਂ ? ਇਕ ਪੰਜਾਬੀ ਲਈ ਕਾਨੂੰਨ ਹੋਰ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ ਲਈ ਹੋਰ ਕਿਉਂ ? ਮੈਂ ਇਥੇ ਮਿਸਾਲ ਖਾਸਤੌਰ ਤੇ ਤੇਜਾ ਸਿੰਘ ਸੁਤੰਤਰ ਦੀ ਦੇਣੀ ਠੀਕ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਸ਼ਖਸ ਨੇ ਕੁਰਬਾਨੀਆਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ ਆਜ਼ਾਦੀ ਹਾਸਲ ਕਰਨ ਵੇਲੇ, ਮੈਨੂੰ ਉਸ ਲਈ ਇਜ਼ਤ ਹੈ ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਅਸੂਲ ਤੇ ਗਿਲਾ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਆਦਮੀ ਤੇ murder ਤੇ loot ਦੇ charges ਹੋਣ ਉਸ ਨੂੰ shelter ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ, ਪਰ ਜਥੇਦਾਰ ਮੋਹਣ ਸਿੰਘ ਵਰਗੇ ਨੂੰ, ਹਜ਼ਾਰਾ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ ਵਰਗੇ ਨੂੰ ਜਿਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ 188 ਦਫਾ ਦਾ ਮੁਕਦਮਾ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਵਾਪਸ ਲਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੋਵੇ ਪੁਛਿਆ ਤੱਕ ਨਾ ਜਾਵੇ। ਇਹ discrimination ਦਾ ਸਲੂਕ ਜੋ ਆਪਣੀ party ਦੇ ਆਦਮੀ ਵੇਖਕੇ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਡਾਕੇ ਤੇ ਕਤਲ ਦੇ ਇਲਜਾਮ ਕਿਉਂ ਨਾ ਹੋਣ clean law and order ਦੀ ਨਿਸ਼ਾਨੀ ਨਹੀਂ।

**उपाध्यक्षा** : आप को तेजा सिंह स्वतन्त्र के मुतआल्लिक कुछ पता ही नहीं फिर आप क्यों बोल रहे हैं ? (The hon. Member does not know anything about Shri Teja Singh Swatantar. How can he say anything about him ?)

**ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ** : ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਵਾਕਫੀਅਤ ਹੈ, ਸ਼ਾਇਦ ਤੁਹਾਨੂੰ ਵੀ ਪਤਾ ਨਹੀਂ। ਖੈਰ ਇਹ ਗੱਲ ਛਡਦਾ ਹੋਇਆ ਮੈਂ ਹੋਰ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ emergency ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰੱਖਦੇ ਹੋਏ ਜੋ ਛੋਟੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੀ ਛਾਂਟੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, ਬਚਤ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਕਲਰਕਾਂ ਜਾਂ ਚਪੜਾਸੀਆਂ ਨੂੰ ਤਾਂ retrench ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਇਕ ਇਕ ਜ਼ਿਲ੍ਹੇ ਵਿੱਚ ਜਦੋਂ ਦੋ ਦੋ Deputy Commissioner ਲਗਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਕੋਈ ਖਿਆਲ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਆਪਣੇ ਇਕ ਦੋਸਤ ਨਾਲ ਮੈਂ ਲੜਾਈ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿੱਚ ਗੱਲ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਦਸੋ ਹੁਣ ਲੜਾਈ ਦਾ ਕੀ ਬਣੇਗਾ, ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਹੁਣ ਤਾਂ ਲੜਾਈ ਜਿੱਤ ਹੀ ਜਾਣੀ ਹੈ ਕਿਉਂਜੋ ਅੱਗੇ ਤਾਂ ਇਕ D.C. ਹੀ ਸੁਮਾਨ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੁਣ ਤਾਂ ਸੁਖ ਨਾਲ ਹਰ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿੱਚ Deputy Commissioners ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਦੁਗਣੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ, ਦੋ ਦੋ D.C. ਹਨ। ਅਵਲ ਤਾਂ ਇਸ ਹਫਤੇ ਵਿੱਚ ਜਿਤ ਹੀ ਜਾਵਾਂਗੇ ਨਹੀਂ ਫਿਰ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਬੇਸ਼ਕ ਤਿੰਨ ਤਿੰਨ D.C.s ਕਰ ਦੇਵੇ। (ਹਾਸਾ)

**Deputy Speaker** : Please be relevant.

**ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ** : ਅਛਾ ਜੀ ਮੈਂ relevant ਕਹਿਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਾਂਗਾ। ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਆਪਣੇ ਐਡਰੈਸ ਵਿੱਚ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਦੋ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ Industry ਅਤੇ Agriculture ਦੇ fields ਵਿੱਚ ਬੜੀ ਤਰਕੀ ਹੋਈ ਹੈ। Agriculture ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤਕ ਜ਼ਮੀਨ ਤੋਂ ਭਾਰ ਹਟਾਇਆ ਨਹੀਂ ਜਾਵੇਗਾ ਇਸ ਸੂਬੇ ਦਾ Agriculture ਦੇ ਖੇਤਰ ਵਿੱਚ ਕਲਿਆਣ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ। ਜਿਤਨਾ ਚਿਰ ceiling ਉਚੀ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ, ਵਾਹੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇ ਗੀ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਚਿਰ ਕੋਈ ਉਪਜ ਦਾ ਵਾਧਾ ਹੋਣ ਦੀ ਆਸ ਹੈ।

**श्री मंगल सेन** (रोहतक) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे आप का धन्यवाद करना है कि आप ने मुझे बोलने का अवसर दिया है। यहां पर 18 तारीख को गवर्नर साहिब तशरीफ लाए और यहां पधार कर उन्होंने अपना भाषण दोनों सदनों के सामने पढ़ कर सुनाया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि जब देश पर संकट आया तो दुष्ट communist चीन देश ने जो वायदे भारत के साथ किये थे उन की परवाह न करते हुए, पंचशील के सिद्धांतों को पांव के नीचे रोंदते हुए और मानवता के तकाज़े को बालाए ताक रखते हुए भारत की पुण्य भूमि पर आक्रमण कर दिया। देश के नेताओं की पुकार को सुनते हुए पंजाब की जनता अपने सारे मत भेदों को भुलाकर इकट्ठी हो गई और तन मन धन से रक्षा-प्रयत्नों में उस ने सहयोग दिया। हमारे राज्यपाल महोदय ने वास्तविकता को स्वीकार करते हुए, कहा कि इस सारे सहयोग में विरोधी पक्ष के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया है। डिप्टी स्पीकर महोदया, देश की रक्षा के लिए सारे देशवासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया, सभी पार्टियों ने अपने राजनैतिक मतभेदों को पसेपुश्त रख कर सरकार का सहयोग दिया।

[श्री मंगल सैन]

ब्रिगेडियर होशियार सिंह, दूसरे बड़े बड़े पदाधिकारियों और जवानों ने भारतमाता की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की। डिप्टी स्पीकर महोदया, जब देश के नेताओं ने देश-वासियों से सेना में भरती होने की पुकार की तो मुझे यह कहने में बड़ा गर्व महसूस होता है कि मेरे ज़िले रोहतक में फौजी भर्ती के दफ्तरों के आगे हज़ारों जवानों ने लाईनें लगा दीं। जहां हमें इस बात का गर्व है कि वहां के अनेकों वीर सेनानी भारतमाता की रक्षा करते हुए प्राणों का बलिदान कर गए वहां उन की जगह भरने के लिए हज़ारों की संख्या में और जवान फौजी भर्ती के दफ्तरों में पहुंच गए। वहां पर भर्ती के लिए नाम लिखवाए। लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीन तीन महीने हो गए उन को भर्ती हुए, ट्रेनिंग भी पूरी कर चुके हैं, मगर कैरैक्टर verification के कागज़ात पुलिस ने अभी तक नहीं भिकाले। मैं पंडित मोहन लाल जी से निवेदन करना चाहता हूं कि थानों में उन के कागज़ात पहुंचे दो दो महीने हो चुके हैं लेकिन उन को तब तक पहिए नहीं लगते जब तक कि सिपाहियों के हाथों को ग्रीज़ नहीं किया जाता, रिश्वत नहीं दी जाती (*Voices of shame shame from the Opposition*) डिप्टी स्पीकर महोदया, कितने शर्म की बात है कि जो आदमी देश की रक्षा के लिए मर मिटने के लिए उतावले हो रहे हैं, मातृभूमि की आन के लिए अपने आप को बलिदान कर देना चाहते हैं उन से भी रिश्वत के पैसे मांगे जाएं। (*Voices of shame shame from the Opposition*) पंडित मोहन लाल जी इस बात को खास तौर से नोट कर लें। यह खड़खड़े गांव की बात है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, देश की जनता ने, जनता के हर वर्ग ने चाहे वह मेहनत करता है, खेतों में हल चलाता है, कारखाने में काम करता है, दुकानदार है या दफ्तर में काम करता है, जब देखा कि मातृभूमि की इज्जत खतरे में है तो अपना सारा संचय किया हुआ पैसा लाकर सामने रख दिया और कहा कि ले लीजिए, और इसे जिस काम में ला सकें लाइए क्योंकि मेरे देश का मान, मेरे देश की मर्यादा और शान हर सूरत में बरकरार रहनी चाहिए, ऊंची रहनी चाहिए। कहने का भाव यह कि लोगों ने दिल खोलकर पैसा दिया। आप को पता ही है कि रक्षा के साधनों को उपलब्ध कराने में आज पंजाब का नाम सब से ऊपर है। यह किन कारणों से है? नेताओं के कारण नहीं, जनता के प्रयत्नों के कारण पंजाब का नाम ऊंचा हुआ है। लेकिन, डिप्टी स्पीकर महोदया, जब सरकार ने देखा कि जनता ने दिल खोल कर पैसा दिया है, उस जनता ने दिल खोलकर पैसा दिया है जो कि पहले से ही इन के द्वारा लगाए गए टैक्सों के बोझ तले बुरी तरह से दबी हुई थी, तो सरकार की अपनी नीयत बदल गई। आखिर यह तो इसकी पुरानी आदत है। महसूस किया कि इतने टैक्स लगाए, स्माल सेविंग स्कीमों के द्वारा पैसा इकट्ठा किया, फिर भी लोगों ने प्रचुर धन देश रक्षा फंड में दिया तो इन्होंने पिछली माफियों के पैसे को भी उगराना शुरू कर दिया। डिप्टी स्पीकर महोदया, आप को पता है कि पिछले बाढ़ के दिनों में रोहतक जिला में कितनी तबाही हुई। मकान गिर गए, फस्लें बह गईं, मवैशी बीमारी के कारण मर गए, पानी में बह गए। उन दिनों तकावियां और कर्जे गवर्नमेंट की तरफ से दिए गए थे। अब जब देखा कि लोगों न

स्पीकर साहिब, पहले हिस्से के मुताबिक आपके ज़रिये सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूँ। मैंने इस resolution के बारे में एक amendment दी है, उसके मुताबिक मैं ने चीफ मिनिस्टर को मुबारकबाद देने के लिए यह amendment दी है कि—

In line 2, before "the Chief Minister" add 'the pepole of Punjab, the Opposition Parties and the forty-seven Congress M.L.As. who demanded reduction in the size of Ministry and'.

हम चीफ मिनिस्टर साहब को मुबारकबाद देने से इन्कार नहीं करते लेकिन हम चाहते हैं कि mover sahib कम से कम उन सब हालात को सामने रखते जिसकी वजह से Ministry में reduction हुई है। मिनिस्टरी कम करने का सवाल क्यों पैदा हुआ ? मिनिस्टरी की reduction करने का सवाल इसलिये खड़ा हुआ है कि इतनी बड़ी मिनिस्ट्री is unprecedented in the history of the Punjab. पंजाब के पहले 29 ज़िले होते थे । उस वक्त 6 वज़ीर काम करते थे लेकिन पंजाब के अन्दर तीसरी General Elections के बाद कांग्रेस पार्टी की यह position थी कि अगर 8-10 Members Floor को cross करके Opposition के Members के साथ मिल जाते तो यहां पर कांग्रेस की मिनिस्टरी बिल्कुल न बनती, इस खतरे को दूर करने के लिये चीफ मिनिस्टर साहब ने अपनी पार्टी के हर 3 आदमियों में से एक को मिनिस्टर बनाया ताकि अपनी गद्दी बरकरार रख सकें। This is the back-ground. जो आदमी गद्दी को कायम रखने के लिये इतना selfish हो इतनी बड़ी वज़ारत इस सूबे का 9 महीने तक गला घोटती रही हो, 17 या 18 हजार रुपये मिनिस्टरों, स्टेट मिनिस्टरों और डिप्टी मिनिस्टरों को T.A. पर दे दिए हों और पंजाब की जनता का खून पसीने से इकट्ठा किया गया हुआ पैसा जानबूझ कर इनके T.A. और भत्तों पर खर्च कर दिया गया हो। और फिर कहते हैं कि चीफ मिनिस्टर साहब को मुबारकबाद दी जाए। मैं तो समझता हूँ कि इस लफ्ज़ का misuse और क्या हो सकता है ।

स्पीकर साहिब, यहां पर वज़ारत को कम करने की बात कही गई है। किसी शाह ने किसी के 500/- देने थे, उस आदमी ने उसी शाह के घर चोरी की और एक हज़ार पांच सौ रुपये छीन लिये, उस पर ज़ोर डाला गया कि यह एक हज़ार और पांच सौ रुपए वापस कर दे, तो बाद में उसने एक हज़ार रुपये वापिस कर दिये। तो उसने एक हज़ार रुपये वापस करके कौनसी मेहरबानी की ? मैं अर्ज़ कर रहा हूँ कि चीफ मिनिस्टर साहिब ने 33–34 वज़ीर बना रखे थे अगर उन्होंने मिनिस्टरी में कमी कर दी तो पंजाब पर क्या मेहरबानी की ?

उनको यह पता नहीं है कि उन्हों ने इस से पंजाब में एक ऐसी गंदी मिसाल कायम की है कि जिसके कारण आने वाली पीढ़ियां उनको याद करेंगी कि पंजाब में एक ऐसे चीफ मिनिस्टर भी थे जिन्होंने अपनी ज़ात को बचाने के लिये अपने रिश्तेदारों,

[श्री बलराम जी दास टंडन[

अपने साथियों को सब को मिनिस्टर बना दिया और इस तरह से पंजाब की जनता के साथ धोखा करते रहे और उन पर डाका डालते रहे.................

**Mr. Speaker** : The hon. Member may please use mild language. He should not use word "धोका".

श्री **बलरामजी दास टंडन** : स्पीकर साहिब, आप ही बताएँ कि मुझे कौनसा लफ्ज़ इस्तेमाल करना चाहिए। जिसने पंजाब के लोगों को धोखा दिया 33 वज़ीरों की गद्दियां कायम कर दीं, पब्लिक के ख़ज़ाने पर डाका मारा, ऐसे आदमी को तो dock में खड़ा करना चाहिए, उस पर तो केस चलना चाहिए। He should have been behind the bars. कोई आदमी बस के अन्दर सफर करे, गाड़ी में सफर करे, जहां भी चार आदमी इकट्ठे हों, 13 मार्च, 1962 के बाद कोई दिन ऐसा नहीं आया कि इस वज़ारत का चर्चा न हुआ हो। कोई व्यक्ति ऐसा नहीं था जिसने चर्चा न किया हो कि पंजाब के अंदर 33/34 वज़ीरों की बारात खड़ी कर दी गई है। जिस आदमी ने घर घर में इस बात का चर्चा करवाया हो, जनता के ख़ज़ाने पर डाका मारा हो, अगर उसने माल वापिस देने की कोशिश की है तो इस बात की बधाई उसको क्यों दी जाए। इस बात की बधाई तो जनता को मिलनी चाहिए जिसने इसके खिलाफ़ आवाज़ उठाई, जिसका inner sentiment revolt करता रहा । हर आदमी जिस जगह के काबिल था, जिस जगह पर बोल सकता था वह बोला । जिस दिन वज़ारत बनी उसी दिन से सभी opposition parties इसके खिलाफ आवाज़ उठाती रहीं। उसके बाद जब यहां पर सैसन के लिये हम इकट्ठे हुए तो कोई M.L.A. ऐसा नहीं था, कोई आपोज़ीशन का मैम्बर ऐसा नहीं था जिसने अपनी रायेज़नी इसके खिलाफ न की हो। वे अखबार जो सदा अपना माथा झुका झुका कर गवर्नमेंट से लाखों रुपयों के advertisement लेते रहे उनकी inner feelings ने उनको मजबूर किया और उन्होंने भी इस बात के खिलाफ आवाज़ उठाई । उनको भी कहना पड़ा कि वज़ारत बहुत लम्बी थी। हर व्यक्ति बोला, हर अखबार बोला और पब्लिक के लोगों ने अपने feelings और sentiments प्रकट किये । इसके लिये तो वे लोग बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने सरकार को मजबूर किया। Emergency पहली जनवरी को तो आई नहीं। सब से पहली बात तो यह है कि Emergency बीस अक्तूबर को आई। चीफ मिनिस्टर को बधाई तब दी जा सकती थी कि अगर जब 20 अक्तूबर को आतताइयों ने, अत्याचारियों ने हमला किया था यह उसी वक्त खड़े होकर कहते हैं कि मैं सबसे पहले वज़ारत को कम करके पैसा बचाता हूँ ।

(*At this stage the Deputy Speaker occupied the Chair*)

उन्होंने तकरीर करते हुए कहा कि पंजाब के लोगों को पाई पाई बचानी चाहिए, धेला धेला बचा कर देश की सहायता करनी चाहिए। जहां उन्होंने यह कहा था अगर वह यह भी कहते कि मैं बच्चत का काम अपने घर से ही शुरू करता हूँ, मैं वज़ारत को कम करता हूँ, अफसर जो नाजायज़ तौर पर लगाए हुए हैं उनको कम करता हूँ, उन पोस्टस की Scrutiny शुरू करता हूँ, तब वे बधाई के पात्र हो सकते थे । उसके बाद कहते कि मैं

आपसे भी कहता हूँ कि आपभी realise करें । तीन नवम्बर को जब अमृतसर में जलसा हुआ तो तमाम पार्टियों के मैम्बरान ने इकट्ठे होकर इनको assurance दिलाई कि इस वक्त no confidence motion का कोई सवाल नहीं है कि आपको Chief Ministership से हटा दिया जाएगा । इस जलसे में सभी पार्टियों ने कहा कि हम सरकार के साथ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब चीफ मिनिस्टर खुद जगह जगह पर तकरीरें कर रहे हैं कि पैसा बचाना चाहिए तो उन्होंने बड़े अदब से यह कहा कि हम दरखास्त करना चाहते हैं कि आप वज़ारत कम करें । तो इस पर चीफ मिनिस्टर साहिब ने कहा कि आपोज़ीशन के मैम्बर चोभें लगाने से बाज़ नहीं आते मैं emergency खत्म होने के बाद इनसे एक एक से समझ लूंगा । जिस व्यक्ति ने ऐसी ज़हनियत से काम किया हो, बीस अक्तूबर को ख्याल नहीं किया तीन नवम्बर को सभी पार्टियों के दरखास्त करने पर भी, लोगों के assurance दिलाने पर भी ऐसा जवाब दिया हो क्या वह बधाई का पात्र हो सकता है ? अगर वे कहते कि आपने सुझाव दिया है । मुझे पहले ख्याल नहीं आया मैं माफी चाहता हूँ अब मैं सोचूंगा तो उनकी greatness थी, उनका बड़प्पन था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया । पांच नवम्बर को सैशन शुरू हुआ । आपोज़ीशन वालों की मीटिंग हुई । सब ने यह डिमांड किया कि मिनिस्टरी में कमी होनी चाहिए। सैशन के दौरान भी वही डिमांड दोहराई गई। चीफ मिनिस्टर साहिब ने कोई ध्यान नहीं दिया । इसके बाद खुद मिनिस्टरों ने कहा कि हम resignation देने के लिये तैयार हैं। लैकिन चीफ मिनिस्टर साहिब ने कुछ नहीं कहा । उसके बाद जब अखबारों में यह बात छपी कि मिनिस्टरों ने resignation दे दिये तो वे खुद एक तरफ इस खबर की तरदीद करते रहे और दूसरी तरफ ताईद करते रहे। एक तरफ तो कहते हैं कि मैंने कोई resignation नहीं देखे, दूसरी तरफ कहते हैं कि formal meeting हुई थी उसमें मिनिस्टरी को छोटा करने का ज़िक्र आया था और मिनिस्टरों ने कहा था कि जैसे चीफ मिनिस्टर साहिब कहेंगे वैसे करेंगे। Resignations दिये या नहीं दिये इस बात की खबर नहीं। ऐसी बातों से ये लोगों के सोचने के ढंग को बदलने की कोशिश करते रहे। यह तो चूंकि पंजाब की जनता की आवाज़ थी, जगह जगह पर मिनिस्टर साहिबान को जाना पड़ता था। चीफ मिनिस्टर से हर जगह पर यह सवाल किया जाता था। वे प्रचार करते थे कि बच्चत करो, पैसे बाचाओ लेकिन खुद कुछ करते नहीं थे। इसलिये जब वे प्लैट फार्म से उतर कर नीचे जाते थे तो उनके पीछे उनकी अपनी पार्टी के ही आदमी उनके खिलाफ बातें करते थे । हर व्यक्ति चेमेगोइयां करता था कि चीफ मिनिस्टर लोगों को austerity का उपदेश देते हैं लेकिन अपनी मिनिस्टरी को क्यों नहीं कम करते। जब चारों तरफ से यह आवाज़ आने लगी तो जादू वह है जो सिर चढ़ कर बोले, जब सिर चढ़ बोलने लगा और कोई रासता न रहा, कोई चारा न रहा, अखबारों में निकलने लगा तो उनको मजबूरन मिनिस्टरी को कम करना पड़ा। पहले तो कहते रहे कि इन बातों को सोचने के लिये मेरे पास कहां टाइम है, मेरे पास और बहुत से ज़रूरी काम हैं, सेंटर से पूछेंगे, दूसरी मिनिस्टरियों पर बड़ा भारी असर होने वाला है।

[श्री बलराम जी दास टंडन]

यहां पर कांग्रेस के जनरल सैक्रेटरी पहुँचे । तो जब मिनिस्टरी को कम करने की बात चली तो उन्होंने भी फट से कह दिया कि मिनिस्टरी कोई बढ़ी नहीं है इसको कम करने का सवाल ही पैदा नहीं होता, खासकर पंजाब में तो इसको छोटा करने का सवाल ही पैदा नहीं होता । हर तरफ से यह कोशिश की गई कि लोग यह सोचें कि मिनिस्टरी को कम करने का मौका ही नहीं आया । जनता के सोचने का ढंग बदलने की कोशिश की गई । लेकिन जादू वह जो सिरचढ़ बोले । जब कोई चारा नहीं रहा, moral बचाव नहीं रहा तो मजबूर होकर पहली जनवरी को उनको मिनिस्टरी छोटी करनी पड़ी। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह है रेज़ोल्यूशन, का पहला हिस्सा जिस में यह कहते हैं कि चीफ मिनिस्टर को बधाई देनी चाहिए। मैंने कहा कि यह बधाई जनता को जानी चाहिए । आपोज़ीशन पार्टी को जानी चाहिए, कांग्रेस M.L.As को बधाई जानी चाहिए Who stood like a rock और चीफ मिनिस्टर पर pressure डाला । They demanded a reduction in the Ministry. They demanded their resignations. उन्होंने अपनी conscience को kill करना मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने कहा कि जो बड़ी से बड़ी बात हो सकती है उसको सहेंगे। हम अपनी conscience kill करने को तैयार नहीं हैं ।

जहां तक प्रस्ताव का दूसरा हिस्सा है, मैं उन मिनिस्टर साहिबान, स्टेट मिनिस्टर साहिबान और डिप्टी मिनिस्टर साहिबान को ज़रूर श्रद्धांजलि दूंगा। ( Loud laughter ) श्रद्धांजलि इसलिये कि वह हमेशा के लिये इस मन्त्रिमण्डल को छोड़ गये हैं ।

**कुछ माननीय सदस्य :** हमेशा के लिये नहीं ।

**श्री बलरामजीदास टंडन :** उन्होंने बहुत बड़ी हिम्मत की । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे पता है कि पहले पहले जब उन्होंने इस्तीफे दिए तो उन पर ऊपर से pressure डाला गया, उन्हें इस बात के लिये मजबूर किया गया कि तुमने किसी किस्म की बात अखबारों में नहीं देनी क्योंकि उससे position खराब हो जाएगी । किसी से भी resignations वाली बात बाहर public में leak out नहीं होनी चाहिए। इसलिये ज्यादा न कहता हुआ जहां तक प्रस्ताव के दूसरे हिस्से का सम्बन्ध है; उन दोस्तों को जितनी ज्यादा मुबारिकबाद दी जाए, थोड़ी है ।

रेज़ोल्यूशन में तीसरी बात यह की गई है कि सरकार ने जो economy के measures adopt किए उनके लिये उसे बधाई दी जाए। मैं हैरान होता हूँ कि Mover साहिब ने ये अल्फ़ाज़ इसके अन्दर कैसे रख दिये। मालूम होता है कि यह बाकायदा manipulate करके—चीफ मिनिस्टर साहिब ने इस resolution का text type करा के अपने बहुत से कांग्रेसी मैम्बरों को भेज दिया ताकि वह असैम्बली और कौंसिल में पेश करके उनकी तारीफ के पुल बांधें । यही resolution आज यहां पर discuss हो रहा है और कौंसिल में भी ।

**ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ** : ਤਾਕਿ ਕੋਈ ਗੱਲ ਛੁਪੀ ਨਾ ਰਹਿ ਜਾਏ।

**श्री बलरामजी दास टंडन** : अगर सचमुच economy की होती तो बेशक सरकार बधाई की पात्र थी। लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि एक तरफ तो लोगों की आंखों में धूल डालने के लिये मिनिस्टरी को कम किया जाता है और दूसरी तरफ Personal Advisers की अलग कमेटी बनाई जाती है जिनकी बाबत पहले भी House में काफी चर्चा हो चुकी है। जो उस कमेटी के चेयरमैन हैं, उनकी बाबत House में काफी कुछ कहा गया है मैं repeat नहीं करना चाहता कि वह 420 हैं या क्या कुछ नहीं हैं। लेकिन सुना जाता है कि Central Government के Minister for Planning श्री गुलजारी लाल नन्दा जी ने भी एक personal D.O. letter अपने प्राइम मिनिस्टर को लिखा जिसमें उन्होंने बताया कि मैं इस आदमी को जानता हूँ और भारत सेवक समाज के अन्दर इसने मेरे साथ काम किया। अपने उस letter के अन्दर उन्होंने उसकी करतूतों को बताया। लेकिन बदकिस्मती यह कि बजाय पब्लिक की आवाज़ को तस्लीम करने के, public opinion की कदर करने के, उलटे अखबारों में इनकी बाबत नुक्ताचीनी की गई है कि जिस आदमी पर 420 का केस चल चुका हो उसे इस कमेटी से हटाए जाने की मांग क्यों की जा रही है? डिप्टी स्पीकर साहिबा, सारी जनता जानती है, अखबारों में चर्चा हो रही है कि एक दूसरे मैम्बर श्री कृष्णमूर्ति की बाबात जो कागज़ात अदालत में पेश हुए उसमें उसके नाम, बाप के नाम वगैरा के बाद जब occupation का खाना आया तो उसमें लफ्ज़ "आवारागर्दी" लिखा हुआ था। (*Voice of shame shame from the Opposition*). ऐसी हालत में मैं समझ नहीं पाया कि इस प्रकार के व्यक्तियों को किस दृष्टि से मुख्य मन्त्री ने अपनी विशेष सलाहकार कमेटी में रखा। ऐसे आदमियों को लाकर रखा है जोकि पंजाब का कोना कोना छानने पर भी नहीं मिल सकते। और फिर इस पर तुर्रा यह कि यह सब कुछ economy लाने के लिये किया गया। कैसे? Faridabad में उसका अलग Secretariat होगा, P.C.S. rank का अफसर उनके office का incharge होगा, उसके नीचे दूसरे अफसर और बाकायदा staff होगा। C.A. और T.A. का इन्तज़ाम अलग होगा। और T.A. भी इस तरह जैसे कहावत है कि "घोड़ी छोटी और पूंछ लम्बी"। ऐसी मिसाल हमारे सामने पेश होगी। एक तो economy यह Personal Advisory Committee की establishment वाली है और दूसरी economy है पंजाब रक्षा दल का संगठन।

**उपाध्यक्षा** : आपने यह सारा हिसाब किताब कहां से ले लिया है? (Where from has the hon. Member obtained all these details?)

**श्री बलरामजी दास टंडन** : सारा हिसाब किताब मेरे पास है। मैं हैरान होता हूँ कि किस legal sanction के मातहत सरकार ने पंजाब के खज़ाने का लाखों रुपया खर्च करने का ग्राम बनाया है। लाख नहीं लखूखहा रुपया रक्षा दल पर खर्च होगा।

[श्री बलरामजी दास टंडन]

मैंने एक सवाल भी इस सम्बन्ध में दिया हुआ है । वह सवाल No. 2054 आज की लिस्ट में था लेकिन आ नहीं पाया । उसका जवाब मुझे मिल गया है । वह भी मैं यहां पर पढ़ कर सुनाता हूँ । इसमें बताया हुआ है कि रक्षादल के सिलसिले में क्या कुछ होने वाला है । इसमें एक General Officer Commanding होगा जिसके लिये जैनरल मोहनसिंह को चुना गया है । कैप्टन रत्न सिंह Chief Organiser होंगे । Commandant के लिये करनल दिलसुख मान को रखा गया है । 2nd in Command के लिए करनल ठाकुर सिंह को रखा गया है जिसकी तनख्वाह 400 से 600 रुपया माहवार होगी, इसी तरह जो दूसरी posts हैं उन की details दी गई हैं :—

| *Designation* | *No. of Posts* | *Allowances sanctioned* |
|---|---|---|
| Zone Commanders | 4 | Rs. 250/400 P.M. |
| District Commanders | 17 | Rs. 150/200 P.M. |
| District 2nd-in-Command | 17 | Rs. 125/175 P.M. |
| Supervisers | 150 | Rs. 100/150 P.M. |
| Instructors | 2,500 | Rs. 60/90 P.M. |

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिसके पीछे कोई legal sanction नहीं, जो न तो Police force है न Military और न ही Home Guards के तहत आती है, न civil defence में, मैं जानना चाहता हूँ कि इस पर जो एक एक पैसा खर्च किया जाना है उसके लिए कौन ज़िम्मेदार होगा ?

चाहे बजट पेश करने का मौका हो या कोई taxation का बिल, हमारे Finance Minister झोली फैला कर यहां अपील करते हुए कहते हैं कि ऐ पंजाब के लोगों ! नाइयो, बूट पालिश करने वालो, लोहारो, तरखानो, छोटे तबके के लोगो हमें पैसा दो, फलां स्कीम को लागू करने के लिए इतना पैसा चाहिये, फलां के लिये इतना । लेकिन उसी रुपए को—लाखों रुपये को—एक प्राइवेट फौज पर खर्च कर रहे हैं जैसे इनको कोई पूछने वाला नहीं । मैं पूछता हूँ कि इसके लिये कौन ज़िम्मेदार है ? किस की जेब से यह पैसा जायेगा ? यह public money की misappropriation है, जिसने एक पैसा भी जाया किया उसे अदालत के अन्दर हाज़िर किया जाना चाहिए । जो आदमी एक एक पैसा गलत ढंग से खर्च करता है उसके खिलाफ केस चलना चाहिए ताकि आने वाली वज़ारतों को भी पता रहे कि अगर रुपये को इस बेदर्दी के साथ ज़ाया किया जाए तो जनता के नुमाइन्दे उनसे एक एक पैसे के हिसाब की मांग भी कर सकते हैं ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर इन्होंने किसी और ढंग से economy की होती, Public Relations Department को—जो कि कांग्रेस कमेटी का दूसरा नाम है—ही खत्म किया होता, उसके अन्दर reduction ही की होती तब तो मेरी समझ में आ सकता था कि सरकार को बधाई दी जाए । ( *Interruptions* ) Public

Relations Department का काम यह है कि जिस हलके में से आपोज़ीशन का कोई नुमाइन्दा चुनकर आया हो उसी जगह पर जाकर जलसे organise करते हैं। वहां जाकर इनके कर्मचारी यह प्रापेगण्डा करते हैं कि ऐ इस इलाके के लोगो ! इस इलाके के मैम्बर के बरखिलाफ election petition चल रही है यहां पर by-election होने वाली है। पहले तो तुमने Opposition के नुमाइन्दे को चुन कर गलती की, अब की बार ऐसी ग़लती न करना। बाबा बकाला में इन्होंने जलसे में इसी तरह की बातें कहीं। (*Interruptions*) वहां लोगों के बीच यहां तक ऐलान किये कि sitting मैम्बर को ग़लती से चुन लिया था, उसकी election को रद्द हो जाने के बाद उसे फिर चुनने की ग़लती मत करना। जब इस बात की तरफ ध्यान दिलाया गया तो जवाब मिला कि action लेंगे। फिर Public Relations Committee में पूछने पर पता लगा कि इस सम्बन्ध में official concerned को formal warning कर दी थी, वह in writing नहीं आएगी, जहां ऐसी हालत हो और जैसाकि मैंने पहले बताया, जिस Department में इस कदर collossal wastage of public money होता हो, जो Department Congress के लिए public meetings organise करता हो, जिस में Ex-Chief Parliamentary Secretary बोलने के लिए आए, डिपार्टमेंट के कवि मिस्टर गौहर वगैरा जिन्हें 400 रुपया माहवार सरकारी खज़ाने से तनखाह दी जाती हो, कांग्रेस की support में कविताएं कहें, Public Relations Committee की मीटिंगों में जब उनका वर्णन किया जाए तो कोई सुनाई न हो, चीफ मिनिस्टर को लिखा जाए, डिपार्टमेंट के Director को लिखा जाए और इसकी बाबत जवाब न आए और इस कदर अन्धेरगर्दी मची हुई हो तो ऐसी अन्धाधुन्ध लूट को देखते हुए भी कैसे कहा जा सकता है कि खर्च में economy की गई है।

**Deputy Speaker** : Wind up, please.

**श्री बलरामजी दास टंडन** : जब यहां हमारे प्रान्त में बख्शी साहब आए तो अमृतसर में कांग्रेस की तरफ से जलसा होता है जिस पर हज़ारों रुपये खर्च होते हैं और उसकी तैयारी के लिये दिन रात Public Relations Department की गाड़ियां चलती हैं। अगर आप चाहें तो मैं इस चीज़ का सबूत भी पेश कर सकता हूँ। मैं अपने साथ कुछ थोड़ा सा सबूत भी लाया हूँ। उस जलसा के लिये कोई 15 या बीस इश्तिहार जो लगाये गए थे वह कांग्रेस पार्टी की तरफ से लगाए गये थे उन इश्तिहारों में से चन्द एक किस्म के इश्तिहार मैं यहां पेश करने लगा हूँ। इन इश्तिहारों से यह ज़ाहर होता है कि वह जलसा कांग्रेस पार्टी की तरफ से हो रहा था। उस जलसे में कैरों साहिब और बख्शी साहिब ने बोलना है, यह इन इश्तिहारों में दिया हुआ है। लेकिन उस जलसे की publicity के लिये गवर्नमेंट का Public Relations Department अपनी गाड़ियां ले लेकर पन्द्रह दिनों तक वहां शहर में फिरते रहे। गाड़ियों के अलावा

[श्री बलरामजी दास टंडन]

वह टांगे और रिक्षा लेकर गांवों में भी फिरते रहे और कांग्रेस के जलसा की publicity करते रहे और इस publicity पर जितना खर्च हुआ वह भी Public Relations Department ने किया। जितनी stage लगाई गई या कुरसियों वगैरह का इन्तज़ाम किया गया वह भी सारा Public Relations Department ने किया। फिर सबसे बड़ी बात यह है कि उस जलसे के लिये जो invitation cards जारी किए गए वह Deputy Commissioner ने किए। ऐसा ही यह एक card मेरे नाम आया था जिसमें लिखा है—

> "Shri and Shrimati Balramji Das Tandon are (is) invited to attend the Public Meeting which will be addressed by Bakhshi Ghulam Mohammad, Prime Minister of Jammu & Kashmir and Sardar Partap Singh Kairon, Chief Minister, Punjab at 2.30 P. M. on Sunday, the 17th February, 1963 in Gole Bagh, Amritsar.
>
> P. N. Bhalla,
> I. A. S.
> Deputy Commissioner,
> Amritsar."

यह अजीब बात है कि जलसा तो Congress के नाम पर hold किया जाए और लोगों को डिप्टी कमिशनर call करे। (गृह मन्त्री: अगर इनको card न जाता तो कहते कि इन्हें ignore किया गया है।)

**उपाध्यक्षा**: मैं यह जानना चाहती हूँ कि आप क्या फर्मा रहे हैं। जब District Congress Committee ने वह जलसा मुनक्कद किया तो इसमें क्या हर्ज़ है कि अगर बख्शी साहब और कैरों साहब वहां आएं और Publicity Department उस जलसे की publicity करे।

दूसरी बात मैं यह जानना चाहती हूँ कि अगर किसी जलसा में Prime Minister, जम्मू काश्मीर ने बोलना हो तो क्या Deputy Commissioner उसके लिए दावत नहीं दे सकता? (I would like to know what hon. Member is driving at. What objection can there be if the Chief Minister of this State or the Prime Minister of Jammu and Kashmir attends a meeting which has been arranged by the District Congress Committee and the publicity of that meeting is done by the Public Relations Department? Further, I would like to know from him whether the Deputy Commissioner can not issue invitation cards to public-men for attending a public meeting which the Prime Minister of Jammu and Kashmir may be addressing?)

**श्री बलरामजी दास टंडन**: डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस सिलसिले में मैं ने सिर्फ एक बात कहनी है और वह यह है कि यह सारे इश्तिहार जो हैं, जो मैंने मेज़ पर रखने के लिये दिए हैं, यह मैंने इसलिये रखे हैं ताकि यह कहीं यह न कह दें कि यह

जलसा ही गवर्नमेंट की तरफ से हुआ था और कांग्रेस की तरफ से नहीं था। मुझे यह डर था कि कहीं कल को यह plea न ले लें कि यह जलसा ही गवर्नमेंट की तरफ से किया गया था। यह कोई एक इश्तिहार नहीं यह पांच हैं और District Congress कमेटी की तरफ से circulate किए गए थे लेकिन उस जलसे का Show Public Relations Department की तरफ से arrange किया गया था। इससे साफ ज़ाहर है कि Public Relations Department का दूसरा नाम कांग्रेस है क्योंकि Provincial level पर, District level पर, तहसील level पर और मण्डल level पर भी कांग्रेस का publicity का काम यही Department करता है। इसलिये हम इस resolution की ताइद कैसे कर सकते हैं। अगर इन्होंने इस Department को खत्म कर दिया होता और खर्च में economy की होती तो हम बधाई देते, ताईद करते। आज जब national emergency है तो इन्हें चाहिए था कि इस Department को तोड़ कर खर्च में economy करते। लेकिन जब इस तरह की बात न हो और जो कांग्रेस पार्टी का काम हो वह सारा यह Department अपनी जेब से करे तो क्या आप इसको economy कहेंगे? Is this economy? इन हालात में मैं, वर्मा साहब ने जो resolution पेश किया है, उसकी ताईद कैसे कर सकता हूँ। (घंटी की आवाज़) बस मैं wind up कर रहा हूँ। अगर इन्होंने कोई और economy का measure लिया होता तब तो बात होती। आप बताईये, क्या यह economy है कि जहां हर ज़िला में पहले एक D. C. होता था वहां इन्होंने एक एक A. D. C. और लगा दिया है। Joint Punjab में पहले एक चीफ Engineer होता था तो अब इस बांटे हुए पंजाब में 10 Chief Engineers लगा दिये गए हैं। इससे तो बेहतर होता अगर यह हरेक ज़िला के लिये एक एक Chief Engineer लगा देते। इसी तरह से पहले सिर्फ दो posts Commissioners की थीं, लेकिन अब कितनी ही posts कमिशनरों की create कर ली गई हैं। कई Divisions के Commissioners हैं, कोई hill areas के लिए Commissioner है कोई Labour Commissioner है। इस तरह पता नहीं कि कितने Commissioners हैं। अगर इन्होंने Commissioners की posts घटाई होतीं या Chief Engineers की posts घटाई होतीं तो मैं इनको बधाई देता। अजीब बात तो यह है कि इन्होंने economy करने के लिये पटवारी और clerk तो घटाए हैं मगर जो बड़ी posts है यानी Chief Engineers हैं, P.C.S. और I.C.S. की posts हैं वह बढ़ाई ही हैं घटाई नहीं। अगर यह भी घटाई होतीं तो मैं बधाई दे सकता था। फिर आप Secretariat में देखें कितनी posts Secretaries की, Deputy Secretaries कीं, Under Secretaries की और Assistant Secretaries की हो गई हैं। फिर कई Directors हैं, कई Joint Directors हैं, कई Additional Directors हैं। अगर इनमें से कोई posts कम की होतीं तो मैं इन्हें बधाई देता। फिर चण्डीगढ़ के हस्पताल पर करोड़ रुपया खर्च कर दिया गया है जहां तीन सौ तो डाक्टर हैं और

[ श्री बलरामजी दास टंडन ]

मरीज़ सिर्फ सौ होते हैं । अगर इस जगह पर खर्च कम करके इसी रुपये से एक सौ dispensaries खोल दी होतीं तो मैं बधाई देता । जो पैन्शनें यह राजों और महाराजों को दे रहे हैं, अगर इन्होंने वह बन्द करके economy की होती तो मैं बधाई देता। अगर इन्होंने upper House को तोड़ कर बचत की होती तब तो मैं बधाई देता। इसी तरह से अगर इन्होंने Regional Committees को जिन का न कोई function है और न ही कोई उनकी powers, तोड़ा होता तो मैं बधाई देता । अगर इन्होंने बड़े बड़े अफसरान की जो तीन 2 हज़ार तनखाहें लेते हैं, तनखाहें कम करके बचत की होती तो मैं बधाई देता । मैं इन्हें कैसे बधाई दे सकता हूँ जबकि चीफ मिनिस्टर ने अपने लिए Advisory Committee बना रखी है और हज़ारों रुपये रक्षा दल पर खर्च कर रहे हैं। इसलिये मैं कहता हूँ कि इस resolution का जो तीसरा part है that should be deleted. मैंने इसके लिए एक amendment दी है जिसमें कहा है कि resolution के तीसरे भाग को खत्म किया जाए। इन्होंने जो यह चीज़ें करके और खर्चा बढ़ाने की कोशिश की है इन हालात को देखते हुए मैं कैसे बधाई दे सकता हूँ। इन अलफ़ाज़ के साथ मैं हाउस से दरखास्त करूँगा कि मेरी amendment को मंजूर किया जाए और जो मुनासिब और सही रोशनी पंजाब की जनता ने दी है उसको सही तरीका से देखा जाए और उस पर अमल किया जाए।

**श्री बाबूदयाल शर्मा** (पटौदी) : उपाध्यक्षा महोदया, यह resolution जो श्री चान्दी राम जी ने पेश किया है मैं इस की ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूँ। इसलिये मैं इस resolution पर बोलने से पहले एक कहावत सदन को सुनाता हूँ जो मुझे इस सिलसिले में याद आई है। कहते हैं—

नेकी बरबाद गुनाह लाज़म ।

इसी तरह किसी ने और कहा है —

दिमाग़ की हालत तो बिल्कुल पानी जैसी है जैसे बरतन में डालो वैसी ही शक्ल बन जाती है ।

यहां कुछ तकरीरें सुनने पर मुझे इस बात पर ताज्जुब होता है कि इस बात में भी कई भाइयों को एतराज़ है कि जो मिनिस्टरी बहुत बड़ी थी और उसको जो कम कर दिया गया है यह भी क्या अच्छा काम है । पब्लिक भी कहती है, मैम्बरान भी कहते हैं और

12-00 noon

48 मैम्बरान ने लिख कर भी दिया कि यह जो इतनी ब्रौड बेस्ड मिनिस्टरी है इसमें कमी की जाए। और जब चीफ मिनिस्टर साहिब ने कमी कर दी.....

**एक आवाज़** : कहां की है ?

**श्री बाबू दयाल शर्मा** : लो और लो। फरमाते हैं कि कमी ही नहीं की। कितने ताज्जुब की बात है । इन ही के कहने पर वज़ीर हटा दिये गए तो अब कहते हैं कि

क्यों ऐसा किया गया है। जो एक अच्छा काम किया गया है उसकी क्यों तारीफ न की जाए और क्यों उसके लिये मुबारकबाद न दी जाए। अगर कोई अच्छा काम करता है, चाहे वह कितना ही निकम्मा आदमी हो.......हंसी.......उस की भी तारीफ की जानी चाहिए, उसकी भी ताईद की जानी चाहिए। मगर इन लोगों को देख कर ताज्जुब होता है जो हकीकत से मुंह मोड़ते हैं। अंग्रेज़ की हकूमत का हमारे दिमागों पर यह असर हुआ है कि हम हर बात की चाहे वह अच्छी ही हो मुखालफत करने के आदी हो गए हैं। उस वक्त तो यह बातें ठीक थीं, इन की ज़रूरत थी। उसी फ़िज़ा ने हममें ऐसे आदमी पैदा किये जिन्हों ने महात्मा गांधी सरीखे इनसान जो कि हज़ारों वर्ष बाद यहां पर पैदा हुए और जिन्होंने कभी कीड़ी को भी तकलीफ नहीं दी, को गोली मार दी। (विघ्न)

**बाबू अजीत कुमार** : On a point of order, Madam. यह तो मुबारकबाद देने का रेजोल्यूशन है, इसमें इन्हें कहें कि महात्मा गांधी के नाम को न लाएं।

**उपाध्यक्षा** : It is no point of order, तो भी अच्छा हो अगर बड़े आदमियों के नाम को बहस में न लायें। (It is no point of order. Even then it would be better if the nemes of great men are kept out of the debate.)

**श्री बाबू दयाल शर्मा** : यह आपने ठीक फरमाया है। मगर यह और लैंग्वेज़ तो समझते ही नहीं (हंसी) इन दोस्तों में से कुछ तो वह हैं जो मुख्य मंत्री जी से प्यार जताते थे और उनको नेक बताते थे मगर आज वही यह कहते नहीं थकते कि पंजाब सरकार जुल्म कर रही है और यह चीफ मिनिस्टर तो खराबियों का मुजस्समा है। (विघ्न) इन्होंने एक यह टेकनीक ही बना ली है कि अगर कोई दूसरी तरफ से बात करने लगे तो शोर मचा दो, गलत प्वायंट उठा दो और बोलने ही न दो। वह जो रैज़ोल्यूशन आया है तो इसका मतलब तो यह है कि जो काम अच्छा किया गया है और इन तकरीरों के मुताबिक है उसकी तारीफ की जाए और चीफ मिनिस्टर को इस अच्छे काम के लिये मुबारकपेश की जाये। यही लोग जो आज इस रेज़ोल्यूशन की मुखालिफत कर रहे हैं उठ कर कहा करते थे कि इस ब्रौड बेस्ड मिनिस्टरी को कम किया जाए। अगर किसी दिन इनके हाथ में वज़ारत आ जाए........(विघ्न) मैं तो कहता हूँ कि आ जाए ताकि हम बता सकें कि आप किस तरह की बातें किया करते थे और खुद क्या कर रहे हैं। मगर वज़ारत इनके हाथ में आयेगी नहीं क्योंकि खुदा गंजे को नाखून नहीं दिया करता। (हंसी) एक साहिब ने कहा कि डिप्टी कमिश्नर साहिब ने ज़िला डिफैन्स कमेटी बनाते समय सबको कार्ड डाला। उसमें कहा कि आपोज़ीशन को तो पूछता ही नहीं, कमेटी बनाई तो नहीं पूछा, इतने बड़े महमान आए तो नहीं पूछा, लेकिन अगर पूछते हैं तो कहते हैं कि खुशामद करने के लिये पूछते हो। (विघ्न) इनकी बात मानी जाये तो कहते हैं कि क्यों मानी? (विघ्न) एक साहिब ने कहा कि छोड़ दो वज़ारत। एक बार

[श्री बाबू दयाल शर्मा]

मेरे पास कुछ साहिबान आए और छोड़ने का सबक देने लगे। मैंने उनसे कहा कि आपोज़ीशन पार्टी बिना त्याग और तपस्या के नहीं पनप सकती। Constructive काम किये बिना जनता साथ नहीं चलती धोखे में जनता नहीं आती। वह राय जो कायम करती है आपके कार्य देख कर करेगी, आपकी बातों और तकरीरों का कोई असर न होगा।

**सरदार लच्छमन सिंह गिल** : On a point of order, यह रेज़ोल्यूशन पर बोल रहे हैं या आपोज़ीशन को तालीम दे रहे हैं? (विघ्न)

**उपाध्यक्षा** : मुझे बड़े अफ़सोस से कहना पड़ता है कि स्पीच को interrupt करने के लिए प्वायंट आफ आर्डर नहीं किया जाना चाहिए। ( तालियां )
(I am sorry to point out that points of order are raised to interrupt others.) (*Cheers*)

**श्री बाबू दयाल शर्मा** : फिर एक भाई ने शिकायत की कि पटवारी हटा दिये, फलां मुलाज़म हटा दिये। एक तरफ तो फरमाया जाता है कि इन्स्पैक्टरों की फौज बना ली गई है, मुलाज़म बढ़ा लिये गए हैं। और जब उनमें कमी की जाती है तो फरमाते हैं कि यह कमी नहीं की जानी चाहिए थी। यह तो सरकार ज़ुल्म कर रही है। यह दलीलें तो मेरी समझ में नहीं आतीं। (विघ्न)

**एक आवाज़** : आपको समझ आयेगी ही नहीं। (हंसी)

**श्री बाबू दयाल शर्मा** : खैर समझ का ठेका तो आप ने ही ले रखा है। (हंसी) सिवाए दूसरों की खिल्ली उड़ाने के और शोर मचाने के भी कोई बात आती है।

रेज़ोल्यूशन में दूसरी बात है economy की, खर्च में बच्चत की, मैं कहता हूं कौन सा ऐसा measure बाकी रह गया जो पंजाब सरकार ने इकानोमी की तरफ नहीं लिया। Retrenchment यदि यह सरकार करती है तो मुसीबत है, तनखाहें कम करती है तो मुसीबत है, टैक्स लगाती है तो मुसीबत है। चीफ मिनिस्टर ने यह मिनिस्ट्री भी कम कर दी तो भी मेरे दोस्त उस कदम को appreciate नहीं कर सकते। मैं उन्हें यह कहना चाहता हूँ कि जो कदम अच्छा हो, उसे अच्छा कहना चाहिए।

**उपाध्यक्षा** : आप अपनी भी राय इस रैज़ोल्यूशन के बारे में कह दें कोई। (हंसी) (The hon. Member may express his own opinion also on this resolution.) (Laughter)

**श्री बाबू दयाल** : मैं अपनी बात भी कहता हूँ। जैसे यह भाई मुखालफत करते हैं चीफ मिनिस्टर साहिब की, वैसे मैं भी करता हूँ कि साहिब, यह जिस आदमी को अपनी छाती से लगाते हैं ऐसा लगता है कि यह छाती से चिपकाने से शायद ठीक हो जायेंगे लेकिन हक़ीक़त यह है कि वे होते नहीं हैं तो फिर उनके ऐमाल देख कर चीफ मिनिस्टर साहब को उन्हें धक्का देना पड़ता है। वह धक्का खाए हुए आदमी क्रोध में आते हैं। तो

हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि क्रोध में बुद्धि ठिकाने नहीं रहती । यही कारण है कि उन लोगों की आज बुद्धि ठिकाने नहीं रही (हंसी) और वह चीफ मिनिस्टर की नुकताचीनी करते हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूँ कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब के अन्दर वह बातें हैं जो हम में से एक के अन्दर भी नहीं हैं। मैं 15 साल से मिनिस्ट्रियां देखता आ रहा हूँ और मुझे पता है कि इतनी integration किसी भी मिनिस्ट्री में नहीं हुई जितनी कि आज दिखाई देती है। तो यह सराहना की बात है जिसे सब को मानना चाहिए। लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो वज़ीर भी रह चुके हैं और आज वह हमारे चीफ मिनिस्टर साहब की रहमदिली के कारण ऐसी बातें करते हैं, जो capitalism को बढ़ावा देती हैं, जाति-बिरादरी, फिर्कापरस्ती के ज़ज्बे को बढ़ावा देती हैं। तो यह भी खैर उनका कसूर नहीं है क्योंकि भगवान ने सबको एक जैसा तो पैदा नहीं किया है और न एक सा ही दिमाग दिया है लेकिन यहां पर जो जैसी training ले लेता है उसको वैसी ही बातें करनी आती हैं। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर महोदया, इनका यही टैकनीक है कि आप तो इल्ज़ाम लगाते रहें चीफ मिनिस्टर पर लेकिन दूसरों को जवाब देते वक्त बोलने न दिया जाए और तो और, डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपके काम को भी यह अपने हाथ में ले लेते हैं। (घंटी) मुझे डिप्टी स्पीकर साहबा, एक बात याद आ गई इनकी बातों को सुनकर। दो दोस्त थे। एक कुरख्त मिज़ाज का और दूसरा तहम्मल मिज़ाज का । तो वह पहले वाला दोस्त एक दिन अपने बच्चे को लिये जा रहा था तो दूसरे ने उस खूबसूरत बच्चे को देख कर पूछा कि भाई, क्या यह बच्चा आपका है ? तो वह बोले, "हां, यह मेरा नहीं तो क्या आप के बाप का है।" इसके बाद उसने उनसे फिर कहा कि अच्छा, अच्छा इसे अच्छी तरह पालना, लिखाना, पढ़ाना। तो वह कहने लगे कि अरे पालूंगा नहीं तो क्या इसे मार दूंगा (हंसी)। तो, जनाब, यह मेरे दोस्त भी जितनी बात करते हैं, उतनी उल्टी ही करते हैं। (विघ्न, आपोज़ीशन की तरफ से) आप चुपचाप सुनिए। मैं आपको बतलाना चाहता हूँ कि जब आपको परमात्मा ने दो कान दिये हैं और ज़बान एक ही दी है इसका मतलब है कि आप सुनें ज्यादा बोलें कम! (हंसी)

**उपाध्यक्षा** : आप बाबू दयाल जी कोई बात रैज़ोल्यूशन पर भी कहिए । (The hon. Member may say something on the resolution also.)

**श्री बाबू दयाल** : मैं इसी रैज़ोल्यूशन पर ही बोल रहा हूँ। यह जो टंडन साहब हैं और बाबू वचनसिंह हैं, यह बड़े अच्छे ढंग से स्पीच देते हैं इसके लिये मैं उन्हें मुबारिक-बाद देता हूँ लेकिन मुझे बड़ा अफसोस होता है कि हमारी energy इस तरह से वेस्ट हो रही है और यह इनकी स्पीचें अच्छी बातों के लिये नहीं हो रही हैं। एक साहब ने कहा, बड़ा भारी जुल्म हो गया यहां पर और चीफ मिनिस्टर साहब फलां फलां आदमी ऐसे आदमियों से मिलने रिवाड़ी गये। मैं कहता हूँ कि बड़े आदमी की यही निशानी होती है वह गुमराह और घुमंडी आदमियों को देश की भलाई के लिये समझाने के लिये गए।

[श्री बाबू दयाल शर्मा]

उनको समझाने जाना बुरा काम नहीं है। महात्मा गांधी मिस्टर जिन्ना को भी मिलने गये थे जब वह एक बार ज़िद पर डट गये और उनको समझाया कि सही रास्ते पर आना चाहिए । तो चीफ मिनिस्टर साहब भी गुस्से हो गए आदमी को मनाने जा सकते हैं इसके लिये तो वे मुबारिकबाद के मुस्तहिक हैं । बात तो मैंने पहले भी कह दी कि परमात्मा ने सब को दिल, दिमाग और ज़बान एक सी नहीं दी है लेकिन जो उल्टे आदमी हैं वह उल्टी ही बात करते हैं। (विघ्न) यह चीफ मिनिस्टर साहब ही हैं जो पंजाब को कंट्रोल कर रहे हैं। दुनियां में बहुत सी चीज़ें ऐसी हैं जो अपनी अपनी जगह पर होती हैं। और इस दुनिया में डैमोक्रेसी भी इसलिये बनाई जाती है कि हम सब को accommodate करें अपनी अपनी जगह के मुताबिक।

हमारे चीफ मिनिस्टर साहब में यह गुण है कि वह सही काम करते हैं । वह अपने गुणों के कारण ही 5–7 साल से लगातार मिनिस्ट्री चला रहे हैं। इनसे पहले कोई भी चीफ मिनिस्टर इतनी देर तक अपनी ministry नहीं चला सका, यह गुण हमारे चीफ मिनिस्टर की शोभा बढ़ाता है कि उन्होंने शराबबन्दी करने का दृढ़ निश्चय कर लिया है, हमारे चीफ मिनिस्टर साहब उस community में पैदा हुए हैं जहां पर शराब काफी पी जाती है। (interruption) और गांव गांव में निकलती है। परन्तु यह हमारे मुख्य मंत्री हैं जो इसको हाथ नहीं लगाते पीना तो अलग रहा। क्या यह उनका गुण नहीं है?

**सरदार लछमण सिंह गिल** : I rise on a point of order, Madam जनाब, इन्हों ने एक community के बारे में कहा है, इन्हें यह लफ्ज़ withdraw करने चाहिएं। (Noise. Interruptions)

**Deputy Speaker** : Order. No direct talk between the hon. Members, please.

**श्री बाबू दियाल** : जनाब डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर इन्हें एतराज़ है तो मैं यह लफ्ज़ वापिस लेता हूँ। (Interruptions)

**सरदार लछमण सिंह गिल** : जनाब डिप्टी स्पीकर साहिबा, hon. Member को पता होना चाहिये कि सरदार प्रताप सिंह कैरों तो सिंह साभियों का लड़का है। (Interruptions)

**श्री बाबू दियाल शर्मा** : जनाब डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह अर्ज़ कर रहा था— (Interruptions)

**सरदार करतार सिंह ढिल्लों** : On a point of order, Madam, इन्हें पता होना चाहिए कि सरदार प्रताप सिंह के पिता तो सिंह सभिए थे ।

**Deputy Speaker** : This is no point of Order, please.

**श्री बाबू दयाल शर्मा** : डिप्टी स्पीकर साहिबा, Opposition पर बैठे हुए कुछ सदस्य मुझे speech करने नहीं देते । वह खाहमुखाह interrupt करते हैं, (Interruptions)

**Deputy Speaker** : Order order, please.

**श्री बाबू दयाल शर्मा**: उपाध्यक्ष महोदया, मैं अर्ज़ कर रहा था कि democracy तब तक नहीं पनप सकती जब तक सच्चाई को न माना जाए । हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने जो देश के लिये पंजाब के नौजवान शहीद हुए उनकी families के लिये योग्य सहायता दी है और जो देश के लिये आइंदा शहीद होंगे उनके परिवारों को भी पूरी पूरी सहायता देंगे ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हर काम के दो पहलू हैं इसके भी दो पहलू हैं। एक dark और दूसरा bright है, एक अच्छा और दूसरा बुरा। दुनिया का basic principle यह है, जब से दुनिया पैदा हुई है और जिस दिन तक खत्म होगी, नेकी और बदी बराबर रहेंगे , इन्सान का फ़र्ज़ क्या है ? इन्सान का फ़र्ज़ यह है कि सच्चाई पर कायम रहे और सही बात को नज़र अन्दाज न करे, चीफ मिनिस्टर साहिब मिनिस्टरी को कम करने के लिये मुबारकबाद के मुस्तहिक हैं, मैं इसकी जोरदार शब्दों में ताईद करता हूँ।

**खान अब्दुल गफ्फार खां** (अम्बाला शहर) : सदरे मोहतरमा, जो resolution श्री चांदीराम वर्मा ने पेश किया है, मैं उसकी ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूँ, मैं हैरान था--मैं उन दोस्तों की तकरीर सुन रहा था जो Opposition के benches पर बैठे हुए हैं। (Interruptions) (Repeated interruptions) में यह देख रहा था कि उनकी तकरीरों में कहां तक relevancy और कहां तक irrelevancy है। (Interruptions) मैंने बहुत कुछ उनका सुना और बता देना चाहता हूँ और साथ ही मैं Opposition के मेम्बरों से निहायत अदब के साथ गुजारिश करना चाहता हूँ। कि यह सौदा उनके लिये महंगा पड़ेगा (Interruptions) मैं उनको challange देता हूँ कि वह इसके लिये तैयार हो जाएँ कि जो कुछ मैं कह रहा हूँ वे सुनते जाएं और जो वह कहेंगे उनको मैं सुनता जाऊंगा । जो तकरीरें Oppositions के मेम्बर कर रहे हैं उनको हम सुनते ही जाएं यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता (Interruptions).

**उपाध्यक्षा** : जब पुराने से पुराने और काबिल आदमी बोलने लगते हैं तो उनको गौर से सुना नहीं जाता, यह ठीक नहीं है । With folded hands, I would request the Honourable Members to keep the dignity of the House. (I find when old parliamentarions and experienced Members of the House begin to speak they are not heard with patience. This is not proper. With folded hands, I would request the hon. Members to maintain dignity of the House).

**खान अब्दुल गफ्फार खां** : जनाब, सदरे मोहतरमा आलिया, मैं लम्बी चौड़ी तकरीर नहीं करना चाहता हूँ, मैं चन्द बातें आपकी इजाज़त से अर्ज़ करना चाहता हूँ कि इस resolution में यह कहा गया है कि चीफ मिनिस्टर साहिब को मुबारकबाद पेश की

[खान अब्दुल गफ्फार खां]

जाए क्योंकि उन्होंने अपनी वज़ारत में कमी की है। दूसरी बात यह है कि public का, Oppositions के मैम्बरों का और दूसरे जिन जिन का शुक्रिया अदा करना हो, शुक्रिया अदा करें, कोई ऐसी बात नहीं है जो किसी की तबीयत पर नागवार गुज़रे। जिन लोगों को सदमा पहुंचा, जो लोग सदमा उठाने के आदी हो चुके हैं और सदमें वाली बातें कहते हैं अगर उन लोगों को सदमा पहुंचे, तो यह दूसरी बात है। यह तो वही बात है कि आ बैल मुझे मार। लेकिन इस resolution में कोई ऐसी बात नहीं है जिनके लिये लोगों को कोई एतराज़ हो सकता है, हां। उन लोगों को जो एतराज़ के लिये एतराज़ करना चाहते हैं, मैं उनके लिये अर्ज़ करना चाहता हूँ। कि उनको चाहिए कि वह जिनको चाहें मुबारकबाद दें। उनकी जो मर्जी हो वह कह सकते हैं। मैं बड़े ज़ोरदार अल्फाज़ के साथ यह कहूँगा कि जनाब उनको मुबारकबाद दी जाए उन लोगों को मुबारकबाद दी जाए और चीफ मिनिस्टर साहब को मुबारकबाद दी जाए, जिन्होंने ministry में कमी की। (Interruption)

जनाब सदरे मोहतरमा, Opposition के मैंबरों ने कहा कि जब बख्शी गुलाम मुहम्मद अमृतसर में तशरीफ लाए तो जलसा कांग्रेस की तरफ से हुआ और publicity पब्लिक रिलेशनज़ के डिपार्टमेंट वालों ने की। गोया सरकारी विभाग ने उन की इमदाद की। असल वाकियात यह है कि यह जलसा Public Relations Department की तरफ से था न कि कांग्रेस की तरफ से। क्योंकि वह बतौर Leader of the Jammu and Kashmir Government के आए थे। उनके लिये अगर कांग्रेस अपनी तरफ से publicity करती है तो यह बात मेरी समझ में नहीं आई कि इसमें कौन सी हर्ज़ वाली बात है। मेरे दोस्त महज़ एतराज़ करने की खातिर आंखें बंद करके बात कह देते हैं। वे यह जानने की कोशिश नहीं करते कि वे वहां पर क्यों आये थे और किस किस्म का वह जलसा था। Municipal Committee की तरफ से ऐड्रेस पेश करने के लिये वहां पर जलसा होता है। उसके लिये अगर Public Relations Department काम करता है और कांग्रेस ने ताईद कर दी तो बताइये कि कौनसा गुनाह हो गया (Interruptions) मेरे पुराने दोस्त चौधरी देवीलाल ने फरमाया कि क्या मुबारकबाद चीफ मिनिस्टर सरदार प्रतापसिंह जैसे मज़बूत आदमी को न दें तो अब्दुल गफ्फार खां जैसे कमज़ोर आदमी को दें। (Interruptions) ठीक है, बिल्कुल ठीक है। आज मैं यह कहे देता हूँ कि पंजाब की खुशकिस्मती है कि आपको democratic तरीके से गवर्नमेंट को चलाने के लिये सरदार प्रतापसिंह सा मज़बूत आदमी मिला हुआ है। उससे ज्यादा मज़बूत आदमी आज तक हमको नहीं मिला। (Thumping from the Treasury Benches) जिस आदमी को आप लोग ही अपनी प्राईवेट महफलों और मजलिसों में कहते रहे हैं कि इससे ज्यादा बेहतर administrator मिलना मुश्किल है मगर आज आप उसी पर एतराज़ क्यों कर रहे हैं? आज यहां पर कहा गया कि सरदार प्रतापसिंह ने Super-ministers बना दिये। मैं कहना चाहता हूँ कि यह लोग एतराज़ करते हैं कि साहिब Super-ministers बनाये हुए हैं, यह किया

था और वह किया था, उसकी बदकिस्मती है कि उसने जिस शख्स को अपनाया उसी ने एहसान फरामोशी की और उसके खिलाफ बोला। बड़े ताज्जुब की बात है कि बड़े तमतराक से कह देते हैं कि जनाब undivided पंजाब में पांच छः मिनिस्टर थे और आज इतने हो गए, 31/32 हो गए। (Interruptions by Baboo Bachan Singh) ज़रा सुनिए। बाबू जी आपके लिये मेरे दिल में बड़ी इज्ज़त है। मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि यह कहा गया है कि साहिब Joint Punjab में इतने मिनिस्टर थे और अब एक फौज हो गई है, बरात बना दी गई है। मैं कहता हूँ कि अरे मियां, बरात समझते हो तो खुश हो। (हंसी) बरात तो खुशी की निशानी है। बरात तो शादी की होती है, तुम्हें तो खुश होना चाहिए था, बरात खुशी की इलामत है। लेकिन आपने तो मालूम होता है कि सफे मातम बिछा दी। (Chees from the Treasury Benches) यहां पर ऐसे लोग भी मौजूद हैं जो कि Judges की कुर्सी पर मामूर थे। मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि undivided Punjab में कितने जज थे? और आज कितने हैं, आज १८ हैं। किसी ने कहा कि साहब हम resign करते हैं। यह तो हमारे Ministers की तारीफ है, इन Benches की तारीफ है कि इन्होंने खुदबखुद इस्तीफे दे दिये लेकिन जजों में से तो किसी ने नहीं कहा कि हम इस्तीफे देते हैं। ताज्जुब की बात है, हम कहते हैं कि हमें बख्शो। हम तंग आ गए हैं.... (Interruptions) मोहतरिमा, इनकी मिसाल ऐसी है। एक बड़ा नेक आदमी था, उसकी बीबी इन की तरह थी। उसकी बीवी निहायत लड़ाकी थी, गालियां देती थी, पड़ौसियों को गालियां देती थी, पड़ौसियों के बच्चों को मारती थी। रोज़ उसकी शिकायत उस भले आदमी के पास पहुंचती थी, वह उसे रोज़ समझाता लेकिन वह बहुत ज़बान दराज़ थी। वह उसके भी पीछे पड़ जाती थी। मोहल्ले के लोग शिकायत करते कि तेरी बीवी ने यों किया, तेरी बीवी ने यों किया। वह बेचारा बहुत तंग आ गया। आखिर एक दिन उसकी बीवी कहने लगी कि तू बड़ा मक्कार है अपने आपको बड़ा नेक बताता है, जिस तरह से आज इन Benches वालों को कहा जाता है, आज मैंने एक आदमी देखा वह आसमान में उड़ रहा था। खुदा को पहुंचे हुए आदमी ऐसे होते हैं। जब उसने यह बात सुनी तो वह खुश हुआ कि अब यह समझेगी। वह नेक आदमी था, उसने तपस्या की थी खुदावंदताला की इबादत की थी और पहुंचा हुआ था। तपस्या के ज़रिये वह भी हवा में उड़ने लगा और अपने घर के खूब चक्कर लगाये। उसकी बीवी ने भी उसे देख लिया। थोड़ी देर फिरने के बाद वह आ गया। उसकी बीवी कहने लगी कि पहले तो एक आदमी उड़ता था अब दो उड़ने लगे हैं। तू बहुत नालायक और मक्कार है। धोकेबाज है जैसे आज कहा गया। नेक आदमी तो उन जैसे होते हैं जोकि आसमान में उड़ रहे थे। उसने कहा कि निशाना बैठ गया और कहने लगा कि भाग्यवान दूसरा आदमी तो मैं ही था। तो उसकी बीवी बोली कि अच्छा तो तू तभी टेढ़ा टेढ़ा उड़ रहा था। हमारी पोज़ीशन भी उसी आदमी की तरह है। (विघ्न) न ताबे वस्ल दारम न ताकते जुदाई। (Interruptions) तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि मेरे दोस्त जो सामने बैठे हैं उस भले आदमी की बीवी की तरह हैं।

[खान अब्दुल गफ्फार खां]

मैं अर्ज़ करूँ कि इस तरह की irrelevant बातें करना और मौका हो या न हो चीफ मिनिस्टर की शख्सियत को बीच में ले आना मेरे दोस्तों को जेबा नहीं देता। इस रेज़ोल्यूशन के अन्दर कहीं पर भी किसी कारखाने का जिक्र नहीं, सिनेमा का ज़िक्र नहीं। इसमें तो महज़ यह लिखा हुआ है कि सूबे के चीफ मिनिस्टर ने जो नेक काम किया है, उसके लिये यह एवान उनको मुबारिकबाद देता है। इन दोस्तों ने बजाय उनको मुबारिकबाद देने के यह मुतालबा किया है कि आपोज़ीशन को मुबारिकबाद दी जाए। क्यों ? वह कहते हैं कि उन्होंने ही ऐसा माहौल पैदा किया कि जिसमें चीफ मिनिस्टर साहिब को मिनिस्टरी में कटौती करनी पड़ी। फिर कहते हैं कि मुबारिकबाद दो जनता को और आखिर में फरमाया कि मुबारिकबाद तो उन 47 कांग्रेस पार्टी के मैम्बरान को जिन्होंने लिख कर दिया कि आप मिनिस्टरी को कम करो। ठीक है। नायब सदरे मोहतरिमा, अब आप ही अन्दाज़ा लगाएं और फैसला करें कि जो शख्स पब्लिक की आवाज़ के मुताबिक काम करता है, जो शख्स आपोज़ीशन के मुतालबात को भी मान लेता है क्या वह नेक आदमी नहीं, क्या उसकी तारीफ करना कोई बुरी बात है ? (Voices of Hear, Hear from the Treasury Benches) मुझे फख्र है कि पंजाब का चीफ मिनिस्टर पब्लिक की आवाज़ पर कान धरता है। मुझे इस बात का फख्र है कि अगर आपोज़ीशन भूले भटके ऐसी कोई बात कह दे जो मुनासिब हो तो चीफ मिनिस्टर उस पर भी अमलदरामद करने को तैयार हो जाता है। (Thumping by the Members of Treasury Benches) कहा गया कि चीफ मिनिस्टर ने अपनी पार्टी के 47 मेम्बरों के कहने पर ही वज़ारत को कम किया। ज़रा सोचिए कि वह किस पार्टी के मैंबर थे। वह 47 मैम्बर उसी पार्टी के हैं जिस पार्टी का चीफ मिनिस्टर है, लीडर है। मैं तो यह कहता हूँ कि हमारी पार्टी के अन्दर आपोज़ीशन के दोस्तों की तरह नहीं कि

मन चेह मे सरायम व तंबूराए मन चेह में सरायद ।

यानी मैं क्या गा रहा हूँ और मेरा तम्बूरा क्या बोल रहा है। ये दोस्त एक तरफ से कुछ कहते हैं दूसरी तरफ से कुछ कहते हैं। हमारी पार्टी एक है, इसका हर फैसला एक होता है, और चीफ मिनिस्टर हमारे लीडर हैं। हमने खुद उनको लीडर चुना हुआ है और आपको मालूम होना चाहिए कि जब तक हमारे जिस्म के अन्दर खून का आखिरी कतरा भी बाकी है हम उनका साथ देंगे। हम आपको (आपोजीशन की तरफ इशारा करते हुए) इस तरह से बातें नहीं करने देंगे। आपको पूरी तरह से समझ लेना चाहिए कि अगर आपको expose किया जाए या आपकी करतूतों को बयान किया जाये तो फिर आपको गिला होता है।

मैं मानता हूँ कि हममें खामियां हैं। आज तक दुनिया के अन्दर कोई शख्स ऐसा नहीं हुआ जिसमें खामियां न रही हों। जिस दिन इन्सानियत की तकमील हो जायेगी उसी दिन दुनिया खत्म हो जायगी, फना हो जाएगी। इसकी मौत हो जायेगी। तकमील के बाद हमेशा मौत होती है। फना होती है। इसलिये मैंने अर्ज़ की कि हममें तो खामियां हैं। अगर तुम्हारे में खामियां नहीं हैं तो यह समझ लो कि तुम्हारी फना आ गई है, मौत आ गई है (Thumping by the Members of Treasury Benches) हममें

खामियां हैं, हम अपनी खामियों पर निगाह डालते हैं और कोशिश करते हैं कि उन खामियों को दूर किया जाए । हममें भलाई भी है, हममें बुराई भी है। हमसे गलतियां भी होती हैं। आखिर हम फरिश्ते नहीं हैं, खुदा नहीं हैं। नायब सदरे मोहतरिमा, आपकी विसातत से मैं अपने आपोज़ीशन के दोस्तों को बताना चाहता हूँ कि सिर्फ तीन हस्तियां ग़लती नहीं करती हैं। एक तो खुदावन्द ताला जिसे आप वाहगुरु कहें, ईश्वर कहें, परमात्मा या जो भी कहें । दूसरे फरिश्ता ग़लती नहीं करता और तीसरा है कम्बख्त शैतान । उससे भी कोई गलती नहीं होती (Voices of Hear, Hear from Treasury Benches) जनाब, खुदा गलती नहीं करता, मेरे अकीदे के मुताबिक, फरिश्ता ग़लती नहीं करता क्योंकि उसे ग़लती करने का मादा बदीयत खुदावन्दताला ने नहीं दिया और जैसा कि मैंने अभी अभी कहा तीसरी हस्ती है कम्बख्त शैतान जो कि भूलकर भी गलती नहीं करता।

**सरदार कुलबीर सिंह** : चीफ मिनिस्टर भी गलती नहीं करता ।

**खान अब्दुल गफ्फार खां** : अरे साहिब, सुनिये तो । घबरा क्यों गए ..........

**A Voice** : Show boy !

**खान अब्दुल गफ्फार खां** : और जो शैतान है वह लोगों को कभी नेक रास्ते पर, अच्छे रास्ते पर नहीं चलने देता । उनको हमेशा उल्टा रास्ता दिखाता है। जहां तक हमारा ताल्लुक है न तो हम खुदा हैं, न ही फरिश्ते हैं । ग़लतियां भी हम करते हैं, हमसे भूलें भी होती हैं, उनको सुधारने की कोशिश भी करते हैं। लेकिन इसके बरअक्स जो गलती कर ही नहीं सकते, जो यह कहते हैं कि उनसे गलतियां होती ही नहीं वह खुद अन्दाज़ा लगा लें कि वह क्या हैं, कौन हैं। I leave it to your common-sense to judge. जो भाई यहां पर उठकर जोशीली बातें करते हैं उनकी खिदमत में मैं अर्ज़ करूंगा कि इस तरह से आप हाउस की इज्ज़त और शान में अज़ाफ़ा नहीं करते । अगर हाउस की इज्ज़त और शान को आप ऊंचा करना चाहते हैं तो मैं आप से गुज़ारिश करूँगा कि इस रैज़ोल्यूशन को मुतफिका राए से पास करें।

**ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ** : (ਰਾਏਕੋਟ) ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੇਰਾ ਇਰਾਦਾ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕਿ ਮੈਂ ਅਜ ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲੀਊਸ਼ਨ ਤੇ ਬੋਲਾਂ, ਪਰ ਆਪਣੇ ਇਕ ਬਜ਼ੁਰਗ ਲੈਜਿਸਲੇਟਰ ਦੀ ਤਕਰੀਰ ਸੁਣਕੇ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਦਰਖਾਸਤ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਾਲੇ ਮੇਰੀ ਤਕਰੀਰ ਸੁਣਨ ਔਰ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਮੈਂ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੂੰ credit ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬੜੇ ਆਰਾਮ ਨਾਲ ਸਾਰੀ ਤਕਰੀਰ ਸੁਣੀ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਮੇਰੇ ਇਸ ਬਜ਼ੁਰਗ ਨੇ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਲਈ ਸ਼ੈਤਾਨ ਤਕ ਦੇ ਲਫਜ਼ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤੇ । ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਯਕੀਨ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਲ ਭਾਵੇਂ ਕੋਈ ਵੀ ਆਦਮੀ ਬੈਠਾ ਹੈ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਰਗਾ ਜ਼ਮੀਰ ਫਰੋਸ਼ ਨਹੀਂ । (ਤਾੜੀਆਂ) ਸਾਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੀ ਜ਼ਮੀਰ ਖਰੀਦੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਇਸ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਮੈਂ ਲਫਜ਼ ਇਸਤੇਮਾਲ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ । ਖਾਂ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਆਪਣੀ ਤਕਰੀਰ ਵਿਚ ਇਤਨੇ ਬਜ਼ੁਰਗ ਹੁੰਦੇ ਹੋਏ, ਇਤਨਾ

**ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ**

ਚੇਹਰਾ ਮੋਹਰਾ ਰਖਦੇ ਹੋਏ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਲਫਜ਼ ਕਹੇ ਹਨ ਕਿ ਮੈਂ ਅਫਸੋਸ ਤੋਂ ਬਗ਼ੈਰ ਹੋਰ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ । ਉਹ ਆਪਣੇ ਆਪ ਹੀ ਖਤਮ ਹੋ ਚੁਕੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਇਜ਼ਤ ਨਹੀਂ । ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲੀਊਸ਼ਨ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਹੋ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਨਾ ਹੀ ਆਉਂਦਾ ਤਾਂ ਚੰਗਾ ਸੀ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਇਕ ਆਮ ਕਹਾਵਤ ਹੈ ਕਿ ਨਾਦਾਨ ਦੋਸਤ ਤੋਂ ਦਾਨਾ ਦੁਸ਼ਮਨ ਚੰਗਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਪਰ ਅੱਜ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਦੇ ਨਾਦਾਨ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੂੰ ਮੌਕਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਵੀ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਕਾਰਨਾਮੇ ਹੁਣ ਤੱਕ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਰੋਸ਼ਨੀ ਪਾਈ ਜਾਵੇ । ਮੈਂ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਹੋਰ ਤਵਾਲਤ ਨਹੀਂ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਜੇ ਉਹ ਸਮਝਦਾਰ ਹੋਣਗੇ ਤਾਂ ਉਹ ਅਗੇ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੋਸਤਾਂ ਤੋਂ ਮਹੁਤਾਤ ਰਹਿਣਗੇ ।

ਇਹ ਰੈਜ਼ੋਲੀਊਸ਼ਨ ਇਕ ਬੜਾ ਅਹਿਮ ਰੈਜ਼ੋਲੀਊਸ਼ਨ ਹੈ । ਹੁਣ ਵੇਖਣ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਆਇਆ ਇਹ ਪਾਸ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ । ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਟੰਡਨ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ, ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲੀਊਸ਼ਨ ਦੇ ਤਿੰਨ ਹਿੱਸੇ ਹਨ । ਪਹਿਲਾ ਹਿੱਸਾ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਲਈ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬਗ਼ੈਰ ਕਿਸੇ ਹੀਲੋਹੁਜਤ ਦੇ ਦਲੇਰਾਨਾ ਤੌਰ ਤੇ ਆਪਣੀ ਮਨਿਸਟਰੀ ਘਟਾ ਦਿੱਤੀ । ਜੇ ਇਹ ਦਰੁਸਤ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲੀਊਸ਼ਨ ਨਾਲ ਮੁਤਫਿਕ ਹਾਂ । ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਂ ਵਾਕਈ ਉਹ ਮੁਸਤਹਿਕ ਹਨ । ਪਰ ਆਇਆ ਇਹ ਗੱਲ voluntarily ਹੋਈ ਵੀ ? 20 ਅਕਤੂਬਰ ਨੂੰ ਚੀਨ ਨੇ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾ, ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਪਾਰਟੀ ਦੀ ਮੀਟਿੰਗ ਹੋਈ, 23 ਤਾਰੀਖ ਨੂੰ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਗਵਰਮੈਂਟ ਨੂੰ unconditionally ਤੁਆਵਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੇ ਇਹ ਵੀ ਦਰਖਾਸਤ ਕੀਤੀ ਕਿ ਖਰਚਾ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਇਹ 34 ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਦੀ ਫੌਜ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ details ਦੇ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ । ਲੇਕਿਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੰਨ ਤੇ ਜੂੰ ਤਕ ਨਹੀਂ ਰਿੰਗੀ ਔਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਪਰਵਾਹ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ । ਫੇਰ ਇਕ ਪੰਜੌਰ ਮੀਟਿੰਗ ਹੋਈ ਜਿਥੇ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਹੁਣ ਆਪਾਂ ਸਭ ਇਕੱਠੇ ਹੋ ਗਏ ਹਾਂ ਔਰ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੇ ਮੁਖਾਲਫਤ ਕਰਨੀ ਛਡ ਦਿੱਤੀ ਹੈ, ਅਸੀਂ ਤੁਹਾਡੀ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਦਦ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਇਸ ਕਰਕੇ ਤੁਸੀਂ ਵਜ਼ਾਰਤ ਘਟਾ ਦਿਉ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜਵਾਬ ਦਿੱਤਾ ਕਿ ਛੱਡੋ ਏਸ ਸਵਾਲ ਨੂੰ ਕੋਈ ਹੋਰ ਗੱਲ ਕਰੋ । ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਦੂਸਰੇ ਦਿਨ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਵਿਚ ਪਬਲਿਕ ਜਲਸਾ ਹੋਇਆ ਜਿੱਥੇ ਸਾਡੇ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਵੀ ਮੌਜੂਦ ਸਨ । ਇਸ ਜਲਸੇ ਦੇ ਵਿਚ ਸਾਰੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਮੌਜੂਦ ਸਨ । ਮੈਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਮੁਬਾਰਿਕਬਾਦ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸਾਰੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਨੂੰ ਇਕਠਾ ਕਰਨ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਹਿੱਸਾ ਲਿਆ ਸੀ । ਉਸ ਜਲਸੇ ਦੇ ਵਿਚ ਸਰਦਾਰ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼ ਹੋਰੀਂ ਵੀ ਥੋੜੀ ਜਿਹੀ ਗਲ ਕਹਿ ਬੈਠੇ । ਉਸ ਦੀ ਗਲ ਸੁਣਦਿਆਂ ਹੀ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਉਸ ਦੇ ਗਲ੍ਹ ਪੈ ਗਏ । ਚੱਲੋ ਇਸ ਪਬਲਿਕ ਮੀਟਿੰਗ ਦੇ ਵਿਚ ਵੀ ਹੋਈ ਗਲ ਨੂੰ ਛੱਡ ਦਿਉ । ਏਥੇ ਨਵੰਬਰ ਦੇ ਵਿਚ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਸਾਡਾ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦਾ ਸੈਸ਼ਨ ਹੋਇਆ । ਏਥੇ ਉਦੋਂ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ ਸਵਾਲ ਉਠਾਇਆ ਗਿਆ ਕਿ ਹੁਣ ਅਸੀਂ ਸਾਰੇ ਪਾਰਟੀਆਂ ਦੇ ਬੰਦੇ ਇਕੱਠੇ ਹੋ ਗਏ ਹਾਂ ਕਿਉਂਕਿ ਐਮਰਜੰਸੀ ਆ ਗਈ ਹੈ ਇਸ ਕਰਕੇ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਇਹ ਫਰਜ਼ ਬਣਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਮਨਿਸਟਰੀ ਨੂੰ ਘਟਾ ਦੇਵੇ ਬਲਕਿ ਮਨਿਸਟਰਾਂ ਦਾ ਹੀ ਇਹ ਫਰਜ਼ ਬਣਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਖ਼ੁਦ resign ਕਰ

ਦੇਣ । ਮੈਂ ਉਸ ਵੇਲੇ ਇਹ ਸਵਾਲ ਕੀਤਾ ਕਿ ਕੋਈ ਐਸਾ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਏਥੇ ਇਹ voluntarily ਆਖੇ ਕਿ ਮੈਂ ਵਜ਼ਾਰਤ ਤੋਂ ਹਟਦਾ ਹਾਂ । ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਹ ਗੱਲ ਸੁਣਕੇ ਸੋਗ ਪੈ ਗਿਆ ਔਰ ਕੋਈ ਬੋਲਿਆ ਤਕ ਨਹੀਂ । ਕਿਸੇ ਨੇ ਇਸ਼ਾਰਾ ਤਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਕਿ ਮੈਂ ਤਿਆਰ ਹਾਂ । ਫੇਰ ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਏਥੇ Calling Attention Motion ਵੀ ਆਈ ਔਰ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਦਸੋ ਤੁਸੀਂ ਹਟਣਾ ਹੈ ਕਿ ਨਹੀਂ । ਉਦੋਂ ਵਜ਼ਾਰਤ ਨੂੰ ਘਟਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਕਿਸੇ ਨੇ ਕਦਮ ਨਹੀਂ ਉਠਾਇਆ । ਜਨਤਾ ਨੇ ਰੈਜ਼ੋਲੀਊਸ਼ਨ ਪਾਸ ਕੀਤੇ ਔਰ ਵਜ਼ਾਰਤ ਨੂੰ ਘਟ ਕਰਨ ਬਾਰੇ ਬੜੀ ਆਵਾਜ਼ ਉਠਾਈ ਗਈ ਉਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੁਣ ਅਸੀਂ ਮੁਬਾਰਿਕਬਾਦ ਦੇਣੀ ਹੈ, ਪਬਲਿਕ ਸਪੀਚਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਦਿੱਤਾ ਕਿ ਮੈਂ ਵਜ਼ਾਰਤ ਹਰਗਿਜ਼ ਘਟ ਕਰਨ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਹਾਂ । ਡਾਕਟਰ ਗੋਪੀ ਚੰਦ ਭਾਰਗਵ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਏਥੇ ਇਹ ਆਖਿਆ ਕਿ ਐਮਰਜੰਸੀ ਦੇ ਕੋਈ ਮਾਅਨੇ ਨਹੀਂ ਕਿਉਂਕਿ ਕੰਮ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਵਜ਼ੀਰ ਇਤਨੇ ਰਹਿਣੇ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹਨ । ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਏਥੇ ਹੀ ਬਸ ਨਹੀਂ । ਅਖਬਾਰਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਨਿਕਲਿਆ ਕਿ ਵਜ਼ਾਰਤ ਕਮ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਮਗਰ ਸਾਡੇ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਉਸ ਖਬਰ ਨੂੰ contradict ਕੀਤਾ । 20 ਅਕਤੂਬਰ ਨੂੰ ਐਮਰਜੰਸੀ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਈ ਲੇਕਿਨ ਵਜ਼ਾਰਤ ਇਹ ਘਟਾਉਂਦੇ ਹਨ ਪਹਿਲੀ ਜਨਵਰੀ ਨੂੰ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਹਿਲੀ ਜਨਵਰੀ ਤਕ ਐਮਰਜੰਸੀ ਕਾਗ਼ਜ਼ਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਭਾਵੇਂ ਰਹੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਵੈਸੇ ਤਕਰੀਬਨ ਖਤਮ ਹੋ ਚੁਕੀ ਸੀ । ਮਗਰ ਗੱਲ ਅਸਲ ਵਿਚ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲੀ ਜਨਵਰੀ ਤਕ ਸਾਡੇ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਤਾਕਤ ਹਾਸਲ ਕਰ ਚੁਕੇ ਸੀ ਔਰ ਉਹ ਇਹ ਸਮਝਦੇ ਸੀ ਕਿ ਹੁਣ ਮੇਰੀ ਤਾਕਤ ਬੜ੍ਹ ਚੁਕੀ ਹੈ ਔਰ ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਨੂੰ ਪਰੇ ਸੁਟ ਸਕਦਾ ਹਾਂ । ਇਹ ਤਾਂ ਆਪਣੀ ਤਾਕਤ ਨੂੰ ਬਰਕਰਾਰ ਰਖਣ ਲਈ ਸਭ ਕੁਝ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਕ ਹੋਰ ਬਹੁਤ ਸ਼ਰਮਨਾਕ ਵਾਕਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਮੈਂ ਏਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ ਬਿਆਨ ਕੀਤੇ ਬਿਨਾ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦਾ । ਸਾਡੇ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਲਾਲਚ ਦੇ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਜਿਹੜੇ ਕਾਂਗਰਸ ਦੇ ਖੜੇ ਕੀਤੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਹਰਾ ਕੇ ਏਥੇ ਆਏ ਸਨ ਏਧਰੋਂ ਆਪਣੇ ਵੱਲ ਖਿਚ ਲਿਆ । ਕੀ ਇਹ ਉਸ ਇਲੈਕਟੋਰੇਟ ਦੇ ਨਾਲ ਧੋਖਾ ਨਹੀਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਾਂਗਰਸ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਨੂੰ ਰੀਜੈਕਟ ਕੀਤਾ ? ਕੀ ਇਹ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ? (ਵਿਘਨ) ਇਹ political bribery ਅਤੇ political dishonesty ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਾਂਗਰਸ ਨੂੰ ਸ਼ਿਕਸ਼ਤ ਦਿੱਤੀ ਆਪਣੀ ਤਰਫ ਲਾਲਚ ਦੇ ਕੇ ਲੈ ਗਏ ਹਨ । ਇਹ ਕੋਈ ਚੰਗੀ ਮਿਸਾਲ ਨਹੀਂ ਹੈ ।

**ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਤੇ ਭਲਾਈ ਮੰਤਰੀ**: ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਜੀ, ਇਹ ਗੱਲ ਗਲਤ ਹੈ ।

**ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ**: ਮਾਸਟਰ ਜੀ, ਤੁਹਾਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆ ਸਕਦੀ । ਇਸ ਵਿਚ ਤੁਹਾਡਾ ਕਸੂਰ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮਨਿਸਟਰ ਇਸ ਕਰਕੇ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹਟਾਏ ਗਏ ਕਿ ਐਮਰਜੰਸੀ ਹੈ ਬਲਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਜ਼ਾਰਤ ਇਸ ਕਰਕੇ ਘਟਾਉਣੀ ਪਈ ਕਿਉਂਕਿ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਲਈ ਜਨਤਾ ਨੂੰ face ਕਰਨਾ ਔਖਾ ਹੋ ਗਿਆ ਸੀ । ਜਦੋਂ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਧਰੋਂ ਕੁਝ ਮੈਂਬਰ corruption ਦੇ ਨਾਲ ਲੈ ਜਾਕੇ ਆਪਣੀ ਤਾਕਤ ਵਧਾ ਲਈ ਤਾਂ ਉਸ ਵੇਲੇ ਇਹ ਕਦਮ ਚੁਕਿਆ ਗਿਆ । ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਜਦੋਂ 20 ਅਕਤੂਬਰ ਨੂੰ ਐਮਰਜੰਸੀ

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ

